Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

प्रकाशक—
निहालचन्द वर्म्मा।
हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय।
१६५।१, हरिसन रोड, कलकत्ता।

मूल्य ३॥) साढ़े तीन रुपया

द्वितीय बार १००० । मार्च १६४०

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

# दो शब्द

आज दिन दो तानाशाहोंकी वजहसे दुनियांमें एक तूफान-सा बर्पा हो रहा है, जिनकी अनोखी नीतिके कारण दुनियांके मजदूर और किसानोंकी स्थिति भयानक खतरेमें पड़ी हुई है, उनमें से एक हैं—हर् हिटलर !

इन्होंने जहां जर्मनीकी नाशकारी गुटबन्दियोंको हटाया, सन्धि-शर्त-शृङ्खलाओंको चूरमार किया, जर्मन-शत्रुओंके साम्राज्यवादी मनसूबोंको मटियामेट किया, वहां जर्मनीमें मजदूर-किसान-हित-नाशिनी तानाशाहीकी स्थापना कर, जर्मन राष्ट्रको गुमराह किया और दुनियांके विकाश-पथमें महान बाधा उपस्थित कर दी। आज उनके साथी हैं—बर्बरोचित कार्य्य करनेवाले, दुनियांकी स्थितिको गड़हेमें गिरानेवाले जापान, इटली आदि साम्राज्यलोलुप फैसिस्टवादी राष्ट्र

प्रस्तुत पुस्तक हर हिटलरकी आत्मकथा है, इसे उन्होंने आजादीके दीवानोंकी पुण्यभूमि—जेल—में लिखा है। हर हिटलरके अधि-नायकत्वमें जर्मनीके नाजी दलने जो सफल क्रान्ति की है, यह उसीका ज्वलन्त इतिहास है। जर्मनीकी वर्त्तमान क्रान्ति अभी अपूर्ण है; यह दुनियांकी जन-गण-हित बाधक है। अभी जर्मनीको बहुत कुछ करना है, मालूम नहीं कि वह हर हिटलरके रहते ही होगा या उनके बाद ?—इसका उत्तर तो भविष्यका इतिहास ही देगा।

इस पुस्तककी लेखन-शैली, विचार प्रगट करनेका ढंग, इसके अनोखे तर्क प्रत्येक मनुष्यके लिये मननकी रुचिकर सामग्री है। विषयका प्रतिपादन भी विचित्रताका द्योतक है। राजनीतिक क्षेत्रमें यह पुस्तक बड़े चावके साथ पढ़ी गई, जिसका सुबूत है इसका अल्पकालमें प्रसिद्धि प्राप्त करना और लाखों प्रतियोंका बिकना।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



निस्सन्देह, इस पुस्तकने अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की है, हर हिटलरके तानाशाही-विचारोंके कारण नहीं, जर्मनीकी भविष्यत् क्रांतिके लिये इसमें बहुत कुछ मसाला है। भविष्यत्-क्रांतिकारियोंको इस पुस्तकसे बहुत कुछ मदद मिलेगी। वह शुभ दिन जल्द आयेगा, जब दुनियांको यह शुभ सम्वाद सुनाई पड़ेगा कि जर्मनी तानाशाही का परित्याग कर साम्यवादकी ओर बड़े ज़ोरोंसे बढ़ रहा है।

चन्द शब्द इसके अनुवादके बारेमें कह देने जरूरी हैं। अनुवादकने चेष्टा की है कि अनुवाद मूलके सादृश्य ही रहे और इसमें उसे सफलता भी मिली है। कहीं कहीं तो अनुवाद मूलसे भी अच्छा हुआ है। इस पुस्तककी हिन्दी भाषामें बड़ी आवश्यकता थी, इसका अनुवाद कर अनुवादकने एक बड़े अभावकी पूर्ति की है। हिन्दुस्थान राजनैतिक, सामाजिक तथा आर्थिक क्रांतिके लिये जी-जानसे प्रयत्न कर रहा है, उसके नौजवानोंको इसे अवश्य पढ़ना चाहिये। यह पुस्तक निराशाके निविड़ अन्धकारमें मसालका काम करेगी।

हिन्दीमें राजनीतिक पुस्तकोंका नितान्त अभाव है, अनुवादककी इच्छा है कि वह हिन्दीमें महत्वपूर्ण राजनीतिक साहित्यका निर्माण कर, राष्ट्र-भाषा-भण्डारकी श्री-वृद्धि करे। अनुवादककी इस महत्वाकांक्षाका हम हृदयसे स्वागत करते हुए, हिन्दी-पाठकोंसे अनुरोध करते हैं कि वे इस पुस्तकको अपनायें।

स्वाधीनता दिवस
२६ जनवरी १९३८ } (हस्ताक्षर) दयाराम बेरी।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

मेरा जीवन-संग्राम—

पुस्तकके अनुवादक—



तरुण साम्यवादी, श्री कृष्णचन्द्र बेरी

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

# लेखककी भूमिका

"नेशनल सोशलिष्ट जर्मन वर्कर्स पार्टी"ने अपने नन्हेंसे जीवनके चौथे सालमें पदार्पण किया था। मगर इसी वक्त ६ नवम्बर सन् १९२३ ई०को यह गवर्मेन्टके द्वारा खत्म कर दी गई और आइन्दाके लिए इसपर कानूनी प्रतिबन्ध लगा दिया गया। इतना ही नहीं, इसीके साथ ही साथ सन् १९२४ ई० में म्यूनिकके राष्ट्रीय न्यायालय के द्वारा मुझे "लैण्ड्सबर्ग अम लीच"के किलेकी चहारदीवारीके अन्दर सजा भोगनी पड़ी।

कई सालोंकी लगातार मिहनत और मशक्कतके बाद आज मुझे यह मौका मिला है कि मैं गत बातोंकी आलोचना करूं क्योंकि मेरे इस कामको सभी पसन्द करते हैं और अपने आन्दोलनके लिये मैं भी इसे फायदेमन्द समझता हूं। इसके अलावा अपने आन्दोलनके उद्देश्योंको समझानेके लिये और उसके विकाशके इतिहासकी एक झलक देनेके लिये मैंने पुस्तक लिखना शुरू किया है। कोरे सिद्धान्त की पुस्तकोंकी अपेक्षा इसमें जानकारीका काफी मसाला मिलेगा और पुस्तकके सहायकके रूपमें कुछ अंशोंमें मेरी रामकहानी भी मिलेगी। बदतमीज यहूदी अखबारोंने मेरे मुतअल्लिक जो गलत फहमियां फैलाई हैं उनका भी इसमें समाधान किया गया है।

इस पुस्तकमें मैं उन लोगोंको हरगिज़ नहीं मुतवज्जह करना चाहता जो मेरे आन्दोलनसे खिंचे हैं बल्कि महज उनलोगोंको जो

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



इसके हिमायती और मददगार हैं, और कुछ जाननेकी दिलीख्वाहिश रखते हैं।

मैं खूब समझता हूं कि दुनियांमें आजतक जितने महान कार्य हुए हैं, वे लेखकोंके द्वारा हरगिज़ नहीं हुए हैं किन्तु महान वक्ताओंके द्वारा और यह ध्रुव सत्य है कि वक्तृता-शक्ति लेखन शक्तिसे कहीं बढ़ कर है।

यद्यपि मेरी यह पुस्तक कोरी सिद्धान्तकी पुस्तक नहीं है जैसा कि मैं ऊपर कह चुका हूं किन्तु, फिर भी किसी भी सिद्धान्तकी पुष्टिमें तारतम्य स्थापित करनेके लिये कुछ खास नियमोंका रखना जरूरी है।

हमारा विशाल जर्मन राष्ट्र आज गौरवमय है, हमारा दल पहले की अपेक्षा कहीं अधिक शक्तिशाली एवं सुदृढ़ है। हम सभी मिल कर अपने राष्ट्रका निर्माण कर रहे हैं। ईश्वर करे सहकर्मियोंके सहयोग-दानमें मेरी यह पुस्तक प्रकाश-स्तम्भका काम करे।



( एडल्फ हिटलर )

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

# सूचीपत्र

## प्रथम खण्ड ।


| अध्याय | पृष्ठ |
|---|---|
| १—मेरा घर ... ... ... | ६ |
| २—वियेनामें मेरा अध्ययन और संघर्ष ... | १५ |
| ३—तत्कालीन वियेनामें विचारधारा ... | ३८ |
| ४—म्यूनिक ... ... ... | ७१ |
| ५—विश्वव्यापी महायुद्ध ... ... | ८७ |
| ६—युद्ध-प्रचार ... ... ... | ९६ |
| ७—विप्लवकाल ... ... ... | १०३ |
| ८—मेरे राजनीतिक जीवनका प्रारम्भ ... | ११४ |
| ९—जर्मन वर्कर्स पार्टी ... ... | १२१ |
| १०—प्राचीन साम्राज्यमें पूर्वसूचक विनाश-चिन्ह | १२६ |
| ११—जाति और वंश ... ... | १५१ |
| १२—नेशनल सोशलिष्ट जर्मन वर्कर्स पार्टीके अभ्युत्थानका प्रथमकाल ... | १६८ |


## द्वितीय खण्ड ।


| | |
|---|---|
| १—सांसारिक सिद्धान्त और दल ... | १८७ |
| २—राष्ट्र और तत्कालीन विचारधारा ... | १९३ |


Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



| अध्याय | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| ३—राष्ट्रके नागरिक और जनता | ... | २२३ |
| ४—राष्ट्रीय राष्ट्रका व्यक्तित्व और उसकी धारणा | | २२६ |
| ५—सांसारिक सिद्धान्त और संगठन | ... | २३२ |
| ६—प्रारम्भिक दिनोंका संघर्ष और वक्तृता-शक्तिका प्रभाव | ... | २४० |
| ७—लाल शक्तियोंके साथ संघर्ष | ... | २४६ |
| ८—शक्तिशाली ही विजयी होता है | ... | २६३ |
| ९—साम्यवादी कार्यकर्त्ताओंके संगठनपर विचार | | २६८ |
| १०—संघवादका पाखण्ड | ... | २८८ |
| ११—प्रचार और संगठन | ... | ३०१ |
| १२—ट्रेड यूनियनका प्रश्न ... | ... | ३०९ |
| १३—युद्धके पश्चात जर्मनीकी मित्रता-नीति | ... | ३१४ |
| १४—पूर्वीय नीतिका निर्धारण | ... | ३३१ |
| १५—आवश्यक रक्षा ही अधिकार है | ... | ३४४ |
| नेशनल सोशलिष्ट जर्मन वर्कर्स पार्टीका कृषक और कृषिसम्बन्धी घोषणापत्र— | | ३५४ |
| उपसंहार ... ... | ... | ३६९ |

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

# मेरा जीवन-संग्राम।

## पहला अध्याय।

### मेरा घर।

सौभाग्यवश मेरा जन्म ब्रौनोशहरकी एक पहाड़ीपर हुआ। यह छोटा शहर उन दो जर्मनराज्योंकी सीमापर बसा हुआ है, जिनका पुनर्गठन करना हम नवयुवकोंका एकमात्र लक्ष्य है। जर्मन एवं अस्ट्रियाका एकीकरण आर्थिक समस्याको लेकर नहीं वरन जर्मन मातृभूमिकी सेवाके लिये है। इतना ही नहीं, यदि उस एकताको हम आर्थिक दृष्टिसे देखें जो कि वास्तवमें हानिकारक एवं लज्जाजनक है तथापि जर्मनी-अस्ट्रियाका सम्बन्ध अनिवार्य है। हमारा खून एक है, समयानुसार हमारे स्वार्थ भी एक ही हैं। अपने भाइयोंका संगठनकर जर्मन राज्योंमें पुनः मैत्री स्थापन किये बिना जर्मनोंको उपनिवेश नीतिमें दखल देनेका कोई भी अधिकार नहीं है। क्या जर्मनी उपनिवेशोंपर अधिकार जमा उन्हें अपनी आवश्यकताओंकी पूर्त्तिका

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



साधन बनानेका नैतिक अधिकार रखता है ? नहीं, तब तक नहीं, जबतक कि जर्मन-जनतामें भ्रातृत्वभावको भावना जागृत हो उसे आदर्शवादी होनेका आदेश दे। हमारे भ्रातृत्वका आदर्श ही हमारे धन-वैभवकी समृद्धिका सूचक है। इस प्रकार सीमान्त-प्रदेशीय यह छोटा नगर मुझे एक महानकार्यकी पूर्त्तिका साधक प्रतीत होता है।

"क्या हम अन्य जर्मनोंकी तरह भाई-भाई होनेका दावा नहीं रखते ? अथवा हम एक खूनके नहीं हैं ?" यह समस्या बचपनमें मेरे विचारोंको हमेशा उभाड़ा करती थी। जब मैं इन तुच्छ विचारों पर विचार करने बैठता था,तभी मेरे दिलमें एक प्रकारकी कसमसाहट सी हो उठती थी। अन्तमें मैं इस निर्णयपर पहुंचा कि वास्तवमें सभी जर्मन विस्मार्क-घरानेके लोगोंकी तरह भाग्यशाली नहीं हैं।

मैं सरकारी नौकरीके नामसे ही सौ कोस दूर भागता था। विभिन्न विचार-संघर्ष तथा अकाट्य दलीलोंसे भी मैं अपनी धारणासे तनिक विचलित न हुआ। बचपनमें मेरे पिताजी मुझसे सरकारी नौकरीकी प्रशंसाके पुल बांधा करते थे। उन्हें इससे अत्यन्त ही आनन्द प्राप्त हुआ होता यदि मैं सरकारी आफिसमें किसी बड़े ओहदेपर काम करता। परन्तु मेरे विचार ठीक इसके विपरीत थे। मै नौकरी पेशाके विचारोंको पास भटकाना भी नहीं चाहता था। मेरी यह धारणा होगई थी कि आफिसोंमें बैठ समयका पाबन्द होते हुए फार्म भरते भरते मेरी जिन्दगी व्यर्थ ही बीत जायेगी।

अब जब मैं अपने उन विचारोंका ध्यान करता हूं तो मुझे उनसे दो लाभ स्पष्ट प्रतीत होते है, (१) मेरे राष्ट्रीय विचार

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



तथा ( २ ) इतिहासको उसके वास्तविक रूपमें समझनेकी शक्ति।

प्राचीन अस्ट्रियामें अनेकों स्वातन्त्र्यप्रिय जातियां थीं। मुझे उन दिनोंका भलीभांति ध्यान है जब कि मैंने तत्कालीन अस्ट्रियाके एक राजनीतिक आन्दोलनमें भाग लिया था। मैं उस समय एक स्कूलमें पढ़ता था। उस समय मेरी अवस्था १४ या १५ वर्षकी थी। उक्त स्कूलमें हमलोगोंने एक बाल-राजनीतिक-समिति खोल रक्खी थी। वह अपने विचारोंके लिये प्रमुख मानी जाती थी। हमलोग चेताव-नियों और सजाके प्रतिवादमें निन्दाके प्रस्ताव पास करते थे और गाया करते थे कि "उचित न्यायतः मांग हमारी।" इस प्रकार राज-नीति युवकोंके लिये जीवन-संगिनी स्वरूप हो गई। यह परिवर्त्तन अभूतपूर्व था। इसमें क्रान्तिके शोले थे। पहले जमानेमें इतनी कम उम्रके युवक अपनी मातृभाषाके अतिरिक्त किसीभी अन्य राष्ट्रीय भावोंमें रुचि नहीं रखते थे। ऐसी दशामें इतना परिवर्त्तन भी समय को देखते हुए कम न था। उन दिनोंमें मेरे विचार किसी हालतमें भी कम उग्र न थे। मैं शीघ्र ही एक कट्टर जर्मन देश-भक्त बन गया, परन्तु वैसा नहीं जैसा आज माना जाता हूं।

बहुत शीघ्र ही ये विचार उन्नतिशील एवं दृढ़ हो गये और पन्द्रह वर्षकी अवस्थामें ही मैं राजभक्ति और जनप्रिय राष्ट्रीयताके महत्त्व को भलीभांति समझ गया। राजभक्तिके विषयमें पहलेसे ही मुझे बहुत कुछ ज्ञान था।

नित्यप्रति घटनेवाली राजनीतिक घटनाओंने जिन्हें कि हम स्वयं देखा करते थे, हमारे हैप्सबर्ग घरानेके ऐतिहासिक ज्ञानकी ओर भी

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



पुष्टि कर दी। उत्तर तथा दक्षिणमें विदेशियोंका प्रभाव हमारी राष्ट्रीयताके महत्वको विलुप्त कर रहा था। और तो क्या वियेना जैसे शहर को भी जर्मनीका शहर कहनेमें अत्युक्ति होती थी। राजघरानेमें विदेशियोंका बोलबाला हो रहा था। दैवीप्रकोप तथा निर्दयतापूर्वक लौह-शासन-प्रणालीको मानवताकी ओटमें प्रचलित करनेकेविचारोंने जर्मनवादके कट्टर शत्रु आर्कड्यूक फ्रान्सिस फर्नीनैण्डको गुलामीका पासा फेंकनेके लिये प्रोत्साहित किया जो उसके लिये आगे चल घातक सिद्ध हुआ। फ्रांसिस फर्नीनैन्ड उस घृणित आन्दोलनका संरक्षक था, जिसका एकमात्र उद्देश्य जर्मनीमें गुलाम-राष्ट्रका बीज-रोपन करना था, परन्तु "है दुनियांमें पाप गुलामी" की स्मृतिने सच्चे देशभक्तोंको आन्दोलनके प्रारम्भकालमें ही चेतावनी दे दी।

तरुण जर्मन-साम्राज्य तथा अस्ट्रियाके अभागे सम्बन्धसे भविष्य में विश्व-व्यापी महायुद्धकी आशङ्का हो रही थी।

अपनी इस आत्मकथाके सिलसिलेमें मुझे इस विषयपर अधिक प्रकाश डालना होगा। यहां पर यह कह देना उचित होगा कि युवावस्थाके प्रारम्भसे ही मेरा यह दृढ़ विश्वास हो गया था कि जर्मन जातिकी रक्षाके लिये अस्ट्रियाका पतन अवश्यम्भावी है, क्योंकि राष्ट्रीयताके भाव राजभक्तिके परिचायक नहीं हो सकते। मुझे यह भी विदित था कि हैप्सवर्ग राजघराना जर्मन जातिके अस्तित्वको मिटानेके लिये ही पैदा हुआ है। बचपनमें ही ये विचार बहुधा मेरे दिमागको चक्कर डाल दिया करते थे, परन्तु युवावस्थाके साथ ही साथ प्रत्यक्ष होनेवाले वीभत्स अत्याचारोंने मेरे विचारोंको उद्देश्य

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



रूपमें परिवर्त्तित होनेके लिये वाध्य किया उसी समयसे मेरा उद्देश्य अपनी जर्मन-अस्ट्रियन मातृभूमिकी सेवा करते हुए अस्ट्रियन-राज-वंशका विनाश करना हो गया है।

हमारे परिवारकी आर्थिक दशा अत्यन्त खराब थी। दुर्भाग्यसे खाने कमानेकी समस्या कुसमयमें आ पड़ी। मुझे स्वप्नमें भी आशा नहीं थी कि मेरे सिरपर यह बला इतनी कम उम्रमें आ पड़ेगी। ठीक ऐसे ही समय मेरी माता रोगग्रस्त हो गईं। पिता पहले ही मर चुके थे। अनाथ होनेके कारण मुझे जितनी पेन्सन मिलती थी वह एक परिवारके भरण-पोषणके लिये यथेष्ट न थी। ऐसी अवस्था में मैं किंकर्त्तव्य विमूढ़ हो गया। परिस्थितियोंने मुझे अपनी जीविका उपार्जन करनेका आदेश दिया।

अन्तमें आशाओंसे प्रेरित हो कपड़ों और कटपीसकी एक पेटी ले वियेनाके लिये रवाना हुआ। अपने पिताकी तरह मुझे भी इसी व्यापारमें अपना भाग्य आजमानेका मौका मिला। मैं कुछ बनना चाहता था। मेरी इच्छा दुनियांमें कुछ कर दिखानेकी थी। परन्तु किसी भी हालतमें नौकरी करनेकी नहीं।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

# दूसरा अध्याय।

## वियेना में।

*मेरा अध्ययन तथा संघर्ष—*

वियेनामें अतुल सम्पत्तिशाली धनिक-वर्ग एवं दरिद्रताके मारे हुए शोषित-वर्गके बीच प्रबल संघर्ष चल रहा था। नगरका मध्यभाग जो कि २५ मिलियन विस्तृत साम्राज्यका सञ्चालन करनेका दावा रखता था, अपनी उस खतरनाक शान-शौकतको दिखा रहा था जिसे उस क्रान्तियुगमें फिजूल खर्चीके सिवाय और कुछ भी नहीं कहा जा सकता था। आंखोंको चकाचौंध करनेवाला चुम्बकशक्तिसे पूर्ण न्यायालय साम्राज्यवादी हैब्सवर्गके राजघरानेकी दुरंगी नीतिका शिकार बना हुआ साम्राज्यकी रही सही धनराशिको चमक-दमकमें फूंक "घर फूंक तमाशा देखने" की लोकोक्तिको चरितार्थ कर रहा था।

इन्हीं कारणोंने जन-सङ्गठनको और भी उत्साहित किया। फलस्वरूप राजधानीके अधिकारीवर्गके बीच एक प्रकारकी खलबली मच गई।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



वियेना राजनीतिक दृष्टिकोणसे नहीं वरन राज्य प्रबन्धके ख्याल से डैन्यूब राजवंशका केन्द्र था। वहां उच्च अधिकारियों, राज-कर्मचारियों, कलाविज्ञों तथा विद्वानोंके अतिरिक्त दरिद्रताका मारा हुआ शोषितवर्ग भी बहुत बड़ी संख्यामें रहता था। उन दिनों यहां पूंजीवाद और मजदूरवादमें भीषण संघर्ष छिड़ा हुआ था; परन्तु इससे गरीब ही हानि उठा रहे थे (अमीरोंका बोलबाला था। हजारों बेकार रिंजट्रेसिके राजमहलोंके इर्द-गिर्द फांसीपर चढ़ा दिये गये। गृहहीन हजारों परिवार कालकोठरीसे भी बदतर स्थानोंमें रहने लगे। बहुतोंने तो नहरोंके बाहर कूड़े-करकट पर रातें काटीं। हजारों मनुष्य दिनोंदिन बेकार होते जा रहे थे। हजारों घरोंमें एक ही समय भोजन बनता था। इतना ही नहीं, सैकड़ों परिवारोंको तीन २ दिन तक उपवास करना पड़ा। इस प्रकार समस्त देशमें अशान्त वातावरण उपस्थित हो गया। यह थी अस्ट्रियन राज्य-व्यवस्था —हैप्सवर्गके वंशधरोंके अत्याचारोंका ताण्डव नृत्य। उन्हें इतने पर भी सन्तोष न था। उनका पत्थरका कलेजा कुछ और देखना चाहता था। ठीक ही है, गद्दोंपर सोनेवाले गरीबोंके दुःख क्या जानें।

किसी अन्य शहरकी अपेक्षा जर्मनीकी सामाजिक परिस्थिति का ज्ञान वियेनामें अच्छी तरहसे हो सकता था। सांप द्वारा काटे जानेपर ही उसके विषकी तेजीको जाना जा सकता है। उसी तरह तत्कालीन सामाजिक-विषका ज्ञान मुझे वियेनाके सार्वजनिक क्षेत्रोंमें काम करनेसे मालूम होगया था। हो सकता है कि उसमें कोई दोष न हो; परन्तु मेरे विचारसे उस सामाजिक व्यवस्थाको दोषरहित

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



नहीं कहा जा सकता। वह दिखावटी एवं भ्रमोत्पादक थी। उसे कोरी बकझक मान लेना ही ठीक होगा। दिखावटी नियमोंसे जनताकी मांग किसी भी हालतमें पूरी नहीं हो सकती। इसी तरह भ्रमपूर्ण कोरे विचार जनताकी वास्तविक परिस्थितिका सुधार नहीं कर सकते। मैं नहीं कह सकता कि दोनोंमें से कोई भी जनसाधारणके लिये उपयोगी सिद्ध होगा। यहां मुझे धनियोंका स्मरण आता है जो कि अपने स्वार्थवश गरीबोंके साथ दिखावटी सहानुभूति दिखानेसे बाज नहीं आते। यही दशा फैशनेबल लेडियोंकी है। बतानेको तो वे सब तरहके सुधार बता देती हैं; परन्तु करने धरनेके नाम उनकी नानी मर जाती है। ऐसे लोग इस छिपे पापको अपनी स्वाभाविक बुद्धिके कारण नहीं वरन जानबूझकर करते हैं। उनकी इस प्रकारकी सेवाका परिणाम जनसाधारणके हृदयमें उनके प्रति घृणा-भाव ही होता है, और उन्हें भी इस फरेबभरी सेवाका यह परिणाम देख कर आश्चर्य होता है। वे अपने कार्यों पर विचार न कर जनताको कृतघ्न कहते हैं।

ऐसे लोग सामाजिक सेवाके अन्दरूनी महत्वको नहीं समझ सकते। मैं यहां इस तरहके कार्यकर्त्ताओंको आगाह कर देता हूं कि जन-सेवा वाहवाहीके लिये नहीं वरन कर्त्तव्य-रूपमें करनी चाहिये। सामाजिक मांगोंपर हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। इनके लिये किसीकी कृपा-भिक्षा मांगना पतन नहीं तो क्या है:?

इस समय मैंने यह अनुभव किया कि वैसी परिस्थितिमें जनता को किसी युक्तियुक्त प्रणालीका अनुसरण करना चाहिये। "अपनी

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



उन्नतिके लिये सामाजिक नियमोंमें यथोचित सुधारका उत्तरदायित्व समझना ही वह प्रणाली है।" उस समयके सामाजिक मर्जका इलाज उसका समूल नाश करना था।

जिस तरह प्रकृति अपनी पुरानी सृष्टिको नष्ट कर नित्य नयी नयी रचना करती है, उसी तरह हमें भी मानवजीवन के ९९ प्रतिशत अंशोंमें न दूर होनेवाले अवगुणोंको निर्मूल बना अपनी उन्नति के लिये नव-विचारोंकी सृष्टि करनी होगी।

अपने वियेनावासमें मुझे यह अनुभव होगया कि वास्तविक कार्यकर्त्ताओंकी देशको कितनी आवश्यकता है। उनकी वास्तविक सेवायें देशके आर्थिक एवं सांस्कृतिक जीवनमें नव-संचार कर सकती थीं। मेरा मन उन दिनों सच्चे कार्यकर्त्ताओंकी खोजमें था। मैं देशको भयंकर भूलोंसे बचानेका उपाय सोच रहा था।

अस्ट्रियन स्टेटका अधिकारी-वर्ग सामाजिक नियमोंका निरादर कर उसके सुधारमें अपनी काहिली प्रदर्शित कर रहा था। मजदूर भाइयोंका आर्थिक संकट, उनकी आध्यात्मिक शक्तिका ह्रास, उनके पतनके प्रत्यक्ष लक्षण, मेरे मनको डरानेके लिये यथेष्ट थे।

क्या हमारे दिलको उस समय धक्का नहीं पहुंचता जब कि कुत्ते की तरह भोजनपर मारनेवाले टुकरखोर अपनेको जर्मन कहनेसे मुकर जाते हैं? न जाने उनकी राष्ट्रीयता कहां लुप्त हो जाती है? क्या इस पेट-गुलामीसे हम कुछ भी सबक नहीं सीखते? क्या इनसे हमारी राष्ट्रीय-भावनायें जागृत न होंगी? मैं कहता हूं कि यही घटनायें भविष्यमें हमारे राष्ट्रीय विचारोंको और भी उग्र बनाती जायेंगी।



Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



हममेंसे कितने ऐसे हैं जो कि इन विचारोंकी भलाई और बुराई को सोचा करते हैं ? "हमारी मातृभूमिकी महत्ता सर्वदा ही माननीय है—हमारा सांस्कृतिक तथास्वाभिमानी जीवन ही हमारे सिरको ऊंचा रखता है—हमारा प्राचीन गौरव क्या है?" क्या हम कभी इसे समझने की कोशिश करते हैं ? जिस दिन हमें अपने प्राचीन गौरवका स्मरण होगा, हमारा हृदय स्वाभिमानसे पुलकित हो उठेगा। इसका परिणाम हमारे विचारोंकी पुनरावृत्ति होगी और हमें अपना कार्यक्षेत्र स्पष्ट प्रतीत होगा।

ऐसे अवसरपर मुझे एक नवीन अनुभव हुआ। जन-साधारण को स्वातन्त्र्यप्रिय बनाना ही शिक्षा विषयकी उन्नति करना है। इसकी उन्नति स्वतन्त्रताका संरक्षण है। क्योंकि पढ़ लिखकर ही कोई अपनी संस्कृति, वैभव तथा अपनी राजनीतिक महत्ताको समझ सकता है। यह ज्ञान उसके हृदयको स्वाभिमानसे पूर्ण कर देता है। मैं उसीके लिये लड़ता हूं जिसे मैं प्यार करूं। मेरा प्यार उसी विषयपर है जिसपर मेरी श्रद्धा है। और मेरी श्रद्धा उसीपर रहती है जिसका कि मुझे भलीभांति ज्ञान है।

उस समयसे सामाजिक विषयोंमें मैं और भी सतर्क होगया था। उन्हें अच्छी तरहसे समझ बूझकर ही मैं उनके लिये आन्दोलन करता था। क्योंकि सार्वजनिक कामोंमें नादानीसे बदनामीके सिवाय और कुछ भी हासिल नहीं होता।

१९०९–१० में मैंने अपनी आर्थिक-स्थितिमें इतना सुधार कर लिया था कि मुझे किसीका सहायक बन काम करनेकी आव-

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



श्यकता न थी। उस समय मैं स्वतन्त्ररूपसे चित्रकारीका काम कर रहा था।

अधिकांश जनता उस कुशासनके खिलाफ थी। उसे ऐसे कमजोर शासनसे सन्तोष न था। जिस तरह एक युवती भावोंसे प्रेरित हो दुबले-पतले रोगग्रस्त पुरुषका वरण एक हृष्टपुष्ट तथा प्रसन्नचित्त पुरुषके सामने करना न पसन्द करेगी, उसी तरह जनता भी उस निकम्मे और कोरे शासनको नहीं चाहती थी। उसकी आन्तरिक इच्छा प्रतिद्वन्द्विता रहित प्रजातन्त्रीय सरकार बनानेकी थी। अपनी स्वधीनताके अपमानका लोगोंको तुच्छ ज्ञान था। ठीक यही दशा उनके आध्यात्मिक उत्पीड़नके विषयमें थी। उन्हें मानापमानका कोई विशेष ध्यान न था और न वे तत्कालीन भ्रान्तिपूर्ण शिक्षाकी जानकारी रखते थे। अतः ऐसी परिस्थितिमें चेतनाका आना ही क्रान्ति की इति श्री है। वे निर्दयी शक्ति तथा उसकी भयोत्पादक रूपरेखा को निहारा करते थे, फिर भी चूं करनेमें उनकी अन्तरात्मा कांप उठती थी। अन्तमें उसके आगे उन्हें झुकना पड़ता था।

सच्चे सिद्धान्तकी विजय अनेकों दुर्द्धर्ष संघर्षोंके पश्चात भी हुआ करती है। उस समय हमारे सिद्धान्त सच्चे थे, हमारी विजय अवश्यंभावी थी। तत्कालीन सामाजिक प्रजासत्तात्मक शासन-प्रणाली का रहस्य मुझे बहुत पहलेसे ही विदित होगया था। उसके व्यवहार मेरे लिये आन्दोलनके कारण थे।

हालांकि इस प्रणालीके सचालक जनताकी शक्ति भलीभांति जानते हैं और उन्हें काफी सतर्क रहकर काम करना पड़ता है,

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



तथापि शासनपद्धतिकी बुराइयां कुछ ऐसा वातावरण उत्पन्न कर देती हैं, जिनका परिणाम भविष्यमें अत्यन्त बुरा होता है। इसके विपरीत इसका प्रभाव कमअक्लोंपर पड़ता है और वे बहुत अंशोंमें इसके पक्षमें हो जाते हैं। इसका कारण कुछ नहीं केवल उनके मनकी कमजोरी और खुशामदी आदत है।

ऐसी पद्धतिका अस्तित्व सर्वदा ही खतरेमें रहता है, हालांकि अधिकारी वर्ग सर्वदा ही सतर्कता पूर्वक काम लेता है। निस्सन्देह दिखावेके रूपमें पद्धति शांति एवं जन-रक्षाके लिये हितकारक है। यह धीरे २ अपना हाथ बढ़ाती ही जाती है। किसी भी प्रकारके अत्याचारके दो रूप होते हैं। आमतौर पर खुलेआम मनमानी करना वा अपनेको अच्छा बताते हुए मीठी छुरी चलाना। उक्त दोनोंमेंसे दूसरी नीतिकी व्यापकता दिनोंदिन हो रही थी। ऐसी पद्धतिका चलन तभी होता है, जब कि जनताका ध्यान किसी अन्य विषयोंमें लगा हो या जब कि उसे अपने मानापमानका ध्यान न हो।

ये चालें जनताकी कमजोरीके कारण ही छिपती हैं,अथवा इनसे जैसे को तैसा सबक सिखाया जा सकता है।

दुकानों, कारखानों,सभाओं तथा सर्वसाधारणके प्रदर्शनमें सर्वदा भयप्रदर्शन किया जाता था इसका कारण जनताका उमड़ता हुआ आन्दोलन था।

दरिद्रताके कारण अनेकों कार्यकर्त्ता उस दिखावटी प्रजासत्तात्मक शासनको माननेके लिये तैयार हो गये थे। बहुधा यह देखनेमें आता है कि कार्यकर्त्ता बिना कुछ लाभ और आशाके केवल शासक-

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



वर्गकी थोड़ीसी वाहवाही पाकर जनताकी न्यायोचित मांगोंकी पूर्त्ति में वाधक सिद्ध होते हैं। फलतः वे अपनी बेवकूफीसे जनसाधारणकी निगाहोंसे गिर जाते हैं और उनका विश्वास सर्वदाके लिये उठ जाता है ठीक ऐसी ही वारदात हमारे कुछ कार्यकर्त्ताओंके साथ हुई। हम लोगोंने उन्हें अपनी ट्रेड यूनियन कांग्रेससे निकाल दिया।

बीस बरसकी अवस्थामें मैं ट्रेडयूनियनका अच्छा कार्यकर्त्ता माना जाता था। मैं दावेके साथ कह सकता हूं कि उस समय वही एक ऐसी राजनीतिक संस्थाथी जिसका उद्देश्य जनताकी समाजिक मांगोंको पूरा कर देशमें संगठनका बीज बोना था।

शासकवर्ग बहुत शीघ्र ही इस संस्थाके महत्वको समझ गया और उससे डरने लगा। मजदूर-आन्दोलन निस्सन्देह उस शासनके लिये घातक था। परन्तु खुशामदी पिट्ठू उसके महत्वको न समझ सके और उन्हें अपने राजनैतिक मानको खोना पड़ा। वे आन्दोलन की सत्यतामें जानबूझ कर विश्वास नहीं करते थे। उनका कहना था कि वस्तुतः यह पथ जनताके लिये उपयोगी नहीं है। कहते क्यों नहीं,आखिर थे तो पूंजीवादके उपासक। उनका कथन असत्य था। उसमें विचार शीलता तो छू भी न गई थी। क्योंकि यह बिल्कुल असम्भव और सरासर झूठ है कि ट्रेडयूनियन द्वारा संचालित समाज वादी आन्दोलन जर्मन-मातृभूमिके लिये अहितकर था। यदि ट्रेडयूनि-यन देशके स्तम्भ मजदूर-वर्गकी मांगोंके लिये लड़ती है तो इसमें देशकी क्या हानि हो सकती है? मैं नहीं समझता कि यह देशभक्ति के अतिरिक्त क्या है। मेरे विचारसे देशमें जागृति-प्रसारका एकमात्र

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



यही साधन था। अपनी मां भी बिना रोये-कलपे दूध नहीं पिलाती फिर यहां तो शोषक और शोषित वर्गका प्रश्न था। यदि कमजोर-बलवानके अत्याचारोंसे पीड़ित हो सिर उठाता है तो इसमें वह क्या खराबी करता है? अब वह जमाना आ गया है जब कि प्रत्येक मनुष्य, क्या राजा क्या रंक, अपने स्वत्वके लिये लड़ मरनेको तैयार है। इस प्रकार यह आन्दोलन उस समयके लिये एक महत्व-पूर्ण विषय हो गया था। सामाजिक दोषोंको निर्मूलकर उनके वास्तविक रूपको जनताके समक्ष रख इस संस्थाने सर्वदा जर्मन-समाजका हित किया।

जहां तक मालिक और नौकरका सम्बन्ध है, कर्मचारी वर्गका कर्त्तव्य हो नहीं वरन ईश्वर-प्रदत्त नैतिक अधिकार है कि वह अपने स्वत्वोंकी रक्षा अपने स्वार्थों की पूर्त्तिके लिये ही नहीं वरन राष्ट्रीय-भावनाको लेकर करे। उसे व्यक्ति विशेषके स्वार्थोंकी ओर ध्यान न दे जन-साधारणका ध्यान रखना चाहिये। पूंजीवाद न किसीका सहायक हुआ है न होगा।

यदि असामाजिक वा निन्दनीय व्यवहार जनताके धैर्यको उत्तेजित करते है, और शासकवर्ग इसकी परवाह न कर धांधली चलाता है तो ऐसी दशामें शक्तिशाली दलकी विजय हुआ करती है। यह प्रत्यक्ष प्रमाणित है कि यदि कोई व्यक्ति विशेष अपने पैसेके घमण्डसे मजदूरवर्गकी उपेक्षा करता है तो अन्तमें उसे सिर झुकानेके अतिरिक्त और कोई भी चारा नजर नहीं आता। संघबद्ध शक्तिके आगे न किसीकी चली है न चलेगी।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



चन्द वर्षों के बाद ट्रेडयूनियनका आन्दोलन उस दिखावटी प्रजा-सत्तात्मक राज्यके कारण और भी चमका। दिनोंदिन आर्थिक परिस्थिति विकट होती जा रही थी। परन्तु कार्य्यकर्त्ता इससे विचलित न हो सुधारके लिये यथासाध्य परिश्रम कर रहे थे। बहुधा राजनीतिमें आर्थिक दशाका प्रभाव कार्यकर्त्ताओंपर भी पड़ा करता है। मैं ऊपर ही कह चुका हूं कि किस तरह बहुतेरे कार्यकर्त्ता पथ-भ्रष्ट हो जाते थे। परिणामतः अमीरी और गरीबीके बीच रिश्वत और धैर्य्यकी समस्या आ पड़ी, और उक्त संस्था कुछ लोगोंके स्वार्थवश झुक गई।

उस समयसे ट्रेडयूनियनने अपने सभी उद्देश्योंको छोड़ "भज-कलदारम्" की आवाज बुलन्द की। धीरे-धीरे यह संस्था पूर्ण रूपेण पूंजीवादियोंके फेरमें पड़ गई। इसप्रकार इसका प्रभाव बिल्कुल नष्ट हो गया।

इसका प्रतिवाद करनेके बजाय मध्यम श्रेणी एवं मजदूरोंने अनुचित रूपसे आन्दोलन किया और वे असफल रहे। इसका कारण उनकी देरी और ढिलाई थी। इसलिये जो जैसा था वैसा ही रहा, परन्तु एक बिकट परिस्थिति उत्पन्न हो गई।

ट्रेडयूनियन राजनीतिक क्षेत्रसे गिर गई और प्रत्येक मनुष्यकी श्रद्धा उसपरसे जाती रही।

शासकोंकी यह चाल जनता तथा देशकी स्वाधीनतामें बाधक थी इससे कुछ व्यक्ति विशेष लाभ उठानेकी ताकमें थे।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



इसी समय जनताकी प्रबल भावनाने सबका ध्यान पलट दिया। लोग एकस्वरसे कह रहे थे कि "शासन-प्रणालीका परिवर्त्तन करो अथवा अपने किये का फल भोगनेको तैयार हो जाओ।" अधिकांश लोग अभी अपनेको भूले न थे। वे स्वाधीनता और भ्रातृत्वके उपासक थे। मैं इस बातसे बहुत ही खुश था कि लोगोंमें अभी भी शक्ति है। समयानुसार मेरे विचार उन्नतिशील और गम्भीर होने लगे परन्तु मैंने उनमें किसी प्रकारके परिवर्त्तनकी आवश्यकता न समझी।

जिस तरह मैंने तत्कालीन शासनका बाहरी अध्ययन किया था, उसी तरह मेरी इच्छा उसके आन्तरिक गूढ़ रहस्योंको जाननेकी थी। सरकारी दलीलें और साहित्य मेरे लिये व्यर्थ था। मेरी आत्मा उससे सन्तुष्ट न थी। जब मैं आर्थिक समस्यापर विचारता तब मुझे उसकी दलीलें और कथन बिलकुल गलत प्रतीत होते। राजनीतिक दृष्टिसे वह थोथी दलीलें थीं। उनमें तत्व न था। मुझे इस प्रकार लिखे अवास्तविक साहित्यसे प्रेम न था। म इस रहस्यसे भलीभांति परिचित था कि ऐसा क्यों किया जाता है।

मैंने जाति स्वभाव और उसकी नाशकारक नीतिका ज्ञान प्राप्त किया जिससे मैं अनभिज्ञ था।

यहूदी ही इन सब बातोंके मूल कारण थे। सब जगह ट्रेडयूनियन, सार्वजनिक संस्थायें, सरकारी आफिस इत्यादिमें उन्हींका हाथ था। हरजगह उन्हींकी प्रधानता थी और यही कारण था कि दिखावटी प्रजातन्त्रीय प्रणाली अपना हाथ बढ़ाती ही जाती थी। और कुछ नहीं

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



परन्तु मैं आज यह अवश्य यह सकता हूं कि "यहूदी" शब्द ज्ञानसेही मेरे विचार-युगका श्रीगणेश हुआ था। मुझे इस बातका स्मरण नहीं कि मैंने और पहले अपने पितासे इस शब्दको सुना था या नहीं। मेरे विचारसे पिताजी इन्हें सांस्कृतिक सभ्यताके उपासक मानते होंगे, यदि उन्हें इसका पता होगा। उनके ख्याल एक स्वतान्त्र्यप्रिय संसार-वासीके समान थे और उनमें स्वाधीनताके भाव कूट कूटके भरे थे जिसका असर आज मुझपर भी पड़ रहा है।

इस जातिके परिचयने मेरी आँखोंसे झूठी धारणाओंका पर्दा उठा दिया। उस पार्टीके उद्देश्य मुझे वास्तविक रूपमें दिखाई देने लगे, और मैं समझ गया कि किस प्रकार मार्क्सवादका अनुचित और अनर्थक व्यवहार किया जा रहा है।

स्कूलमें मेरी एक यहूदी लड़केसे जान-पहिचान थी। हमलोग उसकी बहुत इज्जत करते और सर्वदा ऊंची निगाहसे देखते थे, परन्तु बादमें उसकी उस रहस्यपूर्ण मौननीतिको समझ हमने उसका विश्वास करना भी छोड़ दिया।

करीबन चौदह या पन्द्रह वर्षकी अवस्थामें भी मेरे कानमें यहूदी शब्दकी भनक पड़ी थी, परन्तु उस समय उसका राजनीतिक महत्व अब जैसा न था। कुछ दिनों बादसे मेरी अरुचि दिनोंदिन उसकी ओर बढ़ती जा रही थी, और जबसे मैंने धार्मिक-भेदोंके विवादको सुना न जाने तबसे मेरा दिल इस कौमसे क्यों इतना खट्टा हो गया। उस समय इस धार्मिक विवादको मैं अन्य किसी भी रूपमें देखनेको तैयार न था।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



लिञ्जमें बहुत थोड़े यहूदी रहते थे। उनकी संख्या नाममात्रकी थी। सदियोंसे रहनेके कारण औरोंकी भांति वे योरोपियन कहे जाने लगे। मैं स्वयं उन्हें जर्मन समझता था। अपनी इस गल्त धारणाका मुझे तबतक पता न था जबतक कि मेरे दृष्टिकोणमें उनका धर्मभेद प्रतीत नहीं हुआ था। जब मैं यह सोचता कि "जनता उनके पीछे क्यों पड़ी है" मेरे घृणापूर्ण विचार और दृढ़ होते जाते। मुझे यहूदियोंकी इस छिपी दुश्मनीका बिल्कुल ध्यान न था।

फिर मैं वियेना आया।

शैल्पिक विचारोंकी घबड़ाहट तथा अपने दुर्भाग्यसे कुछ दिनों तक मैं इस विशाल नगरकी विभिन्न जातियोंसे अपरिचित था। यद्यपि वियेनाकी दो मीलियन आबादीके बीच यहूदियोंकी संख्या दो लाख थी, तथापि मैं उन्हें देखनेमें असफल रहा। सर्वप्रथम मेरी आंखें और दिमाग दोनों ही किसी चीजको उसके वास्तविक रूपमें न देख पाते थे,परन्तु समयानुसार इस क्रममें उन्नति हुई। कुछ दिनों बाद मेरे विचार गम्भीर हो गये। घबड़ाहट पैदा करनेवाली बातें मुझे स्पष्ट रूपसे वास्तविक रूपमें प्रतीत हुईं। मेरे विचारोंमें अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ और मैं यहूदियोंके प्रश्नके खिलाफ खड़ा हो गया।

मैं उस आनन्ददायक मार्गको न बताऊंगा जिससे मेरा और यहूदियोंका परिचय हुआ था। मैंने उस समय यहूदीवादको धर्म रूपमें देखते हुये भी जनताके हितका ध्यान रख धार्मिक बातोंको ले उनपर किसी भी प्रकार आक्रमण नहीं किया। प्रतिपक्षके प्रेसोंने

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



जो ढंग अख्तियार किया था वह जर्मनीके प्राचीन निवासियोंकी परम्परागत सांस्कृतिक कथाओंपर आक्षेपमात्र था। अकस्मात मध्ययुगकी कुछ घटनाओंका स्मरणकर मैं सिहर उठा जिसे कि पुनः देखनेसे मैं किञ्चितमात्र भी न डरता था। समाचारपत्रोंके इस विषयमें जो विचार थे वे जनप्रिय न थे—यह क्यों था और क्योंकर ऐसा हुआ, मै ठीकसे नहीं कह सकता—परन्तु इतना अवश्य कहूंगा कि इन पत्रोंका काम सदहृदताकी जगह द्वेष-भावकी सृष्टिकर देशको विप्लववादकी ओर अग्रसर करना था। ये विचार बिगड़े-दिमाग पत्रोंके हुआ करते हैं जो कि अपने स्वार्थवश अनाप-शनाप लिख मारते हैं।

इस विषयमें मेरे विचार और भी पक्के हो गये जब कि मैंने उन समाचारपत्रोंकी चुप्पी साधनेकी नीति वा किये हुए प्रतिवादोंके चिकने-चुपड़े जवाब देनेकी चाल देखी। मुझे उनके इन कृत्योंपर बड़ी हंसी आती थी। मैं सोचता था कि "चोरी तो चोरी ऊपरसे सीनाज़ोरी"।

मैंने इस तरहके पत्रोंमें से "संसार समाचार" पढ़ा। उसकी अनुचित राज-भक्ति तथा खुशामदसे मैं अत्यन्त क्रोधित हुआ और बेतरह चिढ़ गया। हैब्सवर्गमें घटनेवाली कोई भी घटना वास्तविक रूपमें न छपती थी। उसमें सच्चाईका लेशमात्र भी न रहता था। यदि उसको ( समाचार पत्र ) सर्वदा ही इस प्रकारकी खुशामद करना था तो इसमें कोई अत्युक्ति नहीं कि वह समाचार पत्र किसी व्यक्ति विशेषकी स्वार्थपूर्तिके लिये था।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



मैंने इसे जनताके लिये अहितकर सोचा।

पूर्ववत् वियेनामें मुझे कुछ दिन और रहना पड़ा। मेरा ध्येय जर्मनीके समस्त सांस्कृतिक वा राजनीतिक प्रश्नोंका गम्भीर अध्ययन करना था। विस्मयपूर्ण अभिमानसे मैंने प्रजातन्त्रीय शासनका उत्थान तथा अस्ट्रियन साम्राज्यके पतनकी तुलना की। यद्यपि वैदेशिक राजनैतिक चालोंका स्मरणकर मेरा हृदय गद्गद् हो जाता था तथापि अपने देशका असन्तोषप्रद राजनीतिक जीवन मेरे लिये दुःखदायक हो रहा था। विलियम द्वितीय के खिलाफ चलने वाले आन्दोलनसे मेरी सहानभूति न थी। मैं उसे जर्मन-सम्राट ही नहीं वरन् जर्मन नौ-सेनाका विधायक मानता था। रिचस्टैगने सम्राटके ऊपर वक्तृताका प्रतिबन्ध लगा दिया। इससे मैं क्षुब्ध हो उठा। क्योंकि यह आवाज एक स्थान विशेष की थी, और उसे सबकी ओरसे ऐसा करनेका क्या अधिकार था? इतना ही नहीं उन पार्लमेंटरी अधिकार प्राप्त शासकोंने इतनी अधिक बकवक की जैसा कि उस वंशके कमजोरसे कमजोर शासकने भी नहीं किया था।

"साम्राज्यमें कोई मूर्ख भी तर्क वितर्क करनेका अधिकार रखता है—और वह रिचस्ट्रैगमें जनताके ऊपर कानूनी शासक करनेके लिये नियुक्त किया जाता है—राजमुकुटको धारण करनेवाला भी बेजा और बेहूदे तरीकेसे किसी व्यक्तिसमूह विशेष द्वारा डांटा डपटा जा सकता है" इत्यादि विचारोंने मुझे उत्तेजित करनेमें कुछ भी न उठा रखा।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



मेरे हृदयमें उस समय अत्यन्त अरुचि पैदा हुई जब कि मैंने वियेना-प्रेसको भी जो कि राज्यके छोटेसे छोटे ओहदे वालेके आगे झुक जाता था, सम्राट्के खिलाफ आन्दोलन करते देखा। बहानेके तौरपर उसने ऐसा करनेमें दुःख प्रकाश किया और कहा कि जनता के रुखपर ही चलना समाचारपत्रका ध्येय है। परन्तु वह सम्राटके साथ छिपी दुश्मनी कर रहा था।

साथ ही साथ मैं एक समाचारपत्रका उसके इस विषयमें विचारोंके लिये कृतज्ञ भी हूं। उसका सम्राट्के प्रति व्यवहार आदरणीय था।

उस समाचारपत्रने जिस तरह फ्रान्सकी घृणायोग्य तरीकेसे खुशामदकी वह भी मेरी निगाहोंमें थी।

इस तरहकी चापलूसी भरी प्रशंसायें देख प्रत्येकको लज्जासे सिर झुकाना पड़ता था, यदि उसमें अपनेको जर्मन कहने और समझनेकी शक्ति थी। इसतरह बार बार फ्रांसकी वृथा चापलूसी करने वाले समाचारपत्रोंसे मैं घृणा करने लगा और वे सभी मेरी निगाहोंमें गिर गये। "वौकब्लैट" पत्रकी नीति मुझे बहुत कुछ पसन्द थी। यद्यपि उसमें इस विषयका प्रतिपादन संक्षिप्तमें होता था तथापि स्पष्ट और सत्यतापूर्ण समाचार रहते थे। मैं उसकी प्रतिपक्षीय तीखी विचारशैलीसे सहमत न था तथापि उसकी दलीलें मेरे मनको आकर्षित करनेके लिये यथेष्ट थीं जिन्हें मैं बड़े चावसे पढ़ा करता था।

कुछ हो, मैंने इस प्रकारके कथनोंसे एक मनुष्य और एक आन्दोलनको जाना अर्थात डाक्टर कार्ललूजर तथा क्रिश्चियन सोशलिस्ट पार्टीके विषयमें मेरे अनुभव बिल्कुल ठीक तथा सच्चे थे।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



जब मै वियेना आया था मेरे विचार उन दोनोंके ही प्रतिकूल थे। मेरे ध्यानमें डा० लूजर तथा सोशलिस्ट पार्टीका आन्दोलन दोनों ही दलबन्दी वा फिरकापरस्तीके उद्भावक थे।

एकवार मै शहरके एक घने भागमें घूम रहा था,मैने लम्बा चोंगा पहने एक आदमीको देखा। चोंगेके दोनों हाथ काले कपड़ेसे किनारे में जुड़े हुए थे। "क्या यह यहूदी है ?" मेरे मनमें एकाएक यह प्रश्न उठा। मैने छिपे तौरसे सतर्कता पूवक उसको एक निगाहसे देखा। बहुत देरतक उस विचित्र चेहरेको घूर मैंने उसकी अकृतिपर विचार किया। मेरा प्रश्न मेरे सामने दूसरे रूपमें आ उपस्थित हुआ—"क्या यह जर्मन है ?"

मैने अपने सन्देह-निवारणके लिये पुस्तकोंको देखना शुरू किया जैसा कि मै हमेशा ऐसे अवसरोंपर किया करता था। मेरे जीवनमें यह पहला ही अवसर था जब कि मैंने कुछ हेलरों ( जर्मनो सिक्के ) मे प्रतिपक्षीय पैम्पलेट खरीदे। दुर्भाग्यवश उनसे यह झलकता था कि उनको पढ़नेवाले"यहूदी प्रश्न"को कुछ-न-कुछ जानते थे, अन्तमें उनके लिखनेकी प्रणाली तथा घुमा फिराकर हरएक बातको कहनेके ढंगने मुझे पुनः एक नवीन आशंकामें डाल दिया। उनकी लचरदार दलीलें और भद्दी शब्द रचना पग-पगपर सन्देहकी सृष्टि करती थी।

यह विषय मेरे लिये गहनीय होगया और उसका अध्ययन अनन्त सा प्रतीत होने लगा। परिणामतः मैं अन्याय करनेकी धारणासे डरगया और पुनः चिंतित होउठा।मुझे इससमय अपने ऊपर बिल्कुल भरोसा न था। मैं डरता था कि कहीं इस विषयमें कुछ अनर्थ न कर बैठूं।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



यहां मैं यह न सोच सका कि यह विषय अन्य धर्मानुयायी जर्मनोंका नहीं वरन एक दूसरी ही जातिसे सम्बन्धित है। क्योंकि जबसे मेरा ध्यान यहूदियोंकी ओर गया था तभीसे वियेना मुझे एक दूसरे ढङ्गका मालूम होने लगा था। अब मैं जहां गया वहीं मुझे यहूदी दिखाई दिये और उनके रहन सहनमें प्रत्यक्ष रूपसे जर्मन-जनतासे महान विभिन्नता पायी। शहरका भीतरी भाग तथा डैन्यूब नहरका उत्तरी हिस्सा विशेषतः ऐसे लोगोंसे आबाद था जो कि जर्मनोंसे किंचितमात्र भी समानता नहीं रखते थे।

मैं शङ्का रहित न हो सकता था, तथापि मेरा ध्यान यहूदियोंकी एक श्रेणीके कार्य्योंकी ओर खिंचा। उन लोगोंके बीच एक महान आन्दोलन उठा। वियेना उसका प्रमुख केन्द्र था। इस आन्दोलनका अभिप्राय जुडावाद वा यहूदी धर्मकी राष्ट्रीयताका प्रचार करना था। इसे जिओनवाद कहते थे।

निस्सन्देह, मुझे यह प्रतीत होता था कि यहूदियोंकी एक श्रेणी इस मतका अनुसरण करेगी परन्तु बहुमत इसका समर्थन न कर इसे अस्वीकार कर देगा। मैंने विषयको गहराईमें देखा—जो हो, उसका स्वरूप कुछ उक्तियोंके अन्धकारमें छिपा हुआ था। इसका कारण अनूठा था। यहूदियोंने जिओनवादके समर्थकोंको यहूदी कहकर ही न छोड़ा था। वे उन्हें उस श्रेणीका मानते थे जो कि यहूदी धर्मके लिये घातक सिद्ध हो सकते थे। वे उन्हें हर हालतमें यहूदी ही स्वीकार करते थे। इतना होते हुये भी उन दोनों श्रेणियोंके भीतरी स्वार्थ तथा रस्म-रिवाज एक से थ।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



जिओनिस्टों तथा यहूदियोंके इस मतभेदसे मैं एकाएक सहमा। मुझे इसमें असत्यता और दिखावेके अतिरिक्त कुछ भी न दिखाई दिया। यह अपनेको पवित्र कहनेवाला दम्भयुक्त यहूदी जातिके नैतिक उत्थानमें धब्बा लगाने वाला था।

मेरे ध्यानमें यहूदी धर्मको उस समय बहुत बड़ी हानि पहुंची। इसका कारण उनकी कला, साहित्य, नाट्य-कला तथा प्रकाशन-विभागोंका पतन था। परिणामतः उनकी प्रतिवाद शैलीमें बहुत बड़ी बाधा आ उपस्थित हुई। प्रत्येक मनुष्य उस समय उनके सिनेमा सम्बन्धी पोष्टर देख ऐक्टरोंके नाम जान सकता था जो कि घृणित तथा छिपे उद्देश्य की पूर्त्तिके लिए प्राणपणसे चेष्टा कर रहे थे। यह एक छूआछूतकी बीमारी थी--धर्मके नामपर कुकर्मोंका तान्डवनृत्य था--मौत इससे कहीं अच्छी थी, परन्तु इस जातिको पापका टीका लगना ही था।

मैं सतर्कता पूर्वक इन घृणित-कला पूर्ण नाटकोंको तथा फिल्मों के निर्माताओंके विषयका अध्ययन करने लगा। मेरे यहूदी सम्बन्धी ज्ञानकी वृद्धि और इस जातिके प्रति घृणाके भाव उत्तरोत्तर बढ़ने लगे। यद्यपि मेरे विचार यह सब कृत्य देख अनेकों बार उत्तेजित हो उठते थे तथापि मेरे प्रत्येक विषयके कारण स्वयमेव वास्तविक रूपको जान लेते थे।

इसी दृष्टिकोणसे मैंने अपने प्रिय समाचार-पत्र "संसार-समाचार" को देखा। परन्तु उसके विषयमें "वही रफ्तार बेढङ्गी जो पहले थी वह अबभी है" की लोकोक्ति चरितार्थ हो रही थी, उसके आक्रमणोंका जवाब देनेके चिकनेचुपड़े तरीके और कभी-कभी चुप्पी साध लेनेकी

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



नीतिने प्रत्यक्ष रूपसे उसकी नीच प्रवृत्तिका परिचय दे दिया था। उसमें छपो आलोचनायें सर्वदा यहूदी लेखकोंकी प्रशंसा तथा जर्मनोंके विरुद्ध रहा करती थीं। जर्मन-सम्राट् विलियम द्वितीयके खिलाफ इस पत्रमें पन्ने रंगे रहते थे। अब मैं इस पत्रकी स्थिति भलीभांति समझ गया। मैं अ.तक यह नहीं भूला था कि किस प्रकार इस पत्र ने फ्रेंच सस्कृति तथा सभ्यताकी झूठी प्रशंसा की थी। इस पत्रकी नीति ही येनकेन प्रकारेण जर्मन-जातिको नीचा दिखाना था।

सामाजिक-प्रजातन्त्रवादी यहूदी-नेता मेरी नजरोंसे एकदम गिर गये। अब मेरा दीर्घकालीन मानसिक-संघर्ष समाप्त हुआ।

क्रमशः मुझे यह मालूम होगया कि सामाजिक प्रजातन्त्रीय प्रेसके कर्त्ता-धर्त्ता यहूदी ही हैं। मैंने इस विषयको किसी भी प्रकारका महत्व देना उचित न समझा। इतना अवश्य कहूंगा कि इसका रुख अन्य दूसरे समाचार पत्रोंकी तरह ही था। एक बात बहुत विचारणीय थी - उस समय कोई भो ऐसा पत्र न था जिसे कि राष्ट्रीय कहा जाय और उसका सम्बन्ध यहूदियोंसे न हो। इसके साम्यवादो लेख स्पष्ट न थे। उनमें सभी बातें छिपाई गई थीं। रहस्यवादका बोलबाला था। मैं उन्हें घृणाकी दृष्टिसे देखता था। उन्हें पढ़ानेकी इच्छा न होती थी।

फिर भी मैंने अपनी उस अनिच्छाको दबाया और इसप्रकारके मार्क्सवादको पढ़नेकी चेष्टा की। परन्तु जब मैं इसे पढ़ने बैठता तभी स्वतः मेरी अनिच्छा और भी बढ़ जाती। अब मैंने यह जानने



Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



की चेष्टा की कि इस प्रकारके भ्रान्तिपूर्ण नीच वातावरणके फैलानेमें किनका हाथ है। मुझे इसमें सम्पादकसे लेकर बड़ेसे छोटेतक यहूदी ही दिखाई दिये जो कि जर्मन-संस्कृतिको समूल नष्ट करनेके लिये तुले हुए थे। मैंने उन सभी यहूदी-नेताओंके नाम लिख लिये। उनमें ख्याति-प्राप्त लोगोंका बहुमत था। मैंने उस प्रकारके सभी सामाजिक प्रजातन्त्रवादी पैम्पलेटोंको हस्तगत कर लिया। उनके लेखक वही ख्याति-प्राप्त नेता थे। बड़े २ नेता, रीशरैटके सदस्य, ट्रेडयूनियनके मन्त्री, विभिन्न संगठनोंके सभापति तथा आन्दोलक सभी यहूदी थे, और ये उन्हींके हथकण्डे थे। उनमेंसे अस्टरलिट्ज, डेविड, ऐडलर, एलेनबोगेन इत्यादि विशेष उल्लेखनीय हैं।

इस समय एक बात मुझे वास्तविक रूपमें दिखाई दी—ट्रेड-यूनियनका नेतृत्व जिसके साथ मैं महीनोंसे संघर्षमें लिप्त था, विदेशियोंके हाथमें था। अपने सन्तोषके लिये मैं भलीभांति निश्चित कर चुका था कि कोई भी यहूदी जर्मन नहीं है और न उसे जर्मन जातिके स्वत्वोंकी परवाह ही है।

यहां मुझे अपनी जातिकी गलती महसूस हुई।

जैसे जैसे मैं उनके साथ हिलता-मिलता जाता था,वैसे मैं उनके नाटकीय तौर-तरीकोंसे वाकिफ होता जा रहा था। वे अपने विरोधियोंकी मूर्खतासे लाभ उठाते थे। यदि वह नीति सफल न हो पाती तो वे स्वयं ही मूर्ख होनेका बहाना करने लगते थे। यदि इसका प्रतिवाद किया जाता तो वे, जो कुछ भी कहा जाता, उसे माननेके लिये तैय्यार हो जाते; परन्तु करते अपनी मनमानी। हर तरहसे अपने

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



स्वार्थों की रक्षा करते हुए वे सत्यताकी दुहाई दिया करते। उनकी वायदाखिलाफीपर जब भी आलोचना उठती तभी वे अपनी कमभझी और सीधापन दिखाने लगते। यदि कभी किसी यहूदीकी निन्दा उसके मुंह पर की जाती तो वह अपना भोलापन बताने लगता था। परन्तु सत्यपूर्ण दलीलोंको माननेके अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं रह जाता था। कहनेको तो वह उस समय मान लेता, परन्तु दूसरे दिन उसे कुछ भो याद नहीं रहता था, मानों कुछ हुआ ही नहीं। बकबक करनेमें हर समय वे तैय्यार रहते थे। झूठी बातको सत्य कहनेमें उन्हें किंचितमात्र भी शर्मोहया न थी।

मैं बहुधा आश्चर्यचकित हो जाता था। नहीं कह सकता कि उनकी असत्यपूर्ण भावुकता तथा धूर्ततामें किसे अपनाया जाय। क्रमशः मैं उनसे घृणा करने लगा।

इसका परिणाम मेरे लिये उपयोगी सिद्ध हुआ। जिस रूपमें सामाजिक प्रजातन्त्रवादके प्रचारक मेरे समक्ष आये थे, वह फरेबीजालके सिवाय और कुछ नहीं था। मेरी देशभक्ति प्रज्वलित हो उठी।

प्रतिदिन बढ़नेवाले अनुभवोंने मुझे मार्क्सवादका सच्चा मार्ग दिखाया। उसका उपदेश मेरे व्यक्तित्वके लिये सहायक हुआ। मेरा हृदय उसकी सफलताके लिये उत्सुक था। अपनी तुच्छ कल्पनासे मैंने उसका परिणाम विचारा। यहां एक प्रश्न यह उठ खड़ा हुआ कि आया इसके प्रचारक स्वयं अपने स्वार्थोंकी पूर्ति करते हैं, जैसा कि प्रतीत होता था, अथवा वे दूसरोंके हितोंका ध्यान भी रखते हैं। मैंने कुछ समयतक इसपर विचार किया और पुनः उसके उद्देश्योंको पढ़ा।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



मेरे ज्ञानने बताया कि "यह सबके लिये उपयोगी है।" उससे स्वार्थ-साधन करना उसके प्रचारमें बाधा देना है।

मेरी इच्छा इस मतको अच्छी तरह जाननेकी हुई। मैंने इस सिद्धान्तके प्रवर्तकोंके विषयमें जानकारी हासिल की। मेरा एकमात्र उद्देश्य इसके अन्दरुनी रहस्यों और सिद्धान्तोंका उच्च ज्ञान प्राप्त करना था। इस साम्यवादी आन्दोलनसे मेरी बहुत सहानुभूति थी। मैंने शीघ्र ही अपने उद्देश्यकी प्राप्ति कर ली। इसके लिये मैं विशेषतः यहूदी प्रश्नके ज्ञानका आभारी हूं जिसने मेरा ध्यान इस मार्क्सवादकी ओर आकृष्ट किया था। परिमाणतः मैं समझने लग गया कि यहूदी अपने विचारोंको छिपाते हैं। उनका वास्तविक उद्देश्य क्या है, यह जानना कमसे कम एक अपरिचित व्यक्तिके लिये असम्भव सा था। इसका कारण उनके साहित्यकी दुरंगी नीति थी। मुझे इस बातका गर्व है कि मैंने उनके विषयमें काफी जानकारी हासिल कर ली थी।

यह मेरे विचारोंका परिवर्तन युग था जिसे मैं बहुधा महत्वपूर्ण मानता था। मैं इस समय एक दुर्बल संसारवादीके स्थानपर उग्र-विचारवादी बन गया।

संसारके इतिहासमें यहूदी जातिके प्रभावका अध्ययन करते समय समय मेरे सामने एक अद्भुत प्रश्न आ उपस्थित हुआ। "क्या यहूदी जातिका पूर्णरूपेण हमारे ऊपर अधिपत्य जम गया है?" परन्तु इस प्रश्नका समाधान "नहीं" के रूपमें स्वयं यहूदी-सिद्धान्तने कर दिया।

यहूदियोंका मार्क्सवाद व्यक्तिवादके प्रतिकूल था। इस प्रकार उसे अनन्त प्राकृतिक नियमोंका नाशक कहा जाय तो कोई भी अत्युक्ति

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



नहीं हो सकती। यह जनताके बीच व्यक्ति-विशेषके महत्वको नष्टकर राष्ट्रीयता तथा जातिके महत्वको विलुप्त करना चाहता था। इस प्रकारके नियमोंसे क्रान्तिका उद्भव और विश्व-शान्तिको खतरेमें डाल देनेवाली परिस्थिति उत्पन्न होती है। जहां यह प्रचलित होता है वहांकी जनता समूल नष्ट हो जाती है।

यदि यहूदी अपने मार्क्सवादसे संसारकी समस्त जातियोंपर विजय प्राप्त करते हैं,तो निस्सन्देह उनका शासन मानवजातिके मरणासन्नकालका सूचक होगा जैसा कि आजसे हजारों वर्ष पूर्व हुआ था।

अनन्त प्रकृति अपने विरुद्ध किये हुये कृत्योंका प्रतिफल सर्वदा देनेके लिये प्रस्तुत रहती है।

इस प्रकार मैं अपनेको सर्वशक्तिशाली परमेश्वरका अंश मान कार्यक्षेत्रमें अवतीर्ण होनेका प्रयत्न करूंगा। यहूदियोंके खिलाफ मेरे आन्दोलन ईश्वरके प्रति मेरे कर्त्तव्यका पालन है।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

# तीसरा अध्याय

## तत्कालीन वियेनामें राजनीतिक विचारधारा।

प्राचीन डैन्यूब राजसत्ताकालीन अस्ट्रियामें जर्मनीकी अपेक्षा आम राजनीतिक चर्चा ज्यादा होती थी। प्रसिया,हैम-बर्ग तथा उत्तर समुद्रतटीय-देश इस विषयमें और भी चढ़े बढ़े थे,इस विषयमें अस्ट्रिया अर्थात हैब्सबर्ग-साम्राज्य जर्मनोंसे आबाद रहनेके कारण ऐतिहासिक दृष्टि तथा आबादीके कारण ही नहीं वरन अपनी राजनैतिक विचार श्रृङ्खलाके कारण शिरमौर गिना जाता था। उसका सांस्कृतिक जीवन अपने ढंगका निराला ही था। समयकी प्रगतिके साथ ही साथ उस साम्राज्यकी उन्नति होती जाती थी।

तत्कालीन अस्ट्रिया कई जातियोंके सम्मिश्रणसे बना था। उसकी राजनीतिक परिस्थिति बहुत कुछ अच्छी थी। उस कार्यमें जर्मनोंका प्रमुख हाथ था। परन्तु पचास मीलियन विस्तृत साम्राज्य जो कि दस मीलियन विभिन्न जातियोंके लोगोंसे बसा हुआ था,स्थायी तथा उपयोगी सिद्धान्तोंके बिना संचालित नहीं हो सकता था।

प्रत्येक जर्मन-अस्ट्रियन उस विशाल साम्राज्यकी छत्रछायामें रहता था। उसका कर्त्तव्य साम्राज्यकी हर प्रकारसे सेवा करना था। जब उसका ध्यान साम्राज्यके सीमान्त प्रदेशकी ओर जाता, वह

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



उसे उसी रूपमें देखता जिस रूपमें किसी साम्राज्यवासीको देखना चाहिये। तथापि यह उसका भाग्य था कि अपनी वास्तविक मातृ-भूमिसे पृथक् रहते हुये भी वह अपने पूर्वजोंकी तरह जर्मन और जर्मनोंके स्वत्वोंकी रक्षाके लिये अपनी जान तक कुरवान कर सकता था। उसके हृदयमें अपनी उस मातृभूमिके लिये कभी भी असहानुभूतिको स्थान प्राप्त नहीं हुआ और उसकी भावनायें पूर्ववत् बनी रहीं।

एक जर्मन-अस्ट्रियनका दृष्टिकोण साम्राज्यके अन्य निवासीकी अपेक्षा व्यापक तथा उदार था। उसका आर्थिक सम्बन्ध केवल उसी साम्राज्यसे मतलब नहीं रखता था। वह जर्मन-अस्ट्रियाके संयुक्त साम्राज्यका परिचायक था। तत्कालीन अस्ट्रियन-साम्राज्यके बड़ेसे बड़े काम उपरोक्त श्रेणीके लोगोंके हाथमें थे। राज्यके कर्त्ता-धर्त्ता वे ही लोग थे। इसके अतिरिक्त उन्होंने साम्राज्यके व्यापारको विदेशोंमें इतना विस्तृत कर दिया था जितना कि यहूदियोंके किये नहीं हो सकता। एक जर्मन-अस्ट्रियन जर्मन सेनामें भरती हो सकता था। परन्तु वह सेना वियेना वा गैलिसियाकी भांति हेरजोमिनामें रक्खी जाती थी। वहीं उसकी छावनी थी। सेनाओंके अध्यक्ष जर्मन थे। उच्च अफसर भी जर्मन थे। जर्मनोंके हाथमें विज्ञान तथा कला-कौशलका काम था। आधुनिक साधारण कलाकी उन्नतिको छोड़ जर्मनोंके जिम्मे कला तथा विज्ञानकी शिक्षा देनेका कार्य था। संगीत शिल्पविद्या, चित्रकारी इत्यादिके लिये वियेना केन्द्र था जो कि साम्राज्यको उन्नतिके शिखरपर आवेष्टित कर रहा था।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



इतना ही नहीं, समस्त वैदेशिक नीति जर्मनोंके हाथमें थी। उसमें नाममात्रके हंगेरियन भी शामिल थे।

ऐसी दशामें मेरे समयके उस विशाल अस्ट्रियन साम्राज्यका जर्मनोंके सहयोग बिना चलना असम्भव था।

विभिन्न जातियोंसे बसे हुए उस अस्ट्रियन साम्राज्यका संचालन तभी हो सकता था जब कि व्यक्तिगत तथा जाति विशेषके स्वार्थोंका ध्यान न कर उसका संचालन करनेके लिये किसी केन्द्रीय सरकार का निर्माण होता और सर्वसाधारणके स्वार्थोंकी रक्षा की जाती।

कितने ही अवसरोंपर सम्राटका ध्यान इस ओर आकर्षित हुआ परन्तु या तो वे भूल जाते होंगे अथवा इस नीतिको कार्य्यान्वित करनेमें किसी प्रकारकी अड़चन पड़ती होगी।

तत्कालीन जर्मनी यद्यपि छोटा था तथापि उसके वासिन्दे एक ही वंशके थे। परन्तु अस्ट्रियाके विषयमें यह बात नहीं थी।

हंगरीके अतिरिक्त बहुतसे देशोंमें प्राचीन अतीतकालीन स्मृतियां विलुप्त हो चुकी थीं अथवा समयके फेरसे उनपर परदा पड़ गया था अर्थात हरप्रकारसे लोग इस विषयमें अज्ञान थे। परन्तु स्वातन्त्र्यवाद के प्रारम्भकालसे इन देशोंमें सार्वजनिक शक्तियोंका अविर्भाव हुआ। यह वह काल था जब कि राजतन्त्रकी बनी बनाई नींवपर प्रजातंत्रीय स्वाधीन राष्ट्रोंका निर्माण प्रारम्भ हुआ। इसका प्रभाव अस्ट्रियन जनता पर भी पड़ा। वहां भी स्वाधीनताकी आग भभक उठी। उसमें वर्तमान जर्मन-अस्ट्रियासे अधिक आकर्षण था।

यहां तक कि वियेना भी उस संघर्षमें असफल रहा।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



वियेना उस समय बुडापेस्टका प्रतिद्वन्द्वी माना जाता था। यद्यपि बुडापेस्ट एक अच्छा शहर था तथापि कुछ कारणोंसे अपने प्राधान्य के लिये परस्पर रहस्यमय वितण्डा उठा हुआ था। शीघ्र ही प्रेग,लैम वर्ग लैबेच इत्यादि नगरोंने भी बुडापेस्टके मार्गका अनुसरण किया।

जोसेफ द्वितीयके मृत्युकालसे इस रहस्यमय विषयका उद्‌घाटन हो सकता था। इसकी गति कुछ राज्यसम्बन्धी राजनैतिक घटनाओंपर निर्भर थी जिनका विदेशोंसे सम्पर्क था।

यदि इस साम्राज्यके निर्माणके लिये अन्ततक संघर्ष किया जाता तो यह अवश्यम्भावी था कि एक सिद्धान्तवादी जनप्रिय केन्द्रीय सरकारकी स्थापना हो। इसीसे सम्भवतः कुछ निष्कर्ष निकल जाता सजातीयताका स्वरूप राज्यके भाषा सम्बन्धी सिद्धान्तों द्वारा ही प्रदर्शित होना चाहिये। इसका लाक्षणिक प्रयोग राज्य-व्यवस्थाका एक अङ्ग होना चाहिये था क्योंकि इसके बिना कोई भी संगठित राष्ट्रकी उन्नति नहीं हो सकती। इसके अतिरिक्त राष्ट्रके एकीकरण अथवा उसकी स्थायी स्थितिका ज्ञान विद्यालयों और शिक्षा द्वारा ही कराया जा सकता था। यह दस या बीस वर्षमें उपलब्ध नहीं हो सकता। इसका मनन शताब्दियोंमें ही हुआ करता है, क्योंकि उपनिवेश नीतिके प्रश्नपर स्वार्थ-तत्परता आक्षेपक कार्य्योंसे अधिक लाभप्रद सिद्ध हो सकती है।

अस्ट्रियन-साम्राज्यका गठन किसी एक जातिसे नहीं हुआ था। उसमें विभिन्न जातिके लोग बसे हुये थे, जैसा कि मैं पहले लिख चुका हूं। उनका खून एक न था। अतएव स्वार्थोंमें विभिन्नताका

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



आजाना जरूरी ही है। इसके परिणामस्वरूप, राष्ट्रके नेतृत्वकी दुर्बलता अकर्मण्यताका प्रसार ही नहीं वरन विभिन्न जातियोंसे बसे होनेके कारण व्यक्तिवादकी स्वाभाविक पशुवृद्धिको उत्पन्न कर रही थी। परन्तु हमारे सौभाग्यवश एक प्रभावोत्पादक परिस्थितिने इसके बढ़ते हुए रूपमें बाधा डाली।

इसके समझनेमें काहिली दिखाना हैब्सबर्ग राज्यघरानेका निन्दनीय अपराध था।

एक समय वह था जबकि इसका बोलबाला हो रहा था, परन्तु सहसा यह सदाके लिये लुप्त होगई।

जर्मनीके रोमन-सम्राट् जोसेफ द्वितीयने इस विषयको भली-भांति समझा कि किस प्रकार उसके पूर्वज अपनी कुनीतिको कार्यान्वित करनेके पूर्वही वेबिलोनियन जातिके बवण्डरमें अपना अस्तित्व तक मिटा गये। उस जनबन्धुने अलौकिक परिश्रमसे अपने पूर्वजोंकी भूलोंका सुधार करना प्रारम्भ कर दिया। शताब्दियोंसे पिछड़े कार्यको उसने दस वर्षके अन्दर ही कर डाला। परन्तु उसके अधिकारी इस कार्यकी पूर्त्तिमें अयोग्य प्रमाणित हुए। वे निकम्मे और कमअक्ल थे।

१८४८ई०का विप्लव संसारकी विभिन्न जातियोंका उन्नति-संग्राम था, परन्तु अस्ट्रियाका स्वातन्त्र्य संग्राम यहींसे प्रारम्भ होता है। अपने भविष्यका ध्यान न कर,उसके मूलको बिना समझे-बूझे जर्मन भी इस विप्लववादी आन्दोलनमें कूद पड़े। उन्होंने संसारव्यापी प्रजातन्त्रवादके भावोंको जागृत करनेमें कुछ भी नहीं उठा रक्खा, परन्तु हतभाग्य उन्हें अपनी स्थिति तथा सिद्धान्तसे विमुख होना पड़ा।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



सर्वसाधारण-प्रिय-भाषाके सिद्धान्तोंकी स्थापना किये बिना ही प्रतिनिधि परिषद्का गठन जर्मन-जातिके प्रभुत्व-विनाशकालका सूचक हुआ। परिणामतः साम्राज्यका अधःपतन अवश्यम्भावी हो गया। इसके बाद क्या हुआ—वह एक साम्राज्यके विकाशका इतिहास है।

मेरी इच्छा नहीं है कि मैं इन पचड़ोंमें विशेष रूपसे पड़ूं, क्योंकि मेरी पुस्तकका यह उद्देश्य नहीं है। इन घटनाओंको उल्लेख करनेका एकमात्र उद्देश्य "राष्ट्रोंके पतनका कारण—अपने अतीतका संस्मरण, राजनीतिक दृष्टिकोणकी युक्तियुक्त विवेचना" इत्यादिका ज्ञान प्राप्त करना है। मैं कह नहीं सकता कि इन घटनाओंका मुझपर कितना प्रभाव पड़ा और कहांतक मैं अपने राजनीतिक सिद्धान्तोंको निर्धारित करनेमें सफल रहा।

राजनैतिक संस्थाओंमें रीशरैटका स्थान प्रमुख था। वह अस्ट्रिया की पार्लियामेंट मानी जाती थी। उसमें जनसाधारणके सभी वर्गोंका प्रतिनिधित्व था। उस समय उसीकी तूती बोल रही थी।

यह बात स्पष्ट है कि इङ्गलेण्डकी पार्लियामेंटके प्रजातन्त्रीय-सिद्धान्तोंके आधारपर ही उसकी सृष्टि हुई थी। उस प्रगतिशील संस्थाकी स्थापना वियेनामें हुई।

इङ्गलिश-पार्लियामेंटकी भांति उसमें भी दो विभाग किये गये जो ऐबजियोरटेनसस तथा हैरेनसके नामसे विख्यात थे। किन्तु उन में कुछ भिन्नता थी। जिस समय लार्ड बैरीके पार्लियामेंट हाउसोंका निर्माण हुआ, उसने आलों, स्तम्भों, चौखूटियों इत्यादि शानशौकत वाली वस्तुओंसे उस भव्य-भवनको न सजा ब्रिटिश इतिहासमें एक

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



नवीन उदाहरण उपस्थित कर दिया। इस प्रकार वास्तुविद्या तथा चित्रकारीसे हाउस आफ लार्डस और कामन्स जातीय गौरवके मन्दिरस्वरूप होगये।

इस स्थानपर वियेनाकी सर्वप्रथम कठिनाई थी। जिस समय हेनहेन्सनने जन-प्रतिनिधियोंके लिये बने संगमरमरके भव्य-प्रासाद का शिखर निर्माण किया,उसकी एकमात्र यही इच्छा थी कि प्राचीन शिलाचिन्हसे उसे विभूषित किया जाय। ग्रीक तथा रोमन-राजकर्म-चारियों और तार्किकोंने इसका समर्थन किया और उस भवनको नाट्यशालाकी भांति विभूषित कर पश्चिमीय प्रजातन्त्रवादका प्रद-र्शन किया। इतना ही नहीं, उन्होंने उसके शिखरपर गगनचुम्बी सर्वदिग्व्यापी राजलीन प्राचीन पताकाओंको फहरा अपनी भेदभाव पूर्ण प्रकृतिका परिचय दिया।

यह देशभक्तोंके लिये एक ताना था। इसमें नीचताकी चरम-सीमाका निदर्शन था। इसे अपमानकी पराकाष्ठा कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

यदि अस्ट्रियन इतिहास अपने इस कार्यके लिये गौरवान्वितहोता तो सम्भवतः देशभक्त इस कुकार्यको अपमानकी दृष्टिसे देखते और उत्तेजित होते। ससारव्यापी महायुद्धके पूर्व जर्मन-साम्राज्यकी बर्लिन स्थित "जर्मनोंको समर्पित" शिलालेखयुक्त पालवैलटकी रीचस्टैग-बिल्डिगकी कोई भी प्रतिष्ठा न थी।

अस्ट्रियन साम्राज्यमें जर्मनोंका भाग्य उनकी रीशरैटकी शक्तिपर निर्भर था। जबतक सार्वलौकिक मताधिकार प्रणाली तथा सिक्रेट

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



बैलट द्वारा वोट देनेका नियम नहीं बना था तबतक रीशरैटमें जर्मनों का बहुमत था। वास्तवमें इसप्रकारके कार्य अवांछनीय थे। तत्कालीन प्रजातन्त्रीय सरकारके अनुत्तरदायित्वपूर्ण विचारोंके कारण ही ऐसा हुआ था। इन नियमोंका निर्माण जर्मन-जातिकी ऐक्य-शृङ्खलाको छिन्न-भिन्न कर उसके प्रभुत्वको सर्वदाके लिये रीशरैटसे मिटानेके लिये ही हुआ था। यहां तक कि समाजवादी भी जर्मनपार्टीके सदस्य माने जाते थे। सार्वलौकिक मताधिकार-प्रणालीके पश्चात् जर्मनपार्टी इतनी कमजोर होगई कि चन्द सदस्य ही उसमें रह गये। इस प्रकार उस साम्राज्यमें जर्मन-जातिके संगठनका कोई मार्ग नहीं रह गया।

जनसाधारणके प्रतिनिधित्व द्वारा राष्ट्रीय विचारोंकी रक्षाका जो ढोंग रचा गया था, उसपर मेरी किंचितमात्र भी श्रद्धा नहीं थी। इस विषयमें जर्मनोंको उचित प्रतिनिधित्व न न दे उन्हें सर्वदा ठगनेकी चेष्टा की गई थी। अन्य दोषोंकी भांति ये दोष केवल अपने विषय तक ही सीमित नहीं थे वरन इनका सम्पर्क पूर्णतया अस्ट्रियन-साम्राज्यसे था। प्रारम्भमें भी मैं यह सोचा करता था कि यदि जर्मनोंका बहुमत स्थापित कर दिया जाता तो सिद्धान्तोंमें किसी भी प्रकारका हेरफेर न होता।

परन्तु समाजवादके नामपर साम्राज्यवादकी लिप्साओंको पूर्ण करनेवाले घृणित अभिनयको प्रत्यक्ष रूपमें देख मैं विक्षुब्ध हो उठा।

वर्तमान पश्चिमीय प्रजातन्त्रवाद मार्क्सवादका भविष्यसूचक चिन्ह है। यह उस संसारव्यापी संचारी रोगका भक्षक है जो वहां फल

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



रहा है। पार्लियामेण्टरी शासनपद्धति इसका बाहरी रूप है। इसमें आडम्बरका अच्छा प्रदर्शन है। जर्मन लोकोक्तिके कथनानुसार यह आग और कूड़ेका संघर्ष है, जिसमें आग स्वयं ही भस्मीभूत हो जाती है।

वियेनामें इस विषय-ज्ञानकी परीक्षामें मैं सफलीभूत हुआ। मन ही मन मैंने अपने भाग्यकी सराहना की। मुझे भलीभांति विदित था कि जर्मनीमें किसी भी हालतमें इस विषयका प्रत्युत्तर नहीं मिल सकता था। यदि मैं सर्वप्रथम बर्लिन-पार्लियामेन्टकी निरर्थकताको समझ लेता तो सम्भव था कि मेरे विचार उपरोक्त विचारोंसे भिन्न होते और मैं उन लोगोंकी श्रेणीमें मिल जाता तो नयनयुक्त अन्धोंकी भांति जनता अथवा साम्राज्यके हितके लिये साम्राज्यवादके स्वप्न देख मानव-जाति एवं समयकी प्रगतिसे प्रतिरोध कर रहे थे।

अस्ट्रियामें यह सर्वथा असम्भव था। वहां भूलोंपर भूल करना सरल न था। यदि पार्लियामेंट अयोग्य थी तो हैब्सबर्ग घराना उससे किसी भी हालतमें कम अयोग्य न था।

यदि पार्लियामेण्ट कोई ऐसा अनर्थकारी कार्य्य कर बैठती है तो उसका उत्तरदायित्व किसी व्यक्ति विशेष पर नहीं आ सकता और न कोई व्यक्ति उसके लिये जबाबदेह हो सकता है।

क्या उस गवर्मेन्टको जो केवल पदत्याग द्वारा राज्य-व्यवस्था को हानि पहुंचाती है, उत्तरदायी नहीं नहीं कहा जा सकता? क्या पार्लियामेंट भंग करने एवं संगठनको बदलनेकी जिम्मेवारी उसपर नहीं आ सकती? भला विभिन्न मतानुयायी इसके लिये किस प्रकार

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



उत्तरदायी हो सकते हैं ? क्या कोई किसी व्यक्ति-विशेषको एक ऐसी गवर्मेन्टके कार्य्योंके लिये जिम्मेदार कह सकता है, जिसका संचालन विभिन्न विचारवाले मनुष्योंकी एक सभा द्वारा होता है ?

अथवा—क्या किसी प्रमुख राजनीतिज्ञका कर्त्तव्य नहीं है कि वह विचारशील एवं युक्तियुक्त उपायोंका ऐसे समयमें अवलम्बन करे ?

क्या लोगोंको अपने प्रस्तावके पक्षमें लानेके लिये नाना प्रकारकी दलीलें दे उनकी आंखोंमें धूल डालनेवाले चातुर्य्यके अतिरिक्त उससे और भी कुछ आशाकी जासकती है ? निस्सन्देह चतुर राजनीतिज्ञों की परख उनके विषय प्रतिपादन तथा प्रबोधनकी शैली द्वारा ही की जा सकती है। मेरे विचारसे उन्हीं लोगोंको राजनीतिज्ञ कहना चाहिये जो जनसाधारणके मनोभावोंको समझते हुए लोगोंको येन-केनप्रकारेण समझा-बुझा सुमार्गपर ले आते हैं।

क्या हम विश्वास कर सकते हैं कि बहुसंख्यक लोगोंकी सम्मिलित बुद्धिसे ही उन्नति हो सकती है, किसी व्यक्ति विशेषकी दिमागी उपजसे नहीं ? अथवा हम इस बातकी कल्पना कर सकते हैं कि भविष्यमें भी मानवजातिकी धारणा इस घातक प्रणालीको ही कार्यान्वित करनेकी रहेगी।

इसके विपरीत—क्या यह विषय पहलेकी अपेक्षा आज अत्यन्त आवश्यक नहीं प्रतीत हो रहा है ?

इसकी व्यक्ति-विशेषके प्रधानत्वकी अस्वीकारोक्ति तथा उसके स्थानपर बहुसंख्यकोंकी किसी भी निर्धारित कालमें नियुक्ति और पार्लियामेंटरी नियमानुसार तथाकथित बहुसंख्यकों द्वारा राज्यपरि-

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



चालन, आधारपूर्ण योग्य व्यक्तियों द्वारा राज्यसंचालनके प्राकृतिक सिद्धान्तोंके विरुद्ध महान पाप है। ऐसे उच्च विचार हमारे लिये इस क्रान्तियुगमें आवश्यक नहीं।

कमसे कम एक यहूदी-पत्रके पढ़नेवालेके लिये यह अत्यंत कठिन है कि वह उस प्रजातंत्रीय आडम्बरपूर्ण पार्लियामेंट कहानेवाली संस्थाके अवगुणोंको जान सके। यदि वह स्वयं ही विचारक तथा अनुभवी परीक्षक हो तो सम्भव है कि वास्तविकता तक पहुंच जाये। परन्तु हममें से बहुत कम ऐसे होंगे जिनमें उपरोक्त दोनों ही गुण देखे जाते हैं और वास्तवमें यही कारण है कि हमारा राजनैतिक-जीवन अव्यर्थ विषयोंकी ओर प्रवाहित हो जाता है और फलतः हम अन्धविश्वासी बन जाते हैं। सच्चे राजनीतिज्ञ उस राजनीतिसे सर्वदा पृथक् रहते हैं जिसका उद्देश्य महत्वपूर्ण कार्य न कर सोदे अथवा मोलभावसे जनप्रियता प्राप्त करना है। ऐसी दशामें देशकी „राजनीतिका तुच्छ मनोभावोंसे संश्लिष्ट रहना कोई आश्चर्यकी बात नहीं है।

हमें यह कभी न भूलना पड़ेगा और न हम भूलेंगे ही कि "एक योग्य मनुष्यके स्थानपर बहुसंख्यकोंकी नियुक्ति नहीं हो सकती"। यह मूर्खताका पक्ष समर्थन और भीरु नीतियोंका निन्दनीय निदर्शन है। जिस तरह सौ मूर्ख एक बुद्धिमानकी भांति विचार नहीं कर सकते, उसी भांति सौ कायरों और बुजदिलोंसे वीरतापूर्ण कृत्योंकी आशा किस प्रकार की जा सकती है?

इसका परिणाम राष्ट्रकी बागडोर एवं आफिसोंका गतिपरिवर्तन है। कोई भी बात जो मानवसमाजके लिये हानिकारक सिद्ध होते हुए

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



भी आपदाओंके बीच कार्यान्वित की जाती है, उसका प्रभाव उसकी प्रगतिपर ही नहीं वरन सच्चे कार्यकर्त्ताओंपर भी पड़ा करता है। फलतः कार्यक्षेत्रमें एक प्रकारकी खलबली सी मच जाती है,जो बहुधा घातक सिद्ध हुआ करती है।

इसी प्रकार प्रमुख-वर्गोंमें दिनोंदिन आध्यात्मिक निर्धनताका प्रसार होता जायगा। फिर राष्ट्र तथा जातिकी क्या दशा होगी यह प्रत्येक विचारशील मनुष्य सोच सकता है।

"जनमत" जाननेके सम्बन्धमें मेरी अतिसाधारण धारणा है। हम बहुत थोड़ीसी बुद्धि एवं अनुभवसे ही यह जान सकते हैं कि जनताका क्या रुख है। इस ज्ञानको हम आत्मप्रकाश कहते हैं। राज-नीतिक दृष्टिसे जनताका अवलोकन आत्मा एवं बुद्धिके संघर्षका अन्तिम निर्णय है।

राजनीतिके अंगोंमें "शिक्षा" एक अति महत्वपूर्ण विषय है। इसका दूसरा स्वरूप प्रचारकार्य है। विज्ञापनों, समाचारपत्रों, हैंडबिलों तथा भाषणों द्वारा राजनीतिक सिद्धान्तोंका प्रचार किया जाता है। ये साधन जनताके लिये विद्यालयका काम देते है। इसीका नाम आत्म-प्रकाश है। ये साधन राष्ट्रके सरकारी महकमोंके लिये ही नहीं, उनसे दुर्बल, संघर्षशील प्रत्येक शक्तिके लिये हैं। वियेनामें रहनेवाले एक नवयुवकके नाते मुझे इस सिद्धान्त-प्रचारक यन्त्रका पता था। प्रारम्भ में मुझे यह देख बड़ा ही आश्चर्य हुआ कि साम्राज्यवादी जनताके मतको मनमानी तौरसे निश्चित कर इसका दुरुपयोग कर



Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



रहे थे। उनका मत जनताका आवाज माना जाता था। परन्तु वास्तव में जो कुछ लिखा जाता था जनताकी इच्छा तथा दृष्टिकोणसे सर्वथा विपरीत होता था। इसे धूर्तता और मक्कारीके अतिरिक्त कुछ नहीं कहा जा सकता। चन्द दिनोंमें यह अनर्थकता साम्राज्यवादी राष्ट्रके लिये स्वार्थ सिद्धिकी साधना-स्वरूप प्रतीत हुई। ठीक इसी समय जनताका ध्यान आवश्यक समस्याओंकी ओरसे फिर गया अथवा उनको सर्वसाधारणके ध्यानसे भुलानेकी चेष्टा की गयी।

चन्द सप्ताहोंके बीच ही कुछ चापलूसोंकी प्रशंसाके पुल बांध दिये गये। जनताका ध्यान उनकी झूठी सेवाओंकी ओर आकृष्ट करनेकी पूर्णतया चेष्टा की गयी। उनलोगोंसे अविश्वसनीय आशायें प्रकट की गई थीं। उन्हें ऐसी जन प्रियता प्रदान की गई, जिसे प्रत्येक सच्चा तथा कर्मवीर मनुष्य घृणाके साथ ठुकरा देगा। एकमाह पूर्व तो उन लोगोंको कोई जानता भी न था। न वे तीनमें थे न तेरहमें। इसके विपरीत राष्ट्र तथा जनताके आदर्शवादी प्रातःस्मरणीय पथ-प्रदर्शक कलङ्कके भागी बनाये गये। उनका नाम घृणाके साथ लिखा जाने लगा उनके पवित्र नामोंके आगे कुशब्द भी जोड़े जाने लगे। साम्राज्य-वादियोंकी दृष्टिमें उनकी असूल्य एवं अलौकिक सेवाओंका यही प्रति-फल था। मैं कह नहीं सकता कि उन महात्माओंके प्रति किये गये दुस्कृत्योंका वर्णनकर मेरा हृदय क्यों दो टूक हुआ जा रहा है? सम॰ कालीनताके इस लज्जाजनक यहूदी-तरीकेको सीखना अत्यन्त आवश्यक था! सैकड़ों उपायोंसे उन माननीय व्यक्तियोंके पवित्र नामपर अपयश तथा कलङ्कका टीका लगानेकी चेष्टा की गई। प्रेस अधिकारके दुरुप-

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



योग तथा दुर्जनताका खासा प्रदर्शय किया गया। अर्थात् दूसरे शब्दोंमें प्रेस-अधिकार द्वारा जनताको खुली धमकी दी गई।

जनताकी विचारहीन तथा विक्षेपपूर्ण पथ-भ्रष्टता तत्कालीन प्रजातन्त्रीय पार्लियामेंटरी प्रणाली एवं निस्वार्थ जर्मन-प्रजातन्त्रवाद की तुलनासे समझी जा सकती है।

सबसे विचारणीय बात तो यह आती है कि दो या चार सौ मनुष्योंकी एक सभा प्रत्येक विषयपर वादविवाद कर उसे उचित रूप से कार्यान्वित करती है,अतःउसीको गवर्मेण्ट कहना वा मानना होगा। क्योंकि जो मन्त्रिमण्डल बनता है वह उन्हीं सदस्यों द्वारा निर्वाचित किया जाता है। उक्त मन्त्रिमण्डलपर ही देशका समस्त भार होता है। अब हम विचार सकते हैं कि यह बहाना नहीं तो क्या है? इस प्रकारकी गवमेंन्ट सभाकी आज्ञा बिना कोई भी कार्य नहीं कर सकती। इस प्रकार इसके ऊपर किसी प्रकारका उत्तरदायित्व भी नहीं आ सकता,क्योंकि अन्तिम निर्णय देनेका इसे कोई भी अधिकार नहीं है। यह पार्लियामेंटके बहुमतवाले पक्षको पाबन्दी है। हर तरहसे बहुमत प्राप्त पक्षके कथनानुसार कार्य करना ही इसका कर्त्तव्य है।

हमारे आधुनिक प्रजातन्त्रवादका उद्देश्य मनुष्योंकी सभा संगठितकर राज्य परिचालन करना नहीं है महत्वहीन दब्बुओंसे जिनकी बुद्धि सर्वदा सीमित रहती है और जो हाथोंके इशारोंपर कामकरतेहैं, किसी भी उत्तरदायित्वपूर्ण गवमेंटका काम नहीं चल सकता। हां, इस प्रकार दलबन्दीका अभिनय अवश्य किया जा सकता है। इस व्यूह निर्माणमें वास्तविक कार्यकर्ताओंपर किसी भी प्रकारकी बदनामी

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



नहीं आती। वे अपनी मनमानी-घरजानी करके भी भलेके भले ही रहते हैं। उदाहरणार्थ यदि कोई विधान जनताके लिये हानिकारक बना तो उसके लिये टट्टीकी ओटमें शिकारकरनेवाला बदमाश किसी भी हालतमें दोषी नहीं ठहराया जा सकता। हालांकि जो कुछ हुआ है वा किया गया है, वह उसीके इशारोंपर किया है, तोहम जनताके प्रतिनिधि ही उसके लिये दोषी ठहराये जाते हैं।

वर्त्तमान समयमें किसी भी अनुचित अथवा उचित कार्यवाहीका उत्तरदायित्व उसी योग्य व्यक्तिपर आता है जो कि जनताकी रायसे राज्य-सञ्चालन करता है।

पार्लियामेंटरी प्रणाली मिथ्यावादी अप्रगतिशीलोंके लिये लाभ-दायक एवं आनन्ददायक हो सकती है, परन्तु एक प्रगतिशील उत्त-रदायित्वपूर्ण व्यक्ति सर्वदा ही इसे घृणित रूपमें देखेगा।

अतः यह मानना पड़ेगा कि प्रजातन्त्रवादकी यह प्रणाली वंशरक्ष-कोंकी स्वार्थपूर्तिके लिये अच्छा साधन बन गयी हैं। इसका मात्र उद्देश्य जनताके उज्वल भविष्यको अन्धकारमय करना है। एक यहूदी जो कि स्वयं धूर्त्त एवं पतित है, इस आडम्बरपूर्ण सभाको महत्वपूर्ण मान सकता है।

भूतकालीन विरुद्धगुणोंसे पार्थक्य रखना ही जर्मन प्रजातन्त्रवाद है,जिसे नेता स्वयं ही निर्धारित करता है। उसका उत्तरदायित्व उसी पर होता है। यहांपर बहुसंख्यकोंके मत-निर्णयकी उपेक्षाकर उस योग्य व्यक्तिके कथनानुसार कार्य किया जाता है जो उसी कार्यके लिये अपने जीवनको समर्पित कर बैठा है।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



यदि कोई उसपर आक्षेप करता है और उसकी आवश्यकता समझी जाती है तो उसे स्वयं एक ही उत्तर मिलता है कि—"जर्मन प्रजातन्त्रवाद अयोग्य एवं नैतिक विचारोंमें पतित, उल्टे मार्गसे चलने-वाले व्यक्ति द्वारा नहीं चल सकता। कोई भी अयोग्य एवं बुजदिल उस महान कार्यके उत्तरदायित्वको ग्रहण नहीं कर सकता। यदि वास्तवमें वह अयोग्य है तो एकदिन भी राज्य संचालन करना उसके लिये मुहाल है।"

गत वर्षों की पार्लियामेंटरी शासनपद्धतिने हैब्सबर्ग-साम्राज्यकी दिनोंदिन बढ़ती हुई अवनतिको और भी प्रोत्साहन दिया। उसकी नियुक्ति के साथ ही साथ अस्ट्रियासे जर्मन-जातिके प्रभुत्वका नाश होगया। परिणामतः पारस्परिक मतभेदकी भावना अस्ट्रियन-साम्राज्यमें बुरी तरहसे फैल गई। परन्तु इतना होते हुए भी सबका लक्ष्य जर्मनीकी शक्तिको क्षीण करना ही था। विशेषतः जबसे आर्कड्यूक-फ्रान्सिस फर्नीनैन्डको राज्यका उत्तराधिकारी घोषित किया गया, तभीसे जेक लोगोंके प्रभावको प्राणपणसे बढ़ानेकी चेष्टा की गई। इस उत्तराधि-कार प्राप्त शासकने अपने शासनके पूर्व्व ही हर प्रकारसे जर्मनजाति की ऐक्य-श्रृङ्खलाको छिन्न-भिन्न करनेके लिये कुछ भी नहीं उठा रक्खा। इसप्रकार खास जर्मनगांव भी सरकारी दस्तन्दाजीके कारण विभिन्न जातियोंसे भर गये। उनके बीच जर्मन और जर्मनीके प्रति कुभाव-नाओंका प्रचार किया गया। लोअर-अस्ट्रियामें इस आन्दोलनने खूब जोर पकड़ा, यहां तक कि जेक लोग वियेनाको अपना प्रधान शहर मानने लगे।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



इस शक्तिप्राप्त हैब्सवर्ग (आ० ड्यू० फ्रा० फर्नीनेन्ड)' का विचार मध्य-योरूपमें कैथोलिक धर्मके आधारपर गुलाम-राष्ट्रकी सृष्टिकर रूससे अपनी रक्षा करना था। उसके घरानेमें जेक लोगोंका प्रभुत्व बहुत बढ़ गया था। आर्कड्यूककी स्त्री एक जेक काउण्टेस थी। उसने अपनी नीच प्रवृतियोंकी पूर्तिके लिये ही प्रिन्ससे शादीकी थी। उसका जन्म जर्मनविरोधी वातावरणमें हुआ था। उसकी आंतरिक इच्छा अष्ट्रियामें जेक-साम्राज्यकी स्थापना करने की थी। इस भांति हैब्सवर्गरोंने पवित्र राजनीतिमें पुनः धार्मिक प्रश्नोंको उठाया। जर्मन-दृष्टिकोणसे यह अत्यन्त दुःखदायक विचार थे।

इसका परिणाम किसी भी प्रकार सुखदायक नहीं हो सकता। इससे न तो हैब्सवर्ग घराना लाभ उठा सका न कैंथलिक चर्चाका ही कुछ सम्मान बढ़ा। आशाओंने निराशाओंका रूपधारण किया। जनता क्षुब्ध हो उठी। अत्याचारी शासनके अन्तिम दिन दिखाई देने लगे।

हैब्सवर्ग घरानेको राज्य खोना पड़ा। रोमके हाथसे एक अच्छा राष्ट्र निकल गया।

राजनीतिमे धार्मिक प्रश्नोंको उठा राज्य-संचालकोंने लोगोंके सोये हुए दिलको जगा दिया। उनकी आंखें खुल गईं। प्राचीन अस्ट्रियन राजसत्ताने हरप्रकारसे जर्मनवादका नाश करनेकी चेष्टा की। इसका जवाब उन्हे अस्ट्रियाके पैन-जर्मन आन्दोलन द्वारा भलीभांति दे दिया गया।

१८७०ई०के युद्धके पश्चात् हैब्स-घराना बड़ो धीरता एवं गम्भीरताके साथ तन-मन-धनसे जर्मन-जातिका समूल नाश करनेपर तुला,

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



हुआ था। गुलाम-राष्ट्रका बीज रोपित हो चुका था। परन्तु उसके फलने-फूलनेमें जर्मन-जाति महान बाधक सिद्ध हो रही थी। जर्मनोंमें क्रान्तिकी ज्वाला धधक उठी। उन्होंने इस अन्यायके विरुद्ध सिर उठाया। उन्होंने जो विचारा वह अन्ततक कर दिखाया।

राष्ट्रीय भावनाओंसे परिपूर्ण देशभक्तोंने बगावतका झंडा खड़ाकर दिया। उनकी बगावत राष्ट्रके विरुद्ध नहीं, उस गवर्मेन्टके विरुद्ध थी जो देशमें मतभेदकी सृष्टिकर राष्ट्रीयताके महत्वको नष्ट करना चाहती थी।

कुछ पहले प्राचीन जर्मन-इतिहासमें साधारण राजभक्ति तथा अपनी मातृभूमिके लिये विशुद्ध राष्ट्रीय प्रेमके विभेदपर वादविवाद प्रारम्भ हुआ था।

साधारण नियमानुसार हमें यह न भूल जाना होगा कि मनुष्य का सर्वोच्च उद्देश्य किसी गवर्मेन्ट वा राष्ट्रका निर्माण करना नहीं वरन उसके राष्ट्रीय विचारोंमें समयानुकूल परिवर्त्तन करना है।

मानव अधिकार राष्ट्रके अधिकारोंसे कहीं बढ़े-चढ़े हैं।

यदि मानव अधिकारोंके लिये उचित संघर्ष करनेमें कोई जाति हिचकती है तो यह उसका दुर्भाग्य है। संसार संघर्षमय है। जीवन संग्राममें प्रवृत्त हो सफल होना ही मनुष्यमात्रका उद्देश्य है। अपने स्वत्वोंकी रक्षाके लिये लड़ना हमारा कर्त्तव्य है। यदि कोई जाति अपने उचित अधिकारोंके लिये लड़नेसे डरे तो भला किस प्रकार इस संघर्षमय संसारमें उसका अस्तित्व चिरस्थायी रह सकता है?

संसार डरपोक जातियोंके लिये नहीं है। "वीर भोग्यावसुन्धरा" पृथ्वी वीरोंके लिये है, कायरों और बुजदिलोंके लिये नहीं।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



एक ओर पैन-जर्मन आंदोलनके उत्थानसे सम्बन्ध रखनेवाली प्रत्येक बात, और दूसरी ओर क्रिश्चियन सोशलिस्टपार्टीकी भयोत्पादक प्रगति, दोनों ही मेरे लिये उद्देश्य रूपमें अध्ययन करनेके लिये गम्भीर विषय थे। पहलेसे सच्ची देश-भक्ति और दूसरेसे कूट-नीतिज्ञताका ज्ञान हो सकता था।

मैं अपनी परीक्षा दो व्यक्तियोंको लेकर प्रारम्भ करूंगा जो कि दो विभिन्न आन्दोलनोंके प्रवर्तक तथा नेता थे। डा० कार्ल लूजर क्रिश्चियन सोशलिस्ट पार्टीका तथा जार्जवान स्कोनरर पैन-जर्मन आन्दोलनका नेतृत्व करते थे।

मनुष्यत्वके विचारसे पार्लियामेंटरी व्यक्तित्वसे उन दोनोंका ही व्यक्तित्व कहीं बढ़ा-चढ़ा था। सांसारिक राजनीतिक भ्रष्टताके दल-दलसे दोनों ही का जीवन मुक्त तथा निष्कलङ्कित था। मेरी सहानुभूति सर्वप्रथम पैन-जर्मन स्कोनररको ओर ही आकृष्ट होती है, परन्तु क्रिश्चियन सोशलिष्ट-लीडरसे सहानुभूति प्रगट किये बिना मेरा मन नहीं मानता।

जब मैंने उन दोनोंके व्यक्तित्व तथा योग्यताकी तुलनाकी, स्कोनरर मेरे दृष्टिकोणमें सामयिक तथा आधारपूर्ण समस्याओंपर कुछ अधिक गम्भीर विचार करनेवाला प्रतीत हुआ। किसी दूसरेकी अपेक्षा अस्ट्रियन साम्राज्यके समूल विनाशको उसने वास्तविक तथा स्पष्ट रूपमें देखा। यदि हैब्सबर्ग-साम्राज्यके प्रति उसकी चेतावनियों पर उचित रीतिसे ध्यान दिया जाता तो समस्त योरूपके विरुद्ध जर्मनी युद्ध न छेड़ता और वर्त्तमान समयमें जर्मनी कुछ और

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



हो होता। यद्यपि स्कोनरर समस्याओंकी तह तक पहुंच गया था तथापि मानव-तत्वको समझनेमें उसने भूल की।

डा० लूजरमें यही एक महान गुण था। उसे मनुष्योंका असाधारण ज्ञान था। मनुष्योंको अपेक्षाकृत उच्च दृष्टिसे देखनेकी त्रुटि उसमें न थी। किसी भी वस्तुको उसके वास्तविक रूपमें देखना ही उसका आदर्श गुण था। इस प्रकार वह मानवसमाजको वास्तविक रूपमें देख उसकी सम्भवता अथवा असम्भवतापर भलीभाँति विचार कर सकता था। परन्तु स्कोनरर इस विद्यामें उतना निपुण न था। पैन-जर्मनके सभी विचार सिद्धान्तानुसार ठीक थे, परन्तु अपनी मानसिक बुद्धिको जनसाधारणमें विकसित करनेकी शक्तिका उसमें अभाव था। अपने सिद्धान्तोंको किस रूपमें और कैसे जनताके सामने रक्खा जाय, इसका उसे ज्ञान न था। किसीके हृदयमें अपनी बातोंको बैठा देना, आसान काम नहीं है। विशेषतः स्कोनररके लिये यह सर्वथा असम्भव था। उसके विचार सीमित थे। उसकी बुद्धि एक भविष्यदर्शीके समान थी। उसकी सत्यता क्रियात्मक रूपमें कभी भी नहीं आ सकती थी।

दुर्भाग्यवश मध्यश्रेणीके लोगोंकी संघर्ष-तत्परताकी असाधारण परिमितताके विषयमें उसका अनुभव अधूरा था। यह विचार उनकी व्यापारिक स्थितिके कारण ही था, जिसे खो देनेका भय मध्यवित्तके लोगोंको सर्वदा ही लगा रहता है। स्कोनररके विचारसे मध्यश्रेणीको कार्य्यक्षेत्रमें अग्रसर होने देनेमें यही सबसे प्रबल बाधक है। परन्तु यह बात ठीक नहीं थी।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



मध्यवर्गकी अन्दरूनी महत्वपूर्ण तह तक न पहुंचना ही सामाजिक प्रश्नोंमें उसके विचारोंकी आरोग्यताका एकमात्र कारण है।

इन सब बातोंमें डा० लूज़रके विचार स्कोनररसे सर्वथा विपरीत थे। उसने इस बातको भलीभांति समझ लिया था कि उच्च-मध्यश्रेणीकी तत्कालीन शक्ति अत्यन्त क्षीण थी और उसके लिये किसी एक नये आन्दोलनपर विजय प्राप्त करना असम्भव था। यह प्राप्त शक्तियोंका उपयोग करनेको प्रस्तुत था। उसमें तत्कालीन सभाओं वा संस्थाओंको अपने सिद्धान्तकी ओर आकृष्ट करनेकी शक्ति थी। इस प्रकार वह प्राचीन उपायोंसे ही अपने नवसिद्धान्तोंका का प्रचार करनेमें समर्थ था।

उसने अपने इस नये दलको स्थापना नाशसे भयभीत मध्यश्रेणीके लोगोंके आधारपर की। इस भांति उसने ऐसे अनुयायियोंको प्राप्त किया जो कि अभय, आत्मोत्सर्गके लिये सर्वदा तत्पर एवं लड़ने मरनेके लिये प्रस्तुत रहते थे। अपनी असाधारण चतुरतासे उसने कैथोलिक चर्चसे संबंध स्थापितकर युवक पादरीपर अपना प्रभाव जमा लिया। या तो पादरियोंके दलको कार्यक्षेत्रसे हटनेके लिये बाध्य किया गया, अथवा वे स्वेच्छापूर्वक सहानुभूति प्राप्त इस दलमें आमिले।

डा० लूज़रके गत कार्य्योंको केवल विशिष्टता मानना हमारे पक्षमें बहुत अन्याय होगा क्योंकि उसमें एक उस्ताद चालबाजका ही गुण न था, वह साथ ही साथ एक महान सुधारक भी था। अपनी योग्यता तथा समयानुकूल सुविधाओंके उपयोगका ठीक ज्ञान होनेके कारण वह अपने ऊपर भलीभाँति नियन्त्रण रखता था।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



इस विख्यात तथा सच्चे मनुष्यने जो उद्देश्य अपने सामने रक्खे थे वे किसी भी हालतमें कम उग्र और अवास्तविक नहीं थे। उसकी आन्तरिक इच्छा राज्यके अन्तस्तल वियेनापर अधिकार जमानेकी थी। वह नगर रोगग्रस्त तथा क्षीणकाय साम्राज्यका अवशिष्ट जीवन था। "यदि हृदय स्वस्थ था तो अन्य अङ्ग पुनः जीवन प्राप्त कर सकते थे" निस्सन्देह यह विचार सिद्धान्तानुकूल है, परन्तु इसको कार्यान्वित करनेका समय निश्चित एवं सीमित था।

इस स्थानपर उस मनुष्यकी कमजोरी जाहिर होती है।

निस्सन्देह नगराध्यक्षके पदपर उसके कार्य अमर और स्मरणीय रहेंगे तथापि वह राज्यकी रक्षा किसी भी हालतमें नहीं कर सकता था। बहुत काफी देर हो चुकी थी। "अब पछताये होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत।"

उसके प्रतिद्वन्द्वी स्कोनररने इसे अत्यन्त प्रत्यक्ष रूपमें देखा।

जिस कार्यको डा० लूजरने अपने हाथमें लिया उसमें,उसे अपूर्व सफलता प्राप्त हुई, परन्तु जो परिणाम उसने विचारा वह व्यर्थ और निकम्मा प्रमाणित हुआ।

अफसोस; स्कोनर अपनी आकांक्षाओंकी पूर्ति न कर सका! उसके भयने उसे अग्रसर न होने दिया!

इस प्रकार दोनों अपने उद्देश्यको प्राप्त करनेमें असफल रहे। न डा० लूजर अस्ट्रियाको बचा सके और न स्कोनर पतनोन्मुख जर्मन जातिकी रक्षा न कर सका। अन्तमें दोनों ही असफल रहे।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



उक्त दोनों दलोंकी असफलताके कारणोंका गम्भीर अध्ययन वर्त्तमानकालमें हमारे लिये अत्यन्त शिक्षादायक प्रमाणित हो रहा है। मेरे मित्रोंके लिये यह बहुत लाभदायक है,क्योंकि बहुत सी परिस्थितियां आज भी उपस्थित हैं जो कि तत्कालीन घटनाओंसे साम ञ्जस्य रखती हैं और उन भूलोंका स्मरण दिलाती हैं जिनसे एक आन्दोलनका नाश और दूसरेकी व्यर्थता प्रकाशित होती है।

अपने प्रारम्भकालमें ही पैन-जर्मन आन्दोलन अपने आदर्शोंकी ओर जनताको आकृष्ट न कर सका। फलतः उसके लिये अनुयायियों का टोटा ही रहा। यही उसके विनाशका कारण हुआ। यह आदरणीय एवं मध्यश्रेणीका आन्दोलन था। परन्तु साथ ही साथ उसका आन्तरिक रूप उग्र था।

पैनजर्मनवादके प्रारम्भकालसे ही आस्ट्रियामें जर्मनोंकी स्थिति बहुत खतरनाक होगई थी। जर्मनजातिके विनाशके लिये प्रतिवर्ष पार्लियामेंटकी नीति क्रमशः उग्र ही होती जा रही थी। इस सभाके अस्तित्वको सर्वदाके लिये मिटा देना ही जर्मनजातिके स्वत्वों रक्षाका एकमात्र अन्तिम उपाय था। किन्तु सब कुछ होते हुये भी इस बात की बहुत कम आशा थी।

अन्तमें पैन-जर्मनोंने पार्लियामेंटमें प्रवेश किया और अपनासा मुंह लटकाये उन्हे वापिस लौट जाना पड़ा।

पैन-जर्मनोंने जिस स्वरूपके समक्ष अपनी मांगोंको रक्खा, वहां उनका महत्त्व बढ़नेकी अपेक्षा घट गया। क्योंकि उनकी आवाज वहां उपस्थितसदस्यों अथवा प्रेस-समाचारोंके पढ़नेवालोंतकहीपहुंचपातीथी

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



अपनी मांगोंको सुनानेके लिये पार्लियामेंट उपयुक्त स्थान नहीं है इसका सरल तथासीधा उपाय जनसाधारणकी सभा है। क्योंकि वहां जनता हजारांकी तादादमें वक्ताके विचारोंको सुनने और उसपर निस्वार्थ रूपसे विचार करनेके लिये आती है। किन्तु पार्लियामेंटके विषयमें ऐसी बात नहीं। वहां कुछ सौ व्यक्ति उपस्थित रहते हैं। उनसेसे अधिकांश सदस्य महज अपनी स्वार्थसिद्धिके लिये उपस्थित होते है। बाकी बचोंमें सिद्धान्तोंका अन्तर रहता है। स्वार्थी जिस ओर स्वार्थसिद्धि देखते है उसी ओर बिना सोचे समझे मिल जाते हैं और परिमाण स्वरूप बहुत सिद्धान्तवादियोंको आदर्शपूर्ण होते हुए भी हार खानी पड़ती है।

अतः ऐसे लोगोंके यामने कुछ कहना या बोलना "भेंसके आगे बीन बजाना है।"वास्तवमें यहां झकमारनेके अतिरिक्त और कुछ भी नहीं। यहां सफलता-प्राप्ति स्वप्नमात्र है।

यही था वहांका कार्य-कलाप। आखिर पैन-जर्मन बोलते बोलते थक गये, परन्तु उनके हाथ कुछ भी न लगा।

समाचार पत्रोंने उनकी पूर्णतया उपेक्षा की अथवा उनके व्याख्यानोंको इस तरह तोड़ मरोड़कर छापा कि क्रमुनगतता तथा भाव नष्ट होगये। परिणामतः जनताका दृष्टिकोण उस नवीन-आन्दोलनके उद्देश्योंसे फिर गया। किसी सदस्यके व्यक्तित्व रूपसे कुछ कहनेका महत्व उतना नहीं जितना प्रकाशनका होता है। समाचार पत्रोंमें उनकी वक्तृताओंकी कतरन छपा करती थी अथवा उन्हें इस प्रकार काट-छांट कर प्रकाशित किया जाता था कि उनके भाव तो लुप्त हो

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



जाते थे और साथ ही साथ उन्हें पूर्णरूपेण निरर्थक भी बना दिया जाता था। जिस स्वरूपके आगे ये लोग बोला करते थे वह ५० सौ पतित मनुष्योंका एक गुट्ट था। इससे हम बहुत कुछ जान चुके हैं।

कुछ समझना असम्भव था।

पैन-जर्मनआन्दोलन सफल हो सकता था,बशर्ते लोगोंकी समझ में यह बात आ जाती कि यह आन्दोलन एक नवीन दल-गठनके लिये नहीं, नवजीवन दानके लिये आरम्भ किया गया है। अन्ततक लड़नेके लिये यही एकमात्र उपाय हो सकता था। उस महान संघर्ष में आन्तरिक शक्तियोंको इसीके द्वारा जुटाया जा सकता था। परन्तु अफसोस। इस उद्देश्यकी पूर्त्ति एक वीर एवं बुद्धिमान नेता केवल अपनी थोड़ीसी नासमझीके कारण न कर सका।

अपनी जानको हथेली पर रखनेवाले योद्धा भी यदि किसी एक सांसारिक नियमके लिये न लड़ें तो उनके लिये कुछ ही समयमें स्वेच्छा पूर्वक अपनी जान कुर्बान कर देना असम्भव हो जायेगा। यदि कोई मनुष्य अपने स्वार्थोंके लिये लड़े तो उसे जनताकी सहानभूति नहीं प्राप्त हो सकती।

कथोलिक चर्चके विरुद्ध पैन-जर्मन आन्दोलन जनताके मनोभाविक चरित्रपर अपना प्रभाव न जमा सका। स्वयं उसके प्रवर्तकमें समझानेकी शक्ति न थी, ऐसी दशामें आन्दोलन किस तरह चल सकता था यह एक विचारवान मनुष्य स्वयं सोच सकता है।

गिर्जाघरोंमें जेक अधिकारियोंका प्रवेश अस्ट्रियाको गुलाम देश बनानेके उपायोंमें से एक उपाय था। यह इस प्रकार हुआ—

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



सर्वप्रथम जेक पादरियोंको जर्मन गिर्जाघरोंमें प्रविष्ठ करा दिया गया—वहां घुसते ही उन्होंने जेकजातिका प्रभुत्व फैलाना शुरूकिया —इस भांति जेक स्वर्थोंकी पूर्त्ति और जर्मन जातिका अङ्गभङ्ग करनेका उपाय सोच निकाला गया।

आह! बेचारे जर्मन पादरी राज्यकी इस निन्दनीय नीतिके सम्मुख शक्तिहीन होगये। उनके लिये लड़ना तो दूर, स्वयं अपनी रक्षाका प्रश्न आ पड़ा। उनके ऊपर नानाप्रकारके अत्याचार किये गये। इस प्रकार जर्मनजाति छोटे २ असह्य अत्याचारों द्वारा एक ओर धार्मिक मामलोंमें और दूसरी ओर राजनीतिक प्रश्नोंमें अपनी दुर्ब्बलताके कारण उन्नति पथसे विमुख कर दी गई।

जार्ज स्कोनरर उनलोगोंमेंसेन था जो अपूर्णरूपसे कामकोप्रारंभ करते हैं। उसने गिर्जाघरोंसे भी लड़ाई ठानी। उसे पूर्ण विश्वास था कि वह अकेला ही जर्मन जातिकी रक्षा करनेमें समर्थ हो सकेगा।

"लौस वानरम" आन्दोलन अतीव शक्तिशाली प्रतीत हुआ। यद्यपि उसके आक्रमणका तरीका भयंकर तथा कठिन था, तथापि वह अपने आप ही नष्ट हो गया। यदि वह सफलीभूत हो गया होता, तो जर्मनीमें सर्वदाके लिए दुःखदायी धार्मिक बंटवारा हो जाता। परन्तु संघर्षके लिये उसके सिद्धान्त तथा कारण सर्वथा अनुपयुक्त थे।'

निस्सन्देह जर्मनपादरियोंके स्वजातीय अधिकार जेक पादरियों की अपेक्षा बहुत सीमित थे। जेकपादरी अपनी जातिके साथ अच्छा व्यवहार करते थे इसलिये उनकी ओर चर्चका भी झुकाव था।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



जर्मनपादरी चर्चकी सेवा तन-मनसे किया करते थे, परन्तु उनकी सेवाओंका प्रतिफल जर्मनजातिके प्रति चर्चका रूखा व्यवहार था।

यहां उस ढङ्गपर विचार कीजिये जिसे हमारा आफिस अधिकारीवर्ग एक राष्ट्रीय भावनाओंको पुनर्जागृति करनेवाले आन्दोलन के विरुद्ध अख्तियार कर सकता है। यह कोई विशेषता नहीं है। इसमें आश्चर्य नहीं कि ऐसी परिस्थितिमें कोई अन्य अधिकारप्राप्त जाति भी ऐसा कर सकती थी। अथवा इस बातकी कल्पना कि संसारके किसी भागमें भी अफसरोंका गुट्ट एक राष्ट्रीय अधिकारोंके लिये लड़नेवाले आन्दोलनके महज दो शब्द राजशक्ति" के बलपर भंग कर सकता था, जैसा कि पांच वर्ष पूर्ण हो चुका है। कहा नहीं जा सकता कि ऐसा क्यों कर हुआ—या तो यह सर्ग प्राकृतिक था अथवा किसीकी पहुंची हुई दिमागी उपजका परिणाम !

क्या वर्तमान समयमें हम दोनों जातियों जर्मन और अस्ट्रियन कायहूदीप्रश्नकेप्रति जो कि धार्मिक अथवा जातिलाभसे किसीप्रकार का सम्पर्क नहीं रखता, कोई रुख नहीं है? यदि है, तो आप अभीभी यहूदी-रैबी ( एक प्रकारका गिर्जाघर ) के एक जातिके हितोंके लिये कैसे तुच्छ विचार हैं,इसकी तुलना दोनों क्रिश्चियन जातिको ओरसे नियुक्त जर्मनपादरियोंके विचारोंके साथ कर सकते है।

ऐसा हमलोगोंके साथ सर्वदासे होता आया है और इसी कारमें हमारे विचार दृढ़ एवं निश्चित होते गये हैं।

"राज-शक्ति" प्रजातन्त्रवाद" "शान्तिवाद", "अन्तरराष्ट्रीय सामाजिक समतावाद" इत्यादि हमारे समक्ष विचारस्वरूप उपस्थित

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



हैं। इन सिद्धान्तवादी धारणाओंमें हम पूर्णतया निश्चित एवं पवित्र हैं। परिणामतः प्रत्येक विषयपर हम इसी दृष्टिकोणसे अपना निर्णय देनेमें समर्थ हैं।

हमारा "सुधारवाद" जर्मन-हित-सम्बन्धित "आन्तरिक पवित्रता, राष्ट्रीय भावोंकी उन्नति, भाषा, जर्मन-जीवनकी रक्षा, विशेषतः जर्मन स्वतन्त्रता आदि प्रश्नोंकी" उन्नतिके लिये सर्वदा प्रयत्नशील है और भविष्यमें गतिरोधकी तनिक भी परवाह न कर देशके लिये अत्यन्त लाभदायक प्रमाणित होगा।

राजनीतिक दलोंका उद्देश्य किसी भी हालतमें धार्मिक प्रश्नोंमें हस्तक्षेप करना नहीं होना चाहिये। यदि वे ऐसा करते हैं तो यह स्पष्ट है कि उनकी जातिका नैतिक पतन हो गया है। इसी प्रकार धर्मको दल-प्रतिद्वन्द्वितामें न मिला, निस्वार्थ रहने देना चाहिये।

यदि चर्चके अधिकारी धार्मिक संस्थाओं एवं सिद्धांतोंका उपयोग करते हैं,तो वे अपनी राष्ट्रीयताके प्रति घातक हैं। इससे उनका कोई भी लाभ नहीं हो सकता। परन्तु निकट-भविष्यमें उनका अस्त्र उन्हींके लिये विनाशकारी सिद्ध होता है।

एक राजनीतिक नेताको किसी भी हालतमें धार्मिक सिद्धान्तों एवं संस्थाओंमें हस्तक्षेप न करना चाहिये, अथवा उसे अपनेको राजनीतिज्ञ कहने वा कहानेका कोई अधिकार नहीं होना चाहिये। ऐसी दशामें उसे उन गुणोंके लिये सुधारक कहा जा सकता है—परन्तु किसी भी तरह राजनीतिज्ञ नहीं।



Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



इसके विपरीत और कोई भी नीति विशेषतः जर्मनी आपदाओं की पथ-प्रदर्शिका बन सकती थी।

"पैन-जर्मन-आन्दोलन और रोमके साथ उसका संघर्ष"—इस विषयके गम्भीर अध्ययनके पश्चात् तब और अब, मैं इसी परिणाम पर पहुंचता हूं कि "सामाजिक प्रश्नोंमें अपनी सीमित ज्ञान-शक्तिके कारण इसने जनताकी लड़ने भिड़नेकी शक्तिको न पहचाना; पार्लियामेंट जाकर इसने अपनी समस्त शक्ति खो दी,और अपने आपको उस सभा द्वारा प्रदत्त दुर्बलताके पुरस्कारसे नष्ट कर दिया। चर्चों के विरुद्ध इसके आन्दोलनने जनताकी रही-सही सहानुभूति भी खो दी,और अपने राष्ट्रीय-विचार-पूर्ण सहायकोंसे इसे वंचित होना पड़ा।

इस प्रकार किसी भी तरह अस्ट्रियामें इसे वास्तविक सफलता न प्राप्त हो सकी।

पैन-जर्मन आन्दोलनका जिन कारणोंसे क्रिश्चियन सोशलिष्ट-पार्टीके आन्दोलनसे मत मतान्तर रहता था वे बिलकुल ठीक और विचारपूर्ण थे।

सोशलिष्ट पार्टीका आन्दोलन कुछ सफल जरूर रहा, परन्तु अपने परिणाम तक पहुंचनेके कारण व्यर्थ ही प्रमाणित हुआ। इसमें जनताके महत्वको जाननेका आवश्यक ज्ञान था, और अपने प्रारम्भकालसे ही इसने अपने उद्देश्योंको ऊंचा साबित कर,जनताको अपनी ओर आकर्षित कर लिया था,चूंकि इसकी स्थापना मध्यमश्रेणी के आधारपर हुई थी, अतः इसे आत्म न्योछावर करनेके लिये प्रस्तुत निम्न-मध्य-वर्ग एवं मजदूरोंको अपनी ओर आकर्षित करनेमें देर

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



न लगी। इसने किसीभी धार्मिक संस्थासे लड़नेकी नीतिका परित्याग कर दिया। फलतः इसे एक ऐसे शक्तिशाली संगठनका सहारा मिला जो कि चर्चका प्रतिनिधित्व करता था। विस्तृत रूपसे व्यापक प्रचारके महत्वका इसे अच्छा अनुभव था। अपने अनुयायियों एवं जनतापर स्वाभाविक बुद्धिसे आध्यात्मिक प्रभाव डालनेकी इसमें विशेषता थी।

किन्तु,अपने तौर तरीकेसे यह पार्टी अस्ट्रियाको न बचा सकी। उद्देश्योंको अन्धकारमें रखनेके कारण इससे दो भयङ्कर भूलें होगयीं।

जातीय आधारपर स्थापित होनेके बजाय इसकी प्रतिद्वन्दिता धार्मिक धारणाओंपर निर्भर कराई गई। दूसरी भूलका भी यही कारण हुआ।

इसके संस्थापकने सोचा कि यदि क्रिश्चियन पार्टीका उद्देश्य अस्ट्रियाको बचाना है तो जातीय सिद्धान्तोंपर इसे स्थित करना आवश्यक नहीं, क्योंकि उस राज्यका विनाश निकट भविष्यमें हो सकता था। साथ ही साथ पार्टीके नेताओंका यह अभिमत था कि वियेनाकी मांग सरकारका नाश करना नहीं, वरन हर प्रकारसे मत मतान्तरको दूरकर परस्पर एकता स्थापित करना है।

वियेना उन दिनों इस प्रकार जेक लोगोंसे भर गया था कि वह पार्टी जातीय प्रश्नोंकी असह्य वेदनाको सहकर ही अपनेको जर्मनोंके प्रतिकूल होनेसे बचा सकती थी। यदि अस्ट्रियाको बचाना था तो इसका अर्थ यह नहीं था कि पार्टीके बिनाही उसका काम चल सकता था। अपने कार्यको सफल बनानेके लिये पार्टीने चालबाज नरमदली

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



बहुसंख्यक जेक-व्यापारियोंका विरोध करना शुरू किया, और इस प्रकार उन्हें इस बातका दृढ़ विश्वास हो गया कि प्राचीन अस्ट्रियामें जाति भेदभावके उद्भावक, धार्मिक भित्तिपर स्थापित, जुडावाद पर उनकी अभूतपूर्व विजय होगी।

यह बात स्पष्ट है कि यह संघर्ष यहूदियोंको अतिसीमित हानि पहुंचा सकता था। यदि उनके विरुद्ध ज्यादासे ज्यादा कुछ अनिष्टकारी कार्य होता, तो उनके लिये पवित्र जलकी एक बून्द ही उन्हें दुःखोंसे छुड़ा उनके जुडावादकी रक्षाके लिये यथेष्ट थी।

इस प्रकार अपूर्ण रीतिसे किये गये कार्य्योंसे प्रतिद्वन्दी सोशलिस्ट पार्टी लोगोंकी निगाहोंसे गिर गई।

यह पाखंडपूर्ण अपूर्ण-प्रतिद्वन्दितावाद बिलकुल वाहियात था, क्योंकि इससे स्वत्व-रक्षाकी सान्त्वना प्रदान की गई थी। लोगोंको बताया गया था कि उनका शत्रु गलत रास्तेपर है, परन्तु उन्हें यह न पता था कि वे स्वयं एक गलत रास्तेपर चल भयङ्कर भूल कर रहे है।

यदि डा० लूजर जर्मनीके निवासी होते तो आज उनकी गणना जर्मन-जातिके महापुरुषोंमें होती। यह उनका तथा उनके कार्यक्रमका दुर्भाग्य था कि अस्ट्रिया जैसे अनहोने देशमें उन्हें कुछ करनेके लिये वाध्य होना पड़ा। सौभाग्यवश अपनी मृत्युके समय बाल्कन-साम्राज्य में अप्रतिहत वेगसे बढ़ती हुई धधकती ज्वालाको देख उनका हृदय सन्तुष्ट होगया। उन्हें मालूम होगया कि "अबतक वह जिसपर विश्वास करते थे, उसका निवारण भी हो सकता है।"

जर्मनजातिके पुनर्गठनके उद्देश्यसे संचालित पैन-जर्मन आन्दो-

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



उन सिद्धान्तोंके विचारसे बिल्कुल ठीक था, परन्तु उसके तरीके तत्कालीन परिस्थितिके योग्य न थे। वह राष्ट्रीय था,किन्तु अफसोस! जनताकी दृष्टिमें वह पूर्णतया समाजिक न था। उसका अपूर्णप्रतिद्वन्दितावाद जातीय आधारपर स्थित था, धार्मिक आधारपर नहीं, किन्तु दूसरी ओर उसका केवल एक ही जातिके लिये लड़ना यथार्थतः राजनीतिक दृष्टिसे भयङ्कर भूल थी।

जर्मन जातिके पुनरुत्थानके विषयमें क्रिश्चियन सोशलिष्ट आन्दोलनके विचार अत्यन्त संदिग्ध थे,परन्तु एक पार्टीकी हैसियत से उसका पथ प्रदर्शनका तरीका अच्छा था। सामाजिक प्रश्नोंके महत्वको उस पार्टीने भलीभांति समझा, परन्तु यहूदियोंके विरुद्ध लड़ाई छेड़ पार्टीने बड़ी भारी भूल की। उसका सबसे बड़ा दोष राष्ट्रीयताकी धारणाको नासमझी थी।

उस समय मैं असन्तोष-सागरमें गोते लगा रहा था। जैसे २ मै अस्ट्रियन साम्राज्यके खोखलेपनको देखता गया वैसे ही वैसे मुझे उसकी रक्षा असम्भव प्रतीत होती गई। मुझे इसका पूर्ण विश्वास होगया कि यह जर्मनजीवनको दुखी करनेके लिये ही बना है।

मेरा यह दृढ़ विश्वास था कि जर्मन जातिके उत्थान और विकाशमें बाधक प्रत्येक विषय और मनुष्यको इस साम्राज्यकी छायामें शरण मिलेगी। राजधानीमें जातियोंके बेतरह-सम्मिश्रणसे मुझे घृणा थी। जेक, पोल, हंगेरियन, रथेनियन, सर्ब,क्रोट,विशेषतः वर्त्तमान सभ्यताके नाशक यहूदियोंके बढ़ते हुए जमघटको देख मेरा हृदय घृणासे परिपूर्ण हो गया।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



इन सब बातोंको देख एक अस्ट्रियन राजसत्ताके साथ मेरा प्रेम होना असम्भव था। मेरा हृदय अस्ट्रियामें जर्मन-अस्ट्रियन जातिके प्रेमपूर्ण सहयोगसे स्थापित प्रजातन्त्रवादका आह्वान कर रहा था। जर्मन जातिकी मुक्तिकी शुभ कामना करते हुए मैं अस्ट्रियन साम्राज्यके विनाशकी घड़ियां गिन रहा था।

उस समय मेरा मन उस जगह जानेके लिये इच्छुक होरहा था, जिसके लिये युवावस्थाके प्रारम्भकालसे ही मेरे हृदयमें गुप्त तथा पवित्र प्रेम था।

एक दिन मैं एक महान शिल्पकार होनेका स्वप्न देख रहा था, परन्तु आज मैं अपने जीवनको जाति तथा देशोद्धारके लिये समर्पित कर अपनेको परम भाग्यशाली समझता हूं। मेरे हृदयकी चिरकालीन आकांक्षा पूर्ण हुई—"मेरी मातृभूमिका सम्बन्ध अपने स्वदेशके साथ होगया।" उस दिन मैं अपनेको बड़ा भाग्यशाली समझता था।

अपने जीवनमें वियेनासे मैंने बहुत बड़ी और गम्भीर शिक्षा पाई। अब मैं उन दिनोंकी अनुशासनात्मक शिक्षाका मूल्य भलीभांति समझने लग गया हूं।

उस कालका इतना विस्तृत विवरण देनेका यही कारण है। उस समय मैंने "पार्टीके सिद्धान्तों" के प्रश्नका बहुत ही सुन्दर अध्ययन किया। मेरे वियेनाके ये पांच वर्ष बड़े ही महत्वपूर्ण थे। मैं कह नहीं सकता कि यदि भाग्यवश मैंने उस कालमें व्यक्तिगत अनुभव न किया होता तो आज तत्कालीन जुडावाद, सामाजिक प्रजातन्त्रवाद, मार्क्सवाद आदिके विषयमें मेरे क्या विचार होते।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

# चौथा अध्याय।

## म्यूनिक।

१६१२ ई० के बसंतकालमें मैं म्यूनिक गया।

एक जर्मन शहर! वियेनासे कैसा भिन्न! बैबिलोनियाकी उन जातियोंका ध्यानकर मुझे बड़ा बुरा लगा। ठीक यही दशा उनके बोलचाल की थी जो हमसे करीब-करीब मिलती-जुलती थी, और जिसने मेरी युवावस्था और लोअर बवेरियाके सम्बन्धका स्मरण कराया। हर तरहसे यह शहर मेरे लिये प्रिय था। दुनियांके किसी भी परदेसे ज्यादा मैं अपनेको इस शहरका मानता था, और यही कारण है कि यह मेरी उन्नतिसे अभिन्न नहीं है। मेरी और इस की उन्नतिका गठबंधन एकसूत्रसे ही प्रकृतिने किया था।

अस्ट्रियामें "ऐक्य विचार" के अनुयायियोंमें केवल हैब्सबर्ग तथा जर्मन थे। एक ओर दबाव और गणना तथा दूसरी ओर भोला-पन एवं राजनीतिक अज्ञानताके कारण इसका होना आवश्यक था। भोलापन इसलिये क्योंकि उनका कोरा विश्वास था कि "ट्रिपल एकता" द्वारा जर्मन-साम्राज्यकी रक्षा एवं उसे शक्तिशाली बनाते हुए वे उसकी सेवा कर सकेंगे। राजनीतिक अज्ञानताका कारण उनकी कल्पनाओंका असैद्धान्तिक वातावरण था, क्योंकि वास्तवमें वे

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



म्युनिककी दशा इससे भी ज्यादा खराब थी। स्वस्थ होनेके पश्चात् मुझे अस्पतालसे हटा रिजर्व बटालियनमें भेज दिया गया। मैंने बड़ी कठिनतासे उस शहरको पहचाना। जहां मैं गया वहीं क्रोध, श्राप और असन्तोषकी छाया दिखाई दी। युद्धसे लौटे हुये सिपाहियोंमें एक विशेषता थी, जिसे एक पुरानेसे पुराने अनुभव प्राप्त कमाण्डरके लिये समझना असम्भव था, परन्तु लड़ाईसे लौटा कोई भी अफसर उसे प्रत्यक्ष रूपसे देख सकता था। इन्हीं अपवादोंके कारण साधारण उत्साह ढीला पड़ गया। भयाकुल हो पीछे हटना भी कार्य-कुशलताका एक अङ्ग माना गया, और कर्त्तव्यपरायणताको कमजोरी तथा मूर्खता बतानेकी चेष्टा की गई। आफिसोंमें यहूदी भरे पड़े थे। सभी क्लर्क यहूदी थे; और प्रत्येक यहूदी क्लर्क था। इस प्रकार आफिसोंका वातावरण यहूदीमय हो रहा था। इस जातिके लड़ाकोंको देख मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ; युद्धमें उनकी विरलता देखते हुये मैं उन्हें कायर कहनेसे बाज न आया।

संसारके कार्यक्षेत्रमें यह एक घृणित आचरण था। इस स्थानपर यहूदी-जातिको लाञ्छित किये बिना छोड़ना सर्वथा असम्भव था।

१९१७ ई०के अन्तमें कारखानोंमें हड़ताल करा दी गई। इसका ध्येय सेनाके लिये युद्ध-सामग्रीका अभाव करना था, परन्तु इसे आशाजनक सफलता नहीं प्राप्त हुई। यह हड़ताल युद्ध-सामग्रीके अभावसे स्वतः ही खतम होगई, क्योंकि इसकी इच्छा अपनी सेनाको युद्धमें हराना था। किन्तु अफसोस! कि नैतिक हानि पहुंचानेके लिये प्रारम्भ किया हुआ यह तरीका अत्यन्त भद्दा था।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



सबसे विचारणीय बात यह है कि सेना किस चीजके लिये प्राणपणसे चेष्टा कर रही थी, यद्यपि लोग उस विजयको नहीं चाहते थे। किसके लिये इतने कष्ट सहे जा रहे थे—प्राणाहुती दी जा रही थी—महान आत्माओंका बलिदान हो रहा था, क्या कोई विचारणीय व्यक्ति गम्भीरतापूर्वक उत्तर देगा? सिपाहियोंको विजय के लिये जी-जानसे लड़ना चाहिये था, परन्तु वे घरोंमें बैठे इसका प्रतिवाद कर रहे थे।

विचारिये कि इसका शत्रुपर क्या प्रभाव पड़ा?

१९१७-१८ ई०के ग्रीष्मकालमे मित्र-पंसारके आकाशमें दुःखके बादल छा गये।

रूससे की हुई सभी आशाओंपर पानी फिर गया। मित्रराष्ट्रोंने जिन्होंने अपने संयुक्त-स्वार्थोंके लिये युद्ध-भूमिको अपने देशवासियोंके लिये पवित्र रक्तसे रञ्जित कर दिया था, अपने हत्याकारी शत्रुओंके आगे घुटने टेक दिये। उनकी शक्तिका अन्त होगया था। आनपर मर मिटनेवाले परिस्थितिसे लाचार हो झुक गये! आह! कैसा अभूतपूर्व परिवर्तन! कैसा करुणाजनक दृश्य! मैं इसे न देख सका। जिन सिपाहियोंने अबतक अन्ध-भक्तिसे ही युद्ध किया था, उनके हृदयमें भय और भविष्य अन्धकारका साम्राज्य छा गया। आगामी बसन्तकी चिन्तासे उनका हृदय भयभीत हो उठा। प्रत्येक जर्मन अपनी सैन्य-शक्तिको दृढ़ करने योग्य होता हुआ भी कुछ नहीं करता है, इसे देख उनका हृदय टो टूक हो गया। जब उन्हें यह भी आशा न रही कि राष्ट्रके योद्धाओंकी

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



वितरित शक्तियां पुनः एक साथ सङ्गठित हो आक्रमण करेंगी, भला तब वे किस प्रकार विजयी होनेकी आशा करते ?

जिस समय जर्मन-सेनाओंको एक साथ मिलकर आक्रमण करनेका फरमान मिला, जर्मनीमें आम हड़ताल हो गई। समस्त संसार इन घटनाओंको देख अवाक हो गया। पुनः शत्रु पक्षसे प्रचार शुरू हुआ और उसने इस जागृतिको बढ़नेसे रोका। मित्रराष्ट्रोंके सिपाहियोंके डूबे हुये विश्वासको पुनः शुद्ध करनेका यह अन्तिम प्रयत्न था,इससे पुनः एकवार विजय प्राप्त करनेकी आशा होसकती थी,और संसारवासियोंके दृढ़ विश्वासमें परिवर्तन किया जा सकता था।

एक ओर ब्रिटिश, अमेरिकन, फ्रेंच समाचारपत्रोंने इस बातकी और भी पुष्टि की,और दूसरी ओर मित्र राष्ट्रोंकी सेनाको भड़काने के लिये चातुरीपूर्ण प्रचार प्रारम्भ हुआ।

जर्मनी विप्लवकी धधकती ज्वालाका शिकार बन रहा था! मित्र राष्ट्रोंकी विजय असम्भव थी! शत्रुओंके लिये अपने प्रतिद्वन्द्वीको पैरों तले कुचलनेका अच्छा सुअवसर था।

इन सब घटनाओंका कारण हमारे कारखानोंकी हड़ताल थी। इसने शत्रुओंके हृदयमें विजय-धारणाको सुनिश्चित कर दिया और दूसरी ओर इसी कारण मित्र-राष्ट्र किसी अनिष्टकारी अशंकासे भयातुर हो उठे। इसीके परिणामस्वरूप हजारों जर्मन-सैनिकोंने व्यर्थमें ही अपनी प्राणाहुति दे दी। उस भद्दी और शैतानी भरी हड़तालके सञ्चालक थे—विद्रोही जर्मन-राष्ट्रमें ऊंचे पद पानेके लिये लोलुप कर्मान्ध टुकरखोर।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



मेरा यह सौभाग्य था कि पहले दो और आखिरी आक्रमक चढ़ाइयोंमें मैं सम्मिलित था। उन्होंने मुझपर भयङ्कर प्रभाव डाला, जिसका असर समस्त जीवन भर मुझपर रहा। भयङ्कर इसलिये था कि – अन्तिम समयमें युद्धनीति अपनी रक्षण-शक्तिको नष्टकर आक्रमक-शक्तिपर ही भरोसा करने जा रही थी,जैसा कि सन्१९१४ ई० में प्रतीत हुआ था। १९१८ ई० के ग्रीष्मकालके प्रारम्भमें सर्वत्र युद्धक्षेत्रमें गलाघोंटू गर्मी पड़ने लगी। घरोंमें पारस्परिक फूट बेतरह फैल रही थी। और क्या ? सेनाके विभिन्न केन्द्रोंमें नानाप्रकारकी निराधार अफवाहें फैल रही थीं। अब यह स्पष्ट प्रतीत होता था कि युद्धकी परिस्थिति निराशाजनक है, और विजयकी कल्पना करना निरी मूर्खता है।

"धनिकवर्ग और राजसत्ता ही युद्ध जारी रखनेके पक्षमें थी, जर्मन-जाति नहीं", यह समाचार घरोंसे युद्धक्षेत्रमें पहुंचा,वहां इसपर काफी वादविवाद हुआ।

सबसे पहले सैनिकोंने इसपर बहुत कम ध्यान दिया। सार्वदेशिक सम्मतिने हमारे साथ क्या किया ? वही किया जिसके लिये हम गत चार वर्षोंसे तुमुल संग्राम कर रहे थे।

एवर्ट, स्केडेमन,वर्थ,लेवनेट इत्यादि अफसरोंके उद्देश्योंसे जर्मन-युद्ध-प्रणाली कोई भी लाभ न उठा सकी। हम नहीं सोच सके कि ये चालबाज किस तरह राष्ट्रकी सेनापर अपने अधिकारका दावा करते थे।

प्रारम्भसे ही मेरे राजनीतिक विचार निश्चित और अटल थ। जातिको धोखा देनेवाले,जुआचोर,किरायेके टट्टुओंके गिरोहसे मुझे

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



अत्यन्त घृणा थी। मैं बहुत पहलेसे ही देख रहा था कि वह गिरोह जाति-हितके लिये कोई भी महत्वपूर्ण कार्य नहीं कर रहा था, उसे [redacted] लिये जर्मन-जाति अपना बलिदान कर दे,और यदि आवश्यकता हो तो अपना अस्तित्व तक खो बैठे, यही उनकी इच्छा थी। इन बातोंको देखते हुये किस देशभक्तका हृदय घृणासे न भर जायेगा? इन्हीं कारणोंने उन्हें मेरी नजरोंमें गड़नेके योग्य बना दिया। उनकी इच्छाओंपर ध्यान देना ही जर्मन-श्रमजीवियोंके स्वार्थोंका परित्याग कर,पाकेट-मारोंका भला सोचना है। जबतक जर्मन-जर्मनीका भाव प्रत्येक सच्चे जर्मनके हृदयमें स्थान रखता था, ऐसा होना असम्भव था। अधिकांश सैनिकोंका वही मत था, जो मेरा था।

अगस्त और सितम्बरमें नाशके चिन्ह और विकटरूपमें दिखाई देने लगे, यहांतक कि हमारे रक्षण-युद्धके भयकी तुलना शत्रुओंके आक्रमणसे भी नहीं की जा सकती। उनकी तुलनामें सोमी और फ्लेण्डर्सकी लड़ाइयां भी अतीतकी भांति मृतवत् प्रतीत हुईं।

सितम्बरके अन्तमें, तीसरी बार, पुनः हमारा विभाग उसी स्थितिमें पहुंच गया, जिसमें हमारी नौजवान स्वेच्छासेवक वाहिनीने युद्धक्षेत्रमें तूफान मचा दिया था।

कैसी यादगार।

१९१८ ई० के शरदकालमें मनुष्यमात्रमें विचित्रता आ गई थी। सेनामें राजनीतिक विवाद छिड़ा हुआ था। घरेलू जहर यहांपर भी अपना असर जमा रहा था। इतना ही नहीं सर्वत्र उसका प्रभाव पड़

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



रहा था। नौजवान भी उसके वशीभूत होगये थे। उन्हें भी घरेलू मर्ज लग गया था।

अक्टूवर १३–१४ की रात्रिको दक्षिणीक्षेत्रमें ब्रिटिश-सेनाकी ओरसे गेस वरसाया गया। १३अक्टूवरकी शामको हमलोग वेरविक से दक्षिण एक पहाड़ीपर थे, जबकि हमें कई घण्टे व्यापी एक अग्नि-दुर्घटनाका सामना करना पड़ा,जिसकी भयावह गगनचुम्बी लपटोंसे रात्रि अशांत हो रही थी। मध्यरात्रिके करीब हममेंसे कुछ आहत होगये कुछ सर्वदाके लिये चल वसे। प्रातःकाल होते-होते मुझे बड़ी पीडा मालूम हुई, जो क्रमशः बढ़ती ही जा रही थी, और करीबन सात वजे मेरी आंखें झुलसने लगीं, मैं एक नयनान्धकी तरह इधर-उधर भटकने लगा। उस युद्धमें यह मेरी आखिरी लड़ाई थी।

चन्द घण्टोंके वाद मेरी आँखें जलते हुए कोयलोंकी भांति होगई और मेरे लिये चारों ओर अन्धकार छागया। शीघ्र ही मुझे पोमेरा-नियाके पासेवाक स्थित अस्पतालमें भेज दिया गया, और वहां भी मुझे विद्रोहकी चिनगारियां दिखाई दीं।

जलसेनाकी ओरसे बुरी अफवाहें आने लगीं। सुननेमें आया कि वहां भी खलबली मची हुई है;परन्तु मुझे यह कुछ नवयुवकोंकी शरा-रतभरी करतूत मालूम हुई। इसमें वहुत कम आदमियोंका हाथ था। अस्पतालमें प्रत्येक व्यक्ति युद्ध-समाप्तिकी वातचीत करता था; सब लोग उस घड़ीकी प्रतीक्षा कर रहे थे;परन्तु वहां कोई भी ऐसा आदमी मुझे न दिखाई दिया जो भविष्यमें एक महान युद्धकी आशा रखता हो। मैं समाचारपत्र पढ़नेमें असमर्थ था।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



नवम्बरमें अशान्ति और बढ़ने लगी। एक दिन बिना किसी सूचनाके ही अचानक जहाजियोंकी एक लौरी अस्पतालके सामने आ धमकी। उन्होंने हमें विद्रोहके लिये भड़काया। चन्द यहूदी नौजवान हमारे राष्ट्रीय जीवनकी स्वतन्त्रता, सुन्दरता तथा मर्यादाके उस रक्षा-संग्रामका नेतृत्व कर रहे थे। सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उनमेंसे कोई भी युद्धक्षेत्रमें नहीं गया था।

मेरे जीवनके वे दिन उनमे प्रति कटु अनुभव करते हुए बीते। अफवाहें और भी पुष्ट होती गईं। मेरी कल्पना थी कि स्थानीयघटनाएं ही जनसाधारणके आम विद्रोहकी कारण थीं। युद्धक्षेत्रके दुःखपूर्ण सम्वादोंने इस जलती हुई आगमें घी का काम किया। उनका इरादा अधिपत्य जमाना था। हां—क्या ऐसी बात सम्भव थी?

१० नवम्बरको वृद्ध पादरी हमारे बीच कुछ कहनेके लिये अस्पतालमें आये, हमने उस समय सब कुछ सुना।

मै वहां उपस्थित था और उसका मुझपर समुचित प्रभाव पड़ा। उस वृद्ध भले आदमीकी टांगें कांप रही थीं, जब वह दृढ़तापूर्वक हमें बता रहा था कि होएनजौलर्न-घराना किसी भी हालतमें राजमुकुट नहीं पहन सकता—हमारी पितृभूमिमें एक प्रजातन्त्रवादी राज्यकी स्थापना हो गई थी।

इसलिये सब कुछ व्यर्थ हुआ। सभी कष्ट और त्याग, अनन्त समान महीनोंकी भूख और प्यासकी तकलीफें; हमारी कर्त्तव्य-परायणताका परिचय; दो मीलियन मनुष्योंकी मृत्यु—सभी अन्तमें व्यर्थ हुआ।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



और हमारा देश ?

किन्तु—क्या यह ऐसा बलिदान था जिसके लिये हमें कुछ भोगना पड़ा ? क्या हमारी विचार-बुद्धिसे अतीतकालीन जर्मनी तुच्छ था ? क्या अपने इतिहासके कारण हमारा कर्त्तव्य स्थिर न था ? क्या हम अपनेको अतीतकालीन गौरवसे विभूषित करने योग्य न थे ? यदि हां, तो किस रूपमें हमें अपनी भविष्य-सन्तानोंके सामने उपस्थित होना चाहिये था ?

कैसे अधम, दुराचारी अपराधी !

मैंने उस समय उन भयंकर घटनाओंके प्रति अपने विचारोंको जितना स्पष्ट करनेकी चेष्टा की, उतना ही मैं आग बबूला हो गया। युद्धमें मेरी आंखोंकी पीड़ा इस दुःखके आगे कुछ भी न थी।

उस समय दिनोंकी भीषणता और रातोंका डरावनापन देखते ही बनता था। मैं जानता था कि सर्वस्व लुट गया। उन रातोंको देखते हुए मेरी घृणा, परिस्थितिके उत्पादकोंके प्रति बढ़ती ही गई।

सम्राट् विलियम ही प्रथम जर्मन-सम्राट् थे, जिन्होंने मार्क्सवादके हिमाकती, बदमाश यहूदीनेताओंको अपना मित्र बनाया। यहां उनकी महान भूल थी। उन्होंने उन स्वार्थियोंको नहीं पहचाना। वे बदमाश एक हाथसे राजसत्ताको अपने वशमें कर रहे थे, और दूसरे हाथसे खंजर उठानेका विचार हो रहा था।

यहूदियोंसे सौदा नहीं किया जाता। उनके लिये "यह या वह" का फरमान ही उचित है।

मैंने एक राजनीतिज्ञ बननेका निश्चय किया।



Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

# आठवां अध्याय।

## मेरे राजनीतिक जीवनका प्रारम्भ।

नवम्बर १६१८ ई०के अन्तमें मैं म्युनिक वापिस गया। पुनः मैं अपने रेजिमेन्टके रिसर्व बटालियनमें भर्ती हुआ, जो उस समय सैन्य सभाके अधिकारमें था। सभी बातें ऐसी अरुचिकर होगईं थीं कि मैंने तत्परतापूर्वक इस बातका निश्चय कर लिया कि अपने भरसक मुझे जल्दीसे जल्दी इस कार्य्यसे अलग हो जाना चाहिये। अपने विश्वासी मित्र सेमिट अर्नस्टके साथ मैं ट्रौन्सटीन चला गया, और जबतक सब कैम्प टूट नहीं गये, मैं वहीं रहा।

मार्च १६१६ ई० में हमलोग म्युनिक वापिस आये।

वहांकी परिस्थिति अत्यन्त निराशाजनक थी, मालूम होता था कि निकट भविष्यमें पुनः एक विद्रोहका होना अनिवार्य है। एसनर्स की मृत्युके साथ ही उन्नति होने लगी और अन्तमें कौन्सिल (सैन्य सभा) की प्रधानता जम गई, जिसे लोग यहूदी-शासनाधिकारसे बेहतर समझते थे। यह धारणा खासकर उनकी थी, जिन्होंने विद्रोहाग्नि फैलानेकी चेष्टा की थी। उस समय मेरे दिमागसे सब कार्यक्रम छू मन्तर होगया।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



इस नये विद्रोहके सिलसिलेमें मेरा ध्यान सेन्ट्रल कौन्सिलके दुर्भावकी ओर आकृष्ट हुआ। २७ मार्च १६१६ ई०को मैं प्रातःकाल ही गिरफ्तार कर लिया गया,परन्तु जब मैंने अपनेको पकड़नेवाले तीन नवयुवकोंपर राइफल तानी,वे हतोत्साह हो उलटे पांव वापिस भाग गये

कुछ दिनोंके बाद मुझे द्वितीय इनफेंन्ट्री रेजिमेन्टकी विद्रोही घटनाओंकी जांच करनेके लिये नियुक्त कमीशनमें सम्मिलित होनेके लिये कहा गया। राजनीतिमें मेरा यह पहला प्रयास था।

कुछ सप्ताह पश्चात् मुझे डिफेन्स फोर्स (रक्षण-शक्ति-विभाग) का सदस्य बननेकी आज्ञा मिली। इसका एकमात्र विचार सैनिकोंको निश्चित सिद्धान्तोंसे अवगत कराना था, ताकि वे राष्ट्रके एक नागरिककी भांति अपने विचारोंको शुद्ध और पवित्र बना सकें। जहां तक मेरा इससे सम्बन्ध था. मेरी दृष्टिमें इसका मूल्य यही था कि इसीकी कृपासे मुझे सादृश्य विचारवाले कुछ मित्र मिले थे, जिनके साथ मैं तत्कालीन परिस्थितिपर अच्छी तरहसे वादविवाद कर सकता था। हमलोगोंको पूर्ण विश्वास था कि जर्मनी विनाशसे किसी भी हालतमें नहीं बच सकता, जो कि धीरे-धीरे निकट आ रहा था। इसके दोषी वही नवम्बर मासके विद्रोह फैलानेवाले, सेन्टर पार्टी तथा सामाजिक प्रजातन्त्रवादी दलके सदस्य थे। हम दावेके साथ कह सकते हैं कि साम्राज्यवादके पृष्ठपोषक कितने ही भले बनकर क्यों न आ जावें,इनसे जर्मनीकी क्षति पूर्ति किसी भी हालतमें नहीं हो सकती। इन उत्पातियोंने "योरजिओइस नेशनल" नामक एक पार्टीकी स्थापना की।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



इस नये दलकी स्थापनाके सम्बन्धमें हमारी छोटीसी जमातमें खूब बहस हुई। हमारे ध्यानमें उसके सिद्धान्त वही थे जोकि पहलेसे जर्मन वर्कर्स पार्टीके थे। इस नये आन्दोलनका नामकरण इस तरह किया गया, जिससे लोगोंका ध्यान इस ओर आकृष्ट हो, क्योंकि, यदि इस गुणका इसमें अभाव होता, तो सारा किया कराया निरर्थक और आधारहीन हो जाता। इसलिये हमलोगोंने इसे "सामाजिक विप्लवी दल" के नामसे पुकारना तय किया—क्योंकि इसके सामाजिक विचार विद्रोहके उद्भावक, वर्द्धक और पोषक थे।

इसके अतिरिक्त भी एक अत्यन्त गम्भीर कारण था। अपने प्रारम्भिक जीवनकालमें मैंने आर्थिक समस्याओंकी चिन्तनामें जितना समय लगाया था, उसका परिणाम यह हुआ कि आर्थिक प्रश्नपर भी अपने सामाजिक विचारोंपर ही मैं स्थिर रहा। ऐसा तबतक न था, जबतक जर्मनीके मित्रता-नीतिसम्बन्धी विचारोंके परिणाम-स्वरूप मैंने अपने दृष्टिकोणको व्यापक नहीं कर लिया। इनमें से पिछला आर्थिक विचारोंकी भूलका परिणाम था। उन सिद्धान्तोंके विषयमें जिनका भविष्यमें जर्मनीकी रोटीसे सम्बन्ध था, इसमें स्पष्टीकरण नहीं किया गया था। वे सिद्धान्त इसी कल्पनाके आधारपर थे कि धन मेहनत-मजूरीका फल है, अथवा इतना ही नहीं, मेहनत-मजूरी ही धन है;इसप्रकार उन सभी बातोंका सुधार किया गया जो मानव-कार्य्यकुशलतामें बाधक सिद्ध होरही थीं। उस समय धनका यही राष्ट्रीय महत्व था—कि उसे पूर्णतया राष्ट्रकी महानता, शक्ति तथा स्वतन्त्रता पर निर्भर होना पड़ा। किसी भी राष्ट्रमें जातिरूप द्वारा

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



ही श्रम तथा धनकी एकता होती है, और वही जाति अपने निर्माण और अभ्युत्थानके साधारण तरीकोंसे धन अर्जन कर राष्ट्रका संचालन किया करती है। धनका राष्ट्रके ऊपर निर्भर रहना, राष्ट्रको शक्तिशाली तथा स्वतन्त्र बनाना है।

इसप्रकार धनके प्रति राष्ट्रका कर्त्तव्य तुलनात्मक दृष्टिसे बिल्कुल स्पष्ट और सीधा है। इसका एकमात्र कर्त्तव्य धनको अपना गुलाम बना रखना है, जातिके ऊपर अपना अधिकार जमाना नहीं। इन बातोंको मद्देनजर रखते हुए राष्ट्रके दो सीमित उद्देश्य रह जाते हैं एक ओर विशुद्ध राष्ट्रीय तथा स्वतन्त्र शासन-प्रबन्ध करना, और दूसरी ओर कार्यकर्त्ताओंके सामाजिक अधिकारोंको सुरक्षित रखना। इसके पूर्व, महत्वपूर्ण श्रम द्वारा अर्जित धन और व्यापारिक धनके बीच स्पष्ट रूपसे तुलना करनेमें मैं असमर्थ था। मुझे यह न पता था कि किस तरह इसपर विचार करना चाहिये।

मेरी इस समस्याका समाधान गॉटफ्रेड फेडरके भाषणोंसे हो गया, जिन्हें सुननेका मुझे सुअवसर प्राप्त हुआ था।

फेडरके पहले भाषणको सुनते ही, मेरे मनमें यह विचार उठा कि मैंने एक उपयोगी सिद्धान्तके लिये रास्ता खोज लिया है, जिसके आधारपर एक नये दलकी स्थापना हो सकती है।

मैंने शीघ्र ही समझ लिया कि यहां यह मानसिक सत्यताका एक प्रश्न है, जो भविष्यमें जर्मन-जातिके लिये महान लाभदायक हो सकता था। जातिके राजकीय धनसे स्टाक एक्सचेंज ( सट्टे के रूपमें क्रय विक्रयका स्थान ) के धन-पृथकत्वके कारण जर्मनीके अन्तरराष्ट्रीय

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



धार्मिक शासनसे बाधा उपस्थित होनेकी संभावना प्रतीत हुई; किन्तु उसमें उनके विरुद्ध किसी प्रकारका संघर्ष कर, स्वतन्त्र राष्ट्रीय अस्तित्वके सिद्धान्तको ठुकराया नहीं गया था। जर्मनोंकी उन्नतिके कारण अब मुझे स्पष्ट रूपमें दिखाई दिये, क्योंकि उसका उद्देश्य शत्रु-जातियोंको छोड़, अन्तरराष्ट्रीय धनसे संघर्ष करना था। फेडरके भाषणने इस लड़ाईके सम्बन्धमें मुझे पहले ही सूचित कर दिया था।

इस प्रश्नमें हमारी पिछली त्रुटियोंने इस बातको प्रमाणित कर दिया है कि उस समय हमारे अनुमान कितने उचित और ठीक थे। हमारे मूर्ख, विलक्षण राजनीतिज्ञोंको हमारी हँसी उड़ानेका कभी भी मौका न मिला; यद्यपि वे इस बातको समझते हैं, तथापि मूढ़ लोगोंकी आदतके कारण उनका कहना है कि युद्ध आन्दोलनोंके कारण जर्मनी अन्तरराष्ट्रीय धनके विरुद्ध संग्राम नहीं कर सकता, हालाँकि युद्ध समाप्त हो चुका है, और सभी सन्धियां ताकमें पड़ी हैं!

मेरे और अन्य राष्ट्रीय समाजवादियोंके लिये एक ही सिद्धान्त है—जाति और पितृभूमिके सम्मानकी रक्षा।

हमें, अपने वंश और जातिकी वृद्धि तथा अस्तित्व, अपने बच्चों की रक्षा और खूनकी पवित्रता, पितृभूमिकी आज़ादी और आत्म-निर्भरता, और हमारी जातिके ईश्वरप्रदत्त उद्देश्योंकी मर्यादा-रक्षा के लिये ही लड़ना है, अन्य अर्थके पचड़ोंके लिये नहीं।

मैंने फिर नये सिरेसे अध्ययन करना शुरू किया, और अब पहली बार मार्क्सके उद्देश और विचार मुझे वास्तविक रूपमें

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



दिखाई दिये। इसी समय मैंने उसकी "कैपिटल" नामक पुस्तकको भलीभांति समझा, और साथ ही मैंने सामाजिक प्रजातन्त्रवादके आर्थिक संघर्षका कारण जाना, जिसका उद्देश्य स्टाक एक्सचेंज तथा धनिकोंके अन्तरराष्ट्रीय धनकी प्रधानता रख, श्रमजीवियोंकी गाढ़ी कमाईका नाश करना था।

एक दूसरे उपायसे भी मुझे इस कार्य्यमें और सहायता मिली। एक दिन मैंने इस बातकी घोषणा कर दी कि मैं कुछ बोलूंगा। जो उस दिन मेरा भाषण सुनने आये, उनमें से एकने सोचा कि मैं यहूदियोंके खिलाफ बोलूगा, और वह अपनी लम्बी-चौड़ी दलीलोंसे मेरा विरोध करने लगा। इसने मुझे विरोधमें बोलनेके लिये उभाड़ा। उपस्थित जनतामेंसे अधिकांशने मेरा पक्ष लिया। जो हो,इसका परिणाम यह हुआ कि मैं म्युनिकके एक रेजिमेन्टका शिक्षक नियुक्त हुआ।

उस समय सेनामे अनुशासनका बहुत अभाव था। वे सैन्य सभाकी शासन-अवधिके कारण अत्यन्त कष्ट उठा रहे थे। क्रमशः सतर्कता पूर्वक,उनकी सम्मतिसे ही आज्ञापालनकी गति परिवर्तित हो सकती थी—कर्ट एसनरकी अधीनतामें उन्होंने जो कुछ सीखा था, उसके फलस्वरूप उन्हे सैनिक-अनुशासन और अधीनताकी शिक्षा दी जा सकती थी। इसी तरह सेनाको कमसे कम इस योग्य बना देना परमावश्यक था, जिससे प्रत्येक सैनिक इस बातको सोचने और अनुभव करने लगे कि वह भी अपनी जाति तथा पितृभूमिका एक सेवक है। मैंने अपनी क्रियाशीलताको इसी ओर लगाया। उत्साह और प्रेमके साथ मैंने उन्हें पढ़ाना शुरू किया।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



मैं कुछ सफलताका दावा अवश्य कर सकता हूं; अपनी वक्तृता-शक्तिके प्रभावसे सैकड़ों ही नहीं, हजारों साथियोंको मैंने जाति तथा पितृभूमिके गौरवकी याद दिला दी, उनके हृदयमें दोनोंके लिये ही प्रेम-भाव आगया। मैंने सेनाका राष्ट्रीकरण कर दिया, और इस प्रकार साधारणतः मैं अनुशासनको शक्तिशाली बनानेमें समर्थ हो सका।

इसके अतिरिक्त, मने अपनी एक नयी जमात बनायी। जिसके विचार मेरे ही समान थे, और जिसने मुझे बादमें एक नये आन्दोलनकी स्थापनामें काफी सहायता प्रदान की।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

# नौवां अध्याय ।

## जर्मन वर्कर्स पार्टी ।

एक दिन मुझे अपने उच्च आफिससे इस वातकी आज्ञा मिली कि मैं एक राजनीतिक पार्टीकी गतिविधिका निरीक्षण करूं । उस पार्टीका नाम जर्मन वर्कर्स पार्टी था । कुछ दिनोंके वाद ही उस पार्टीके तत्वावधानमें एक सभा होने वाली थी, सभाके प्रमुख वक्ताओंमें गौटफ्रेड फ्रेडरका नाम उल्लेखनीय था । मुझे मीटिंगमें जाना था और जनताके रुखको देखते हुये एक रिपोर्ट तैयार करनी थी ।

राजनीतिक दलोंके सम्बन्धमें सेनाका कौतुहल हमारी समझके बाहरको वात थी । विद्रोहके फलस्वरूप प्रत्येक सैनिकको यह अधिकार प्राप्त था कि वह एक प्रगतिशील राजनीतिज्ञ बने, और निकृष्ट से निकृष्ट सैनिकने भी इस अधिकारका सदुपयोग किया । सेन्टर तथा सामाजिक प्रजातन्त्रवादी पार्टियोंने दुःखके साथ प्रत्यक्ष रूपसे देखा कि किस तरह सैनिकोंकी सहानुभूति उन विद्रोही दलोंसे फिर चुकी थी, और राष्ट्रीय आन्दोलन तथा देशके पुनर्जीवनके प्रश्न पर उनका विशेष रूपसे झुकाव हो रहा था । यही कारण था कि उन्हें

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



सेनाके मताधिकार छीनने और उसे राजनीतिमें भाग न लेने देनेकी आवश्यकता प्रतीत हुई।

हमारी पूर्व परिचित मध्य श्रेणीने, जोकि वास्तवमें अपनी दुर्व्यस्तताके कारण अन्तिम घड़ियां गिन रही थी, इसे हर तरहसे खतरनाक सोचा कि सेना फिर पूर्ववत् देशके रक्षण-विभागकी शक्तिस्वरूप हो जायेगी, और फिर, सेन्टर और मार्क्सवादियोंका विचार राष्ट्रीयताके खतरनाक जहरीले दांतको उखाड़ फेंकना था, जिसके बिना सेनाको पुलिस विभाग कहा जा सकता है, शत्रुका मुकाबला करने योग्य जंगी-विभाग नहीं, यही सब उन वर्षोंमें हो रहा था।

अन्तमें मैंने उक्त कथित सभामें उपस्थित रहनेका निश्चय कर लिया, हालांकि उसके अन्दरूनी विषयोंका मुझे लेशमात्र भी ज्ञान न था।

फेडरके भाषणके उपरान्त मैं अत्यन्त प्रसन्न हुआ। मैंने यथेष्ट देख लिया था और वहांसे जानेकी तैयारी ही कर रहा था कि सहसा इस बातकी घोषणा हुई कि अन्य वक्ता भी बोलेंगे, मैं इसलिये वहीं और रुक गया। थोड़ी देरतक कोई भी ऐसी महत्त्वपूर्ण बात नहीं हुई। कुछ देर बाद एक प्रोफेसर बोलनेके लिये उठा, उसने फेडरकी विचारसत्यतामें शंका उपस्थित कर दी, और तब—फेडरने उसे अच्छी तरहसे जवाब दिया कि—इस नौजवान पार्टीकी स्थापना आधारपूर्ण बातोंपर हुई है, और इसका संघर्ष प्रसियासे बवेरियाको स्वतन्त्र करना है। परन्तु यहां फेडरने अपने कथनको समझानेमें थोड़ी भूल की। वास्तवमें बात तो यह थी कि यदि वैसा हो जाता, तो जर्मन-

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



अस्ट्रिया तुरन्त ही बवेरियासे मिल जाता, अर्थात जर्मनीकी शान्ति और उन्नत अवस्थामें पहुंच जाती, अन्यथा बहुत ही बुरा परिणाम होता। इस पर अपना मत प्रकाशित करनेके लिये मैंने सभापतिसे आज्ञा मांगी, मुझे आज्ञा मिल गई, और मैं बोलने और समझानेमें इतना सफल रहा कि सभापतिने प्रसन्न हो मेरी पीठ ठोंक दी।

उस दिन मैंने इस विषयको कई बार सोचा, और अन्तमें उसे नवंदाके लिये छोड़ देनेका संकल्प कर लिया. किन्तु उस घटनाके एक सप्ताह बाद ही मुझे इस आशयका एक कार्ड प्राप्त हुआ कि मैं जर्मन वर्कर्स पार्टीका सदस्य मनोनीत किया गया हूं, और मुझे उस पार्टी की आगामी बुधवारकी कार्यकारणी समितिमें शरीक होनेके लिये आमन्त्रित भी किया गया।

इस तरहसे सदस्य बनानेके तरीकेपर मुझे बड़ा ही आश्चर्य हुआ और मैं निश्चित नहीं कर सका कि ऐसे तरीकेपर हंसा जाय अथवा प्रसन्नता प्रगट की जाय। मैंने कभी भी किसी स्थानीय संस्थामें सम्मिलित होनेकी कल्पना नहीं की थी, हां, मैं अवश्य एक पार्टीकी खोजमें था। सत्य तो यह है कि मुझे कभी ऐसा मौका ही नहीं मिला।

आमन्त्रणकारियोंको मैंने इस आशयका उत्तर भेज दिया कि मैं उक्त कथित अवसरपर उपस्थित हो अपने विचारोंको सबके सामने रक्खूंगा। अपने इस उत्साहपर मुझे बड़ा ही कौतूहल हुआ।

बुधवार आया। मैं इस बातसे अत्यन्त आश्चर्यचकित हुआ कि उस सभाका सभापति स्वयं ही आफिसमें आयेगा। मेरा विचार अपनी घोषणाको कुछ देरके लिये स्थगित कर देनेका हुआ। अन्तमें वह

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



आया। यह वही प्रमुख व्यक्ति था; जिसने फेडरकी वक्तृताके पश्चात सन्देहकी सृष्टि कर दी थी।

इसने मुझे और भी कौतुहलमें डाल दिया, और मैं क्या होता है, यह देखनेके लिये रुक गया। किसी भी तरह मैंने इन भद्र व्यक्तियोंका नाम सीख लिया। सभापतिका नाम हर हैरर और म्युनिक स्थित शाखाके सभापतिका नाम ऐन्टन ड्रेक्सलर था।

गत मिटिंगकी कार्यवाही पढ़ी गई और वक्ताको उसके लिये धन्यवाद दिया गया।

नव नये सदस्योंके चुनावका समय आया, अर्थात मुझे सम्मिलित करनेके लिये नियमित कारवाई शुरू हुई।

मैंने प्रश्न पर प्रश्न करना शुरू किया। मुख्य सिद्धान्तके अतिरिक्त वहां कुछ भी न था, कोई कार्यक्रम, किसी भी तरहका परचा, कोई भी छपी चीज यहां तक की रबर स्टाम्प भी वहां नहीं था, परन्तु वहां एक बहुमूल्य चीज थी–"विश्वास और सदिच्छाका स्पष्टीकरण"।

इसपर मुझे हंसी न आई।

मुझे इन व्यक्तियोंके विचारोंका भलीभांति अनुभव था, वे एक नये आन्दोलनकी खोजमें थे, जो कि शब्दके स्वीकृत भावोंमें पार्टीकी अपेक्षा अधिक महत्वपूर्ण था।

मेरे जीवनके विकट प्रश्नने मेरा विरोध किया। क्या मैं इसमें सम्मिलित होने जा रहा था अथवा इसे त्यागने ?

मेरा भाग्य कुछ संकेत करने लगा।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



मैं किसी स्थानीय संस्थामें कभी भी सम्मिलित नहीं हुआ था, और मैं इसका कारण भी अच्छी तरहसे समझाऊंगा। मेरी दृष्टिमें यह एक लाभदायक बात प्रतीत हुई कि वह विचित्र गुट्ट, अपने थोड़ेसे सदस्योंके साथ एक संगठित संस्थाकी तरह कठोर न हो. प्रत्येक मनुष्यको व्यक्तिगत कार्यकुशलताका परिचय देनेके लिये अवसर देता था। वह समय कुछ काम करनेका था, और वह छोटा आन्दोलन क्रमशः बड़ा रूप धारण कर सकता था। अभी भी संस्था के स्वभाव, उद्देश्य तथा तरीकोंको विचारनेका अवसर था, परन्तु एक बड़ी पार्टीका रूप दे देनेसे ऐसा होना सर्वथा असम्भव था।

जितना ज्यादा मैंने इसपर विचार किया, उतना अधिक मेरा यह दृढ़ विश्वास होता गया कि निकट भविष्यमें इसीके समान कुछ छोटे आन्दोलन राष्ट्रीय-उत्थानके पथ प्रदर्शक बनेंगे, किन्तु अपने पुराने विचारोंपर तटस्थ, पार्लियामेंटकी राजनीतिक पार्टियां ऐसा नहीं कर सकतीं,क्योंकि उनका ध्यान व्यर्थमें नये-नये कानून बनाना था। जिस बातकी उन्हें घोषणा करनी चाहिये थी, वह उनके लिये एक नया सांसारिक सिद्धांत था, नये चुनावका होहल्ला नहीं।

दो दिनके गम्भीर विचारके अनन्तर मैंने इस बातका निश्चय कर लिया कि मैं उस नये आन्दोलनमें भाग लूं। मेरे जीवनका यह एक स्पष्ट विचार था। इसमें सुधारकी न आवश्यकता ही थी और न वह वाञ्छनीय ही था।

इस प्रकार मैं जर्मन वर्कर्स पार्टीका एक सदस्य बन गया, और मुझे उस पार्टीके सातवें नम्बरका एक टिकट दिया गया।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

# दसवां अध्याय।

## प्राचीन साम्राज्यमें पूर्वसूचक विनाश-चिन्ह।

जिस विपत्तिसे जर्मन-जाति और रीच दोनों ही दुःख उठा रहे है, वह इतनी महान है कि उन्हे अपने विचारों और उद्देश्योंको खोनेका भय लगा हुआ है, मानों उनका दिमाग चक्करमें पड़ गया है। प्राचीन सभ्यताका पुनः आह्वान करना किसी भी हालतमें सम्भव नहीं, इस तरह प्राचीन गौरव और महानताके साथ इस वर्त्तमान दुःखकी तुलना करना,सर्वथा अप्राकृतिक और स्वप्नवत् है, जो इस बातका खुलासा करता है कि क्यों लोगोंकी आंखें महानताके प्रश्न पर चकाचौंध हो रही है और वे पूर्वसूचक विनाश-चिन्होंकी खोज करना भूल गये हैं, जिनका किसी न किसी रूपमें उपस्थित होना अनिवार्य है।

ये चिन्ह प्रत्यक्षतः उपस्थित थे, तथापि ऐसे बहुत कम व्यक्ति थे, जिन्होंने इनसे कुछ सीखनेकी चेष्टा की हो। पहलेकी अपेक्षा वर्त्तमानकालमें इसकी जानकारी रखना अत्यन्त आवश्यक है।

अब जर्मनीकी अधिकाश नयी जनता यही समझती है कि यह जर्मन दुर्ब्बलता सर्वसाधारणकी आर्थिक दरिद्रताके फलस्वरूप थीं।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



प्रायः सभी लोग व्यक्तिगत रूपसे इससे प्रभावित हुए थे - यही एक कारण उस विपत्तिके अवसर पर प्रत्येक व्यक्तिको प्रतीत हुआ। लोग इस विनाशका सम्बन्ध राजनीतिक, सांस्कृतिक अथवा नैतिक प्रश्नोंसे बताते हैं। बहुतसे ऐसे भी हैं, जो इसे समझने और इसके आन्तरिक तत्वतक पहुंचनेमें असमर्थ हैं।

दूसरा कारण जनताके सामने इसका कोई भी प्रश्न नहीं उठता, परन्तु, जातिका विद्वान समाज इस विनाशका कारण "आर्थिक-विपत्ति" को ही समझता है और उसके विचारसे इसका सुधार आर्थिक कार्योंसे ही हो सकता है, यही कारण है कि अबतक कुछ भी सम्भव नहीं है। जबतक हम इस बातको नहीं समझते कि आर्थिक समस्या, जाति और नीतिशास्त्रके बाद विचारणीय है, तबतक वर्त्तमान दुःखके कारण हमारी समझमें नहीं आ सकते, अथवा उसके सुधारके लिये कोई भी तरीका नहीं मालूम हो सकता।

हमारे दुर्भाग्यका सबसे सरल, और इसलिये साधारणतः विश्वस्त कारण युद्धमें हमारी पराजय है।

निस्सन्देह, बहुतेरे लोग इस बेवकूफीको समझनेके लिये तैयार हैं, परन्तु कुछ लोग ऐसे भी हैं जो इसे थोथी दलील मानते हैं और स्पष्ट झूठ कहनेसे भी बाज नहीं आते। ऐसा कहनेवाले और कोई नहीं गवर्मेन्टकी तादमें तानेवाले कुत्ते हैं।

क्या विश्व-बन्धुत्वके उपासक देवदूतोंने इस बातकी घोषणा नहीं की कि, जर्मन-पराजयने एक युद्धवादका विनाश किया? क्या समस्त विद्रोह इस कुभावनासे कि इसके कारण ही जर्मन-साम्यमसे विजय

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



नहीं प्राप्त हो सकी,नहीं भरा था ? किन्तु,वास्तविक बात तो यही थी कि इसके द्वारा ही जर्मन-जाति समस्त संसार में चाहे घरमें या बाहर अपनी स्वातन्त्र्य दुन्दुभि बजा सकती थी। ओ झूठे बदमाशों, क्या ऐसा नहीं था ?

सेनाकी हारको विनाशका कारण बताना, यहूदी निर्लज्जताका दूसरा रूप था, जबकि धोखेबाजोंके प्रमुख समाचार पत्र, बर्लिनके भौरवर्टने उस समय यह लिख मारा था कि जर्मन-जातिके भाग्यमें विजयी हो घर वापिस आना नहीं लिखा है! क्या इसे विनाशका एक कारण नहीं कहा जा सकता ?

"युद्धकी पराजय एक कारण है" इसका उत्तर इस प्रकार दिया जा सकता है:—

निस्सन्देह, युद्ध-पराजयका हमारे देशके भाग्य पर भयानक असर पड़ा, किन्तु यह एक कारण न था हां, कारणोंका परिणाम अवश्य था। सभी बुद्धिमान और शुभेच्छु जनता अच्छी तरहसे समझती है कि जीवन-मरण-संघर्षके उस अभागे अन्तका कैसा भयंकर परिणाम हो सकता है। परन्तु कुछ ऐसे भी लोग थे, दुर्भाग्यवश, जिनकी विवेचना-शक्ति ठीक समय पर नष्ट हो जाती थी, अथवा वे सब कुछ अच्छी तरह समझते-बूझते भी, सत्यके विरुद्ध लड़ते थे और उसकी सत्यतामें जानबूझ कर अविश्वास प्रगट करनेमें भी नहीं हिचकिचाते थे। वास्तवमें,वे ही इस विनाशके प्रमुख कारण हैं; युद्ध-पराजय नहीं; जैसा कि वे आजकल कहा करते हैं। युद्ध-पराजय केवल उनकी करनीका फल है, परन्तु उनके कथना-

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



नुसार इसका कारण नेतृत्वकी खराबी है। ऐसा कहना उनकी सरासर भूल है। शत्रुओंका संगठन कायरोंका जमघट न था, वे भी जानते थे कि किस तरह मरना होता है। युद्धके प्रारम्भसे ही उनकी संख्या जर्मन-सेनासे ज्यादा रही, और फिर अपनी लाक्षणिक युद्ध-सामग्री द्वारा उन्होंने समस्त संसारका सहयोग प्राप्त कर लिया। लगातार चार वर्षों तक समस्त संसारसे वीरतापूर्वक संगठित रूपमें युद्ध कर जर्मन-जातिने नैतिकतापर जो महान विजय प्राप्त की है, उसे हम, महज सेनापतियोंको बदनाम करनेके लिये,भूल नहीं सकते। जर्मन-सेनाका संगठन तथा नेतृत्व संसारकी दृष्टिमें अद्वितीय था। युद्धमें हमारी असफलताका कारण मानव-शक्तियोंकी बाधा थी।

हमारे वर्तमान दुर्भाग्योंका कारण जर्मन-सेनाका विनाश न था, किन्तु, यह दूसरे अपराधोंका फल है, जिसमें से एक तो उस विनाश के समय प्रतीत हुआ था, और दूसरा अब प्रत्यक्ष रूपमें हमारे सामने उपस्थित है।

क्या जातियोंका विनाश कभी युद्ध-पराजयके कारण ही हुआ है? इसका बहुत संक्षेपमें उत्तर दिया जा सकता है।

सेनाकी पराजय आलस, कायरता, चरित्रके अभाव,और वास्तव में जातिके कार्य्योंकी अयोग्यताके कारण ही हो सकती है। यदि ऐसा न हो, तो सेनाकी ऐसी पराजय भविष्यमें जाति-उत्थानमें सहायक होती है, जातिके नामपर धब्बा लगानेवाली नहीं।

इस कथनकी वास्तविकताको सिद्ध करनेके लिये इतिहासमें असंख्य प्रमाण हैं।



Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



आह! जर्मनीकी सैन्य-पराजय कोई अवांछनीय बात न थी, किन्तु ताड़नाके रूपमें एक अविस्मरणीय शिक्षा थी। हमारी योग्यता के अनुसार ही ऐसा फल प्राप्त हुआ था।

यदि जर्मन-सेनाको किसी भी प्रकारसे उभाड़ा नहीं जाता, और उसे अपनी मनमानी करनेका मौका दिया जाता, और यदि फिर उस असफलतासे यह राष्ट्रीय दुर्घटना होती, तो जर्मन इस पराजयको किसी दूसरे रूपमें ही देखते। ऐसे समय वे स्वतः ही उस दुःखके कारण होते जो भविष्यमें विकराल रूप धारण करता, अथवा उनके दुःखका पार नहीं लगता। भाग्यकी चालबाजियोंके विरुद्ध उनका हृदय उन्माद और रोषसे भर जाता, अथवा अपने भाग्यशाली विजय-प्राप्त शत्रुको वे किसी भी हालतमें नहीं देख सकते। उस समय न आनन्द मनाया जाता न नाच गाने ही होते, कायरता घमण्डमें फूल पराजयको गौरवशाली न बनाती, युद्ध करनेवाली सेनायें अपनी इस पराजयपर हास-परिहास न करतीं, और सबसे बढ़कर, इस तरहकी अवांछनीय और भद्दी परिस्थिति उपस्थित न होती, जिसने एक ब्रिटिश अफसर, कर्नल रेपिंगटनको यह घोषित करनेका मौका दिया कि, "प्रत्येक जर्मन धोखेबाज है।"

नहीं—अपने दुर्बल प्रदर्शनके कारणोंसे ही सेनाका विनाश हुआ था, जिसके लिये कायरों और बुजदिलोंको दोष दिया जा सकता है; जो शान्तिके अवसरोंपर हमेशा ही जातिको दूषित करते आये हैं। नैतिक विष-प्रचारके विपत्तिजनक परिणामस्वरूप ही पराजय हुई थी, जिसे आत्मरक्षाके विचारोंकी कमजोरी तथा जर्मन-

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



जाति एवं नीचको अज्ञातरूपसे हानि पहुंचानेवाले तत्कालीन सिद्धांतों का फल कहा जाय तो कोई आतिशयोक्ति न होगी।

यह सर्वदा प्राकृतिक था कि यहूदियों और मार्क्सवाद-संगठनके नारकीय विचारोंमें वही व्यक्ति उस दुर्घटनाका उत्तरदायी था, जिसने अपनी अलौकिक इच्छाशक्ति और तीव्र बुद्धि द्वारा अपने देशका उस विपत्तिसे, विशेषतः ऐसे समयमें, उद्धार किया, जबकि समस्त जाति दर्पमर्दन और अपमानकी असह्य वेदनासे व्याकुल होरही थी। लडेन-डर्फको युद्ध-पराजयका दोषी ठहरा; उन्होंने नैतिक न्यायास्त्रको अपने हाथोंसे खो दिया; और पितृभूमिके साथ महान अन्याय किया।

हम इसे भी जर्मन-जातिके भाग्यका प्रभावमान सकते हैं कि उस समय ऐसी रुला-रुलाकर मारनेवाली बीमारी आई और उस आपद्कालमें भी उसका प्रतिकार किया गया, क्योंकि यदि इससे कुछ भी भिन्न होता तो जर्मन-जातिका विनाश होना अवश्यम्भावी था। वह रोग पुराना होजाता, परन्तु दुर्घटनाके वास्तविक रूपमें उसकी झलक साफ-साफ प्रतीत हुई और विचारशील अवेक्षकोंने उस मर्ज-को अच्छी तरहसे समझ लिया। उन मनुष्योंने उस संचारी रोगको क्षयीरोगकी अपेक्षा आसानीसे समझ लिया। उनमेंसे पहला मृत्युकी भयावह लहरोंपर आता है तथा मनुष्योंको दहला देता है, और दूसरा धीरे-धीरे रेंगता है, पहला भयोत्पादक है, और दूसरा क्रमशः कष्टदायक है। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य पहलेपर विजय पानेके लिये अपनी पूर्णशक्ति लगा देता है, जबकि दुर्बल उपायोंसे वह अपने खर्चको रोकनेकी चेष्टा करता है। इसप्रकार हम संचारीरोगपर विजय

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



प्राप्त कर लेते हैं, परन्तु क्षयीरोग इमपर विजय प्राप्त करता है। यही बात हमारी शारीरिक राजनीतिके रोगोंपर लागू होती है।

पूर्व महायुद्धकी चिरशान्तिकी दृष्टिमें कुछ दोष उत्पन्न हुए और उन्हें दोषरूपमें समझा गया, यद्यपि कुछ आपदाओंको छोड़; उनके कारणोंपर व्यवहारतः कोई भी ध्यान नहीं दिया गया था। सर्वप्रथम ये विचारणीय अपवाद जातिके आर्थिक जीवनके वातावरणसे सम्बन्धित थे, और इन्होंने प्रत्येक व्यक्तिके हृदयमें, अन्य दिशाओंसे उत्पन्न दूसरे दोषोंकी अपेक्षा, विशेष स्थान प्राप्त किया था।

उस समय नाशके अनेकों ऐसे चिन्ह प्रतीत हुए; जिनपर समुचित ध्यान देना चाहिये था।

महायुद्धके पूर्व जर्मनोंकी आश्चर्यजनक बढ़ती हुई आबादीने उसके प्रबन्धके लिये ऐसा स्थानका, जो आर्थिक तथा राजनीतिक दृष्टिसे उपयुक्त हो, प्रश्न उपस्थित कर दिया। किन्तु, दुर्भाग्यवश अधिकारी अपने विचारोंको एकमत न रखनेके कारण, मतभेदकी सृष्टिकर, सही रास्तेंपर नहीं पहुंच सके, क्योंकि उनकी धारणा थी कि वे अपने उद्देश्यकी प्राप्ति सहज उपायोंसे ही कर लेंगे।

नये देशों अथवा उपनिवेशों पर विजय प्राप्त करनेके पुनर्जीवन विचारका; आर्थिक विजयके सनकी-ध्यानके कारण, असीमित और हानिकारक उद्योग-धन्धेकी ओर अग्रसर होना अनिवार्य था।

इसका मृत्युकारी परिणाम मजदूरों और किसानोंको क्षीणकाय बनाना था। जैसे२इस श्रेणीका पतन होता गया,नगरोंमें सामान्य लोग भरगये,उनकीसंख्याभी बढ़नेलगी;अन्तमें समतुल्यताका नाश होगया।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



इस प्रकार धनिकों और गरीबोंके भीषण संघर्षका रूप और भी स्पष्ट रूपमें प्रतीत हुआ। व्यर्थता और दरिद्रताका इतना निकट संबन्ध होगया कि उसका परिणाम अत्यन्त सोचनीय प्रतीत हुआ। दरिद्रता और महान बेकारीने जनताके लिये प्रलयका रूप धारण कर लिया और उसने सर्वत्र असन्तोष और परस्पर बुरे विचारोंकी सृष्टि कर दी।

असीम उद्योगीकरणका दूषित वातावरण अभी भी उपस्थित था। राष्ट्रके लिये दुःखदायक परिमित व्यापारके अलावा, धन ही ईश्वर हो गया, जिसकी जी-हजूरी सबको बजानी पड़ी और उसके आगे झुकनेके लिये लोगोंको बाध्य किया गया। नैतिक पतनका एक काल प्रारम्भ हुआ जो विशेषतः इसलिये बुरा था कि उसकी सृष्टि ऐसे समय की गई जब कि जातिको पहलेकी अपेक्षा कुछ अधिक वीरताकी आवश्यकता थी। उस समय हमारा देश भयग्रसित था। जर्मनीको अपनी तलवारके बलपर अपने उद्योगोंको मजबूत बनाना चाहिये था; जिससे वह अपनी रोजाना रोटी "शान्तिपूर्ण आर्थिक श्रम"से कमा सकता।

दुर्भाग्यवश, धनकी प्रधानताने उस स्थानपर अधिकार करनेकी स्वीकृति प्राप्त की, जिसका निकट भविष्यमें श्रमिकोंके विरोधमें आना आवश्यक था। हमारे महाराजकी यह असुखकर इच्छा थी कि उन्होंने राजकर्मचारियोंको धनके नये केन्द्रमें प्रवेश करनेकी आज्ञा दे दी। निस्सन्देह उनका यह अपराध क्षम्य है, यहां विस्मार्क जैसे विकट राजनीतिज्ञ भी भयको समझनेमें असफल रहे; परन्तु व्यवहारतः इसने आदर्श गुणोंको धनके हाथों बेच दिया; क्योंकि यह

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



बिल्कुल स्पष्ट था कि एकबार उस पथपर लाये हुये खड्गधारी दरबारी भी धनके मायाजालमें फंसनेके लिये विवश हो जाते हैं।

महायुद्धके पूर्व जर्मन-राष्ट्रका व्यापारिक अन्तरराष्ट्रीकरण शेयरों के प्रतापसे अपने उपयुक्त पथपर चल रहा था। जर्मनीको एक उद्योग शील श्रेणीने उस आपदाको दूर भगानेका प्रयत्न किया; किन्तु अन्त में लोभियोंके संयुक्त आक्रमणोंका उसे शिकार होना पड़ा - यह थे हमारे मार्क्सवादी आन्दोलनके संचालक मित्रोंके हथकण्डे।

जर्मनीके "तत्वयुक्त-उद्योग धन्धे" के विरुद्ध दृढ़ संग्रामका प्रत्यक्ष रूप अन्तरराष्ट्रीकरणका प्रारम्भ था,जो कि मार्क्सवादकी सहायताके लिये आरम्भ किया गया था; और इस कार्यको पूर्ण करनेका एक-मात्र सम्भव उपाय विद्रोहमें मार्क्सवादका विजय होना था। मेरे शब्दोंमें, जर्मन–राष्ट्रकी रेलवेपर मार्क्सवादियोंका आक्रमण अपनी सफलता दिखा रहा था;और इसका परिणाम अन्तरराष्ट्रीय पूंजीवा-दियोंके लिये अत्यन्त लाभदायक था। इस प्रकार "अन्तरराष्ट्रीय" सामाजिक प्रजातन्त्रवादने पुनः अपने एक ध्येयको प्राप्त कर लिया।

व्यापारिक उद्योगीकरणके तरीकेका सबसे अच्छा प्रमाण यह है युद्धके समाप्त होते ही जर्मन-उद्योग और व्यापारके एक नेताने अपना यह मत प्रकाशित किया कि व्यापार ही जर्मनको पुनः अपने पांवपर खड़े होने योग्य बना सकता है। स्टाइन्सकेद्वारा कथित इन शब्दोंनेअवि श्वसनीय घबड़ाहट पैदा कर दी,और वे तबसे उन बकबकियों औरपाखं डियोंके लिये उद्देश्यस्वरूप होगये हैं,जो राज्यकर्मचारीके वेशमें विगत विद्रोहके समयसे ही जर्मनीकी भाग्य श्रीको नष्ट करनेमें लगे हुये हैं।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



जर्मनीके विनाशके कारणोंमें सबसे बुरा कारण सार्वजनिक कमजोरदिली थी,जो महायुद्धके पूर्व सभी प्रकारके वातावरणपर अपना प्रभाव जमा रही थी। मनुष्यकी अनिश्चितताके परिणामस्वरूप ही ऐसा हुआ करता है। इसका दूसरा कारण कायरता है,जो संदिग्धता तथा अन्य दूसरी बातोंसे उत्पन्न होती है। शिक्षा-प्रणालीको यदि इसके लिये दोषी कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं।

महायुद्धके पूर्व जर्मन-शिक्षा-प्रणाली कितनी ही बातोंके कारण कमजोर थी। उसका रंग रूप इस तरह बनाया गया था, जिससे व्यवहारिक योग्यता प्राप्त करना असम्भव था, उसमें विद्या-ज्ञानकी सीमा थी,और एक तरफ स्वार्थपरताका अच्छा समावेश था। चरित्र निर्माणका उसमें कोई विचार न था,उत्तरदायित्वके आनन्दको समझानेकी इसमें तनिकमात्र भी चेष्टा नहीं की गई थी,और न्याय एवं इच्छा-शक्तिका तो नाम ही नहीं रह गया था। इसका परिणाम एक दृढ़ व्यक्ति बनाना नहीं, किन्तु एक ज्ञानवान कोमल विचारयुक्त शिक्षक बनाना था-और यह वही था जोकि संसारमें जर्मनोंके लिये सोचा जाता था और जिसके लिये हमें विचार करनेका आनन्द प्राप्त हुआ। एक जर्मनकी उपयोगिता देखते हुये उसके प्रति चाहना अवश्य थी,परन्तु उसकी इच्छाशक्तिकी दुर्बलताको देख उसका बहुत कम सम्मान होता था। किसी दूसरी जातिकी अपेक्षा, स्वातन्त्र्य विचारों और पितृभूमिके परित्यागके विषयमें, उसके पास अच्छे कारण थे। यहां "रमता जोगी घर घर डोले" की लोकोक्ति भलीभांति चरितार्थ होरही थी।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



यह कोमलता उस समय अलंकारी सिद्ध हुई, जब इसने उस स्वरूपको धारण किया,जिसे सम्राट कर सकते थे। वह स्वरूप निरुत्तर सिद्धान्तोंपर निर्भर था,परन्तु उसका ऐसे सभी विषयोंसे संबन्ध था, जिन्हे सम्राट चाहते थे। तथापि उसकी यह इच्छा थी कि प्रत्येक व्यक्तिको नागरिक स्वाधीनताका होना आवश्यक है, अन्यथा इसके अभावसे राजसत्ताका विनाश अनिवार्य था।

निस्सन्देह चापलूसी पेशा करनेवालोंके लिये यह एक अच्छी बात थी, परन्तु सभी योग्य मनुष्य—और राष्ट्रके श्रेष्ठ व्यक्ति पूर्ववत इस अनर्थकताकी रक्षा होते देख बहुत बुरा मानेंगे। उनके लिये इतिहास इतिहास ही है और सत्य सत्य ही है, चाहे उसका सम्बन्ध राजासे हो अथवा रंक से। नहीं,ऐसा बहुत कम देखनेमें आता है कि किसी भी जातिके भाग्यमें एक महान सम्राट और एक उत्कृष्ट विद्वान दोनों ही हों, और यदि ऐसा होता है, तो भाग्यचक्रकी कोई भी दुर्घटना जातिको नहीं सता सकती और वह सन्तोषी जीवन व्यतीतकर सारके लिये आदर्शस्वरूप बन जाती है।

इस प्रकार राजविचारोंके गुण और महत्व राजाकी व्यक्तिगत विचार शृंखला तक ही सीमित नहीं हो सकते, हां, ऐसा उसी दशामें सम्भव है,जब ईश्वर राजमुकुटको फ्रेडरिक महान अथवा विलियम प्रथम जैसे प्रकाण्ड विद्वान, महान योद्धा और विकट राजनीतिज्ञके मस्तकपर रखता है। कई शताब्दियोंमें एकबार ऐसा हुआ करता है वह भी कभी कभी बड़ी मुश्किलसे। अन्यथा यह धारणा किसी व्यक्ति विशेषके श्रेष्ठत्वको स्वीकार करती है,और इसका महत्व पूर्ण-

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



तया एवं स्वभावतः एक सुन्दर व्यवस्था पर निर्भर करता है, तथा राजा उनलोगोंके क्षेत्रमें प्रवेश करता है, जो उसका कार्य्य करते हैं।

इस भूलभरी शिक्षाका एक परिणाम उत्तरदायित्व ग्रहण करनेका भय और लाभदायक समस्याओंपर विचार करनेकी परिणामरूपी निर्बलता है। उदाहरणार्थ यहां मैं जनताकी कुछ बातोंका जिक्र करूंगा जो मुझसे सम्बन्ध रखती हैं।

सम्पादकीय क्षेत्रमें प्रेसको राष्ट्रकी महान-शक्ति बतानेकी एक प्रथा सी चल गई है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि इसका वास्तवमें बहुत महत्व है। इसकी अधिक व्याख्या करना बहुत मुश्किल है— किन्तु जो कुछ इसके द्वारा होता है, वह वास्तवमें शिक्षा विषयको प्रगतिशील युग तक पहुंचानेके लिये ही किया जाता है।

यह जाति और राष्ट्रके स्वार्थोंके लिये लाभदायक है—इसका काम यह देखना है कि जनता बुरे, अज्ञान और यथार्थतः अयोग्य शिक्षकोंके हाथ न पड़ जाय। अतः राष्ट्रका यह कर्त्तव्य है कि वह जनताकी शिक्षाका निरीक्षण किया करे और गलत रास्तेपर चलने वाली परिपाटीपर नियन्त्रण रक्खे, और विशेषतः उसे प्रेसोंकी गति-विधि पर ध्यान रखना चाहिये, क्योंकि इनका प्रभाव मनुष्यमात्रपर अन्य बातोंकी अपेक्षा ज्यादा और अन्तरपटगामी होता है; इसका भी एक विशेष कारण है—इनके कार्य्योंमें क्षणिकताका लोप और उसके स्थानपर स्थायीपन। यह महान प्रभाव संगठन और शिक्षाके दृढ़ सिद्धान्तोंके कारण ही है। यहां, राष्ट्रका कर्त्तव्य है कि वह इनपर ध्यान रखना न भूले, और इस बातका स्मरण रक्खे कि उसका

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



अधूड़े उपायोंसे तत्परताको सन्तुष्ट करना आन्तरिक विनाशका बाहरी चिन्ह है, और निकट भविष्यमें ही एक राष्ट्रीय विनाशका होना अनिवार्य है।

मैं आशा करता हूं कि हमारी वर्त्तमान जनता इस भयपर सरलतासे ही अपना प्रभुत्व जमा देगी। ये निश्चित अनुभव उसके हृदयमें शीघ्रही स्थान पा सकते हैं, जिसने इनका अर्थ भलीभांति समझ लिया हो। यह निश्चित है कि यहूदी कभी न कभी अपने समाचार पत्रोंमें इसके लिये अवश्य चिड़चिड़ायेंगे कि उनके प्रेसके दुरुपयोग करनेके हथियारको उनके हाथसे छीन, पुनः उसे राष्ट्र और जातिकी सेवामें लगा, शत्रुओं और विद्रोहियोंका मानमर्दन कर दिया गया। मैं विश्वास करता हूं कि अपने पूर्वजोंकी अपेक्षा हम इस दशामें अब बहुत कुछ अच्छे हैं। तीस सेन्टिमीटरवाला बारूदका एक गोला एक हजार द्रोही यहूदी सम्बाददाताओंसे सर्वदा ही ज्यादा आवाज करता है—अतएव उन्हें बकने दो!

समस्त शिक्षाका रूप इस तरहका होना चाहिये, जिससे किसी एक लड़केका खाली समय उसके उपयोगी शरीर-सुधारमें लगे। उसे कोई अधिकार नहीं है कि वह उन बर्षोंको आलस्यपूर्वक सड़कोंमें गोलमाल मचाने और तस्वीर-घर देखनेमें व्यर्थ ही खो दे, किन्तु अपने दैनिक कार्यसे छुट्टी पानेके बाद उसे अपने शरीरको दृढ़ करना चाहिये था, ताकि मानव जीवनके संघर्षकालमें उसे अपनी निर्बलता प्रतीत हो। इसके लिये तैयार करना और इसे कार्यान्वित करना ही युवक शिक्षाका काम है, किन्तु, केवल विद्याज्ञानसे ही काम नहीं चल-

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



सकता। इसे स्वतः इस मतका अनुसरण करना पड़ेगा कि शरीर-व्यस्था करना प्रत्येक व्यक्तिका अपना काम है। किसीको भी वंश-परम्पराके कारण पाप करनेकी स्वतन्त्रता नहीं प्राप्त होनी चाहिये।

हो गया, और उन्हें एक वास्तविक प्रकाशका अनुभव हुआ, फलतः लोग वास्तविकताको जान गये।

ये सभायें मेरे लिये लाभदायक प्रमाणित हुईं और धीरे-धीरे मैं सार्वजनिक सभाओंमें बोलनेवाला एक अच्छा वक्ता हो गया अर्थात् हजारोंकी सभामें लोगोंको अपने वशमें कर लेना मेरे लिये बांयें हाथ का खेल हो गया।

हमारी पहली सभा इस बातसे प्रसिद्ध हो गई कि हमारा टेबुल छोटे छोटे विभिन्न प्रकारके इश्तिहारोंसे भरा हुआ था। हमलोगोंने अपने घोषित उद्देश्योंको ही दुहराया। परिणामतः उन क्रांन्तिकारी भावनाओंकी उत्पत्ति हुई, जो आध्यात्मिक दृष्टिसे ठीक हैं।

एक वक्ता अपने श्रोताओं द्वारा ही अपना पथ निश्चित कर सकता है; अपने भाषणको सत्य प्रमाणित करते हुए, उसे इस बातका ध्यान रखना पड़ेगा कि लोग उसकी दलीलोंको अच्छी तरहसे समझ रहे हैं या नहीं, और उसके शब्द इच्छानुसार प्रभाव डाल रहे हैं या नहीं; श्रोताओंकी भावभंगी द्वारा ही वह इस बातको जान सकता है। यही बात लेखक और पाठकोंके सम्बन्धमें लागू होती है। अतः वह किसी सीमित भीड़की कल्पना करता हुआ किसी भी हालतमें भाषण नहीं दे सकता, किन्तु वह साधारण तरीकोंसे बोलनेके लिये बाध्य है। यदि वह ऐसा करनेमें अयोग्य है तो वह सर्वसाधारणके ऊपर अपना प्रभाव नहीं जमा सकता, क्योंकि वैसी दशामें उसमें भेदभावका आजाना आवश्यक है, और उस भेदभावके फलस्वरूप वह जनताकी नजरोंसे गिर जाता है।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



मान लीजिये कि एक वक्ताको यह प्रतीत होता है कि जनता उसकी बातोंको नहीं समझ रही है, ऐसी दशामें उसे अपनी व्याख्याको इतना तत्वपूर्ण एवं स्पष्ट करना होगा जिससे प्रत्येक व्यक्ति उसकी बातोंको समझ,ग्रहण करने योग्य हो जाय; यदि वह इस बात का अनुभव करता है कि लोग उसकी बातें नहीं समझ रहे हैं, उसे अपने विचारोंको इस प्रकार व्यक्त करना होगा जिससे कमजोरसे कमजोर दिमागवाला भी उसके भावोंको समझ सके, पुनः, जब उसे यह प्रतीत हो कि उसकी सत्य दलीलोंपर लोगोंको पूर्ण विश्वास नहीं हुआ है,उसे बारबार अपनी दलीलोंको नये-नये उदाहरणोंसे उपस्थित करना पड़ेगा और स्वयं ही जनताकी अकथित शंकाओंकी आकषक ढंगसे व्याख्या करनी होगी, ताकि उनका समाधान हो जाय और जनताके हृदयमें उनके प्रति किसी प्रकारकी संदिग्ध भावना न बनी रहे; और उसे तबतक अपना यह क्रम जारी रखना होगा जबतक कि वह विरोधियों की बोलती न बन्द करदे और उन्हें अपने बशमें न ले आये ।

भ्रान्त धारणाओंको, जो कि आन्तरिक ज्ञानकी अपेक्षा लोगोंकी अज्ञानता एवं भावनाओंसे परिचालित होती हैं, दूर करनेका यह तरीका कोई नया नहीं है। स्वाभाविक बुद्धिपूर्ण इस घृणाकी सीमाको गलत धारणओंकी शुद्धि करनेकी अपेक्षा, अतिक्रम करना बहुत ही कठिन है। अज्ञानता एवं गलत धारणाओंको शिक्षा द्वारा हटाया जा सकता है—किन्तु भावनाओंसे कारण उत्पन्न बाधाको दूर करना टेढ़ी खीर है और कुछ नहीं, गुप्त शक्तियां ही यहां सफलता प्राप्त

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



कर सकती हैं; यह एक लेखकके लिये असम्भव है, किन्तु हां, एक वक्ता कठिनता पूर्वक इसे कर सकता है ।

जिस आश्चर्यजनक शक्ति द्वारा मार्क्सवादने जनताके ऊपर अपना प्रभाव जमाया है, वह यहूदी विद्वानोंका मुंहजबानी लिखित काम नहीं है, किन्तु वक्तृता-प्रचारका प्रभाव है जिसने कई वर्षोंमें जनताको अपनी ओर आकर्षित किया है; एक हजार जर्मन-कार्य-कर्त्ताओंमेंसे शायद एकसौ ही मिलेंगे जिन्हें मार्क्सकी उस पुस्तकका ज्ञान हो, जिसका अध्ययन अपनेको विद्वान कहनेवाली यहूदी-श्रेणी द्वारा हुआ था, किन्तु आन्दोलनके अन्य अनुयायी उसके विषयमें कुछ भी नहीं जानते थे। वह पुस्तक सवसाधारणको ध्यानमें रखकर नहीं लिखी गई थी,किन्तु संसार-विजयके इच्छुक यहूदियोंके लाभार्थ उसका निर्माण हुआ था,आन्दोलनका संचालन किसी दूसरे ही भिन्न तरीकेसे होता था। यह वही विषय है जो कि मार्क्सवादी और मध्य-श्रेणीके प्रेसोंमें अन्तर बताता है। आन्दोलक मार्क्सवादी प्रेस द्वारा लिखा-पढ़ा करते थे,जब कि मध्यश्रेणी प्रेसको अपने लेखकोंके कारण आन्दोलनको संचालित करनेके लिये चुना गया।

एक अज्ञानता हमें संसारमें सर्वप्रथम जर्मन इन्टेलिजेन्जिया समाचार पत्रमें देखनेको मिली कि एक वक्ताकी अपेक्षा एक लेखक अधिक प्रभावशाली माना जा सकता है। नेशनलिस्ट समाचारपत्रमें इस विषय पर लिखते हुए एक लेखकने कहा है कि किसी अच्छे वक्ताका भाषण सुननेमें जितना आनन्द आता है एवं उसका जितना प्रभाव पड़ सकता है,उतना उसके मुद्रित रूपसे नहीं। मैंने तत्सम्बन्धी युद्धकालीन

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



और कई लेखोंको एकत्रित किया, संयोगवश मुझे युद्ध-मन्त्री लायड जार्जके कई लेख मिले,मैंने सूक्ष्म दृष्टिसे उनकी परीक्षा की,मेरा ऐसा करनेका उद्देश्य किसी अन्तिम परिणाम पर पहुंचना था। सौभाग्य-वश मुझे सफलता प्राप्त हुई और मैंने भलीभांति देखा कि वह वक्तृ-तायें विद्वता और ज्ञानकी किस तरह तुच्छता प्रगट करती हैं। मैंने उस तरहकी कुछ वक्तृताओंका संग्रह किया, और मुझे हंसी आई कि जनतापर प्रभाव जमानेवाली उन वक्तृताओंको समझनेमें एक साधा-रण जर्मन भी असफल रहा। इस भले आदमीने अपने वक्तृताप्रसंगमें जो कुछ कहा वह श्रोताओंपर प्रभाव जमानेके लिये यथेष्ट था, और वास्तवमें एक ब्रिटिश चापलूसके लिये ऐसा करना आवश्यक भी था। साधारण दृष्टिकोणसे वेल्समैनकी वक्तृतायें एक आश्चर्यजनक कार्य-कुशलताकी परिचायक थीं, और उन्हें वास्तवमें स्पष्ट तथा प्रभाव-शाली माना जा सकता है,क्योंकि हर प्रकारसे उनका सारांश जाति-हित करना था।

उनकी तुलनामें बेथमैन हौलवेगकी बकबकको सामने रखिये, जिसकी वक्तृतायें विद्वतापूर्ण मानी जा सकती हैं, किन्तु किसी भी दशामें जातिके लिये हितकारक नहीं,उन्हें देखते हुए मनुष्यकी अयो-ग्यता प्रगट होती है।

निस्सन्देह लायडजार्जमें बेथमैन हौलवेगकी अपेक्षा यह विशेषता थी कि उसकी वक्तृताओंका तरीका ऐसा आकर्षक था कि जनतावश में हो जाती थी, और उसकी इच्छानुसार उसकी बातोंको ध्यानपूर्वक सुनती और समझती थी। वक्तृताओंकी प्राचीनता, उनको व्यक्त

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



करनेका ढङ्ग, उनको समझानेकी शक्ति और सीधे तथा सरल उदाहरणोंने वेल्समैनकी राजनीतिक योग्यताको प्रगट कर दिया।

सार्वजनिक सभाओंका जनतापर बहुत ही प्रभाव पड़ा करता है और वह एक नये आन्दोलनमें सम्मिलित हो, जातिसम्बन्धी विषयोंको समझने योग्य होती है, इसका प्रोत्साहनकारी एवं शक्तिकारी प्रभाव अत्यन्त लाभदायक होता है। लोग इस जादू-भरे प्रभाव के कारण जाति-हितके लिये अपने आपको समर्पित कर देते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि हजारोंकी इच्छा, आकांक्षायें और शक्तियां एक स्थानपर एकत्रित होती हैं। कोई भी मनुष्य जो ऐसी सभाओंमें एकबार भी उपस्थित होता है, उसके सन्देहात्मक विचार वहांके वातावरणके प्रभावसे गायब हो जाते हैं और वह जातिका एक सदस्य हो जाता है। हमारा राष्ट्रीयतावादी आन्दोलन इसकी उपेक्षा नहीं कर सकता।

—*—

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

# सातवां अध्याय।

## लाल शक्तियोंके साथ संघर्ष ।

उन्नईस सौ उन्नईस बीस ई० में साथही साथ १९२१ में भी मैं तथाकथित मध्यश्रेणीकी कई सभाओंमें उपस्थित रहा। मैं मध्यश्रेणीके इन उपदेशोंके विचारोंको जानना चाहता था जो कि हमसे भिन्नथे, औरजब मैंने उनके उद्देश्योंको समझा मेरी समझमें आ गया कि मध्यश्रेणीका कितना महत्व है, और मुझे इसपर बड़ाही आश्चर्य हुआ। मैंनेडेमोक्रेटों, जर्मन नेशनलिस्टों, जर्मनपीपुल्स पार्टी और बभेरियन पीपुल्स पार्टीकी कई सभाओंका निरीक्षण किया। उस समय जो बात मेरे दिलको लगी, वह दर्शकोंकी दृढ़ एकता थी। दल अनुयायीहो ऐसी सभाओंमें प्रायःभाग लिया करते थे। वहांकिसीभी प्रकारका अनुशासन न था, और सब कुछ देखते हुए ऐसा प्रतीत होता था कि यह क्रान्तिकारी जनताकी एक सभा नहीं, किन्तु ताशके जुए खेलनेवालोंका एक जमघट है। शान्त वातावरण रखनेके लिये वक्ता अपने भरसक कुछ नहीं उठा रखते थे। उनके भाषण देनेके ढङ्गसे ऐसा जाहिर होता था कि मानों कोई आदमी समाचारपत्रका लेख पढ़ रहा हो अथवा भाषणकी उपयोगिताको न समझते हुए क्रान्तिकारी शब्दावलीको छिपा, निस्सार बक-बक हो रही है। यहां एक प्रकारकी दिल्लगी हो सकती थी, जिससे मञ्चपर उपस्थित वक्ता महो-

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



दयको सभ्यतापूर्वक उनकी भूलोंके लिये दण्डित किया जा सकता था। समस्त श्रोतामण्डली एक घण्टेके तीन हिस्से तक शोरगुल अथवा किसी तरह अन्य गोलमालमें व्यस्त रहा करती थी। अन्तमें सभापति एक जर्मन देशभक्तिपूर्ण गीत गाया करता था।

इस भांति सभा समाप्त हो जाती थी—अर्थात् प्रत्येक आदमी जानेमें जल्दी मचाया करता था, कोई मदिरा-पानके लिये,कोई जलपानके वास्ते और अन्य दूसरे लोग ताजी हवा खानेके लिये।

किन्तु इसके विपरीत, नेशनल सोशलिस्ट सभायें शान्तिपूर्ण होती थीं। उस समय दो सांसारिक दृष्टिकोण परस्पर संघर्षमें तल्लीन थे, और उनका निर्णय देशभक्तिके गायनोंसे नहीं,किन्तु राष्ट्रीय और जनप्रिय भावनायुक्त उमङ्गसे हुआ।

हमारी सभाओंके लिये यह आवश्यक था कि वहां पूर्ण अनुशासनकी स्थापना की जाय और सभापतिका कथन सर्वमान्य हो।

हमारी सभाओंमें भिन्नमतावलम्बी लाल झण्डेके अनुयायी भी आया करते थे। वे प्रायः ही कुछ आन्दोलकोंके साथ एक ठोस गुट्टके रूपमें हमारे बीच आते थे, और उनका यही कथन था कि "हम इसे तुम्हारे साथ आज रात्रिको फहरायेंगे",और ऐसे समयमें हमारे सभापतिकी बुद्धिमत्ता एवं हमारे सभा-भवनके निरीक्षकोंकी कार्यकुशलताके परिणामस्वरूप वे शान्त हो,हकारे बीच शामिल हो एक प्रकार का आनन्द लेने लगते थे।

बहुत समयके गम्भीर एवं ठोस विचारके पश्चात हमलोगोंने यह निश्चित किया कि हमलोगोंके पोस्टरों (एक प्रकारके बड़े इश्तिहार)

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



का रङ्ग लाल रहेगा, ऐसा करनेका हमारा उद्देश्य उनकी सहानुभूति प्राप्त करना था, इस प्रकार उन्हें उभाड़ना था और अपनी सभाओंमें आनेके लिये प्रेरित करना था,जिससे कि उनसे खुले तौरसे बातचीत करनेका अवसर प्राप्त हो।

तब हमारे विरोधियोंने जागृत श्रमिकवर्गके नाम इस आशयकी अपील निकाली कि वह हमारी सभाओंमें उपस्थित हो, जैसा कि हमारा दल श्रमिकवर्गको कहा करता था।

हमारी सभाओंमें समयके पौन घन्टे पूर्व ही मजदूरोंकी बहुत ज्यादा भीड़ होजाया करती थी। उनमें इतनी आत्मशक्ति होगई थी कि वे किसी भी समय आज्ञानुसार आगे बढ़नेके लिये प्रस्तुत थे। किन्तु यह सब सर्वदा ही विपरीत होता था। कुछ ऐसे लोग भी आते थे जिनके हृदयमें हमारे आन्दोलनके प्रति शत्रुता थी और वे शीघ्र ही चले जाते थे,जो हो उनका उद्देश्य किसी हालतमें अपना सहयोग नहीं देना था,किन्तु विचारात्मक उपायोंसे हमारे सिद्धान्तोंकीसत्यता की समालोचना कर, उनकी परीक्षा लेना था।

तब यह कहा गया—"श्रमिकों! नेशनलिष्ट आन्दोलकोंकी सभाओंका बहिष्कार करो"! इसी तरहकी चालबाजियां रेड प्रेसकी ओर से भी दर्शनीय थीं।

जनताको बहुत ही आश्चर्य हुआ। पुनः अकस्मात नीतियोंमें परिवर्त्तन हुआ,और कुछ समयके लिये हमलोग मानवसमाजके कट्टर शत्रुकी भांति देखे गये। यह कुछ नहीं, विरोधियोंके चालबाजीभरे हथकन्डे थे। हमारे अपराधोंको सिद्ध करनेके लिये क्रमशः कितने ही

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



लेख निकाले गये, और हमारे विषयमें मनगढ़न्त कितनीही कहानियां बनाई गईं। इसप्रकार हमें बदनाम करनेका कोई भी तरीका आदिसे अन्ततक नहीं छोड़ा गया। किन्तु थोड़े ही समयमें विरोधियोंको मुंहकी खानी पड़ी, और उन्हें विश्वास होगया कि इस तरहके झूठे प्रचारका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, वास्तवमें इसका यह प्रभाव पड़ा कि सर्वसाधारणका ध्यान सीधे हमारी ओर आकर्षित हुआ!

इससे हमारी सभाओंको तोड़नेकी नीति विपक्षी नेताओंकी कर्त्तव्यविहीनता एवं कायरताका प्रदर्शन करती है। प्रत्येक महत्वपूर्ण अवसरपर ये नीच सभा-भवनके बाहर खड़े हो गोलमालके परिणाम की प्रतीक्षा किया करते थे।

ऐसे अवसरोंपर हम अपनी सभाओंकी रक्षाका भार अपने ऊपर लेनेके लिये बाध्य थे, सरकारी अधिकारियों द्वारा ऐसी रक्षाकी आशा नहीं की जा सकती, इसके विपरीत अनुभव बताता है कि उनका उद्देश्य सर्वदा ही उपद्रवकारियोंका साथ देना रहा है। सरकारी अधिकारियोंका वास्तविक कार्य्य सभाको भङ्ग करना था, अर्थात उसे पूर्णतया रोकना था, वास्तवमें, हमारे विरोधियोंका सभामें आनेका उद्देश्य हमारी अग्रगतिमें बाधा प्रदान करना था।

इसप्रकार, हमने सोच लिया था कि पुलिसके संरक्षणमें होनेवाली कोई भी सभा जनताकी दृष्टिमें आयोजकोंकी मर्यादामें बट्टा लगानेवाली होती है।

हमारे अनुयायी सर्वदा ही लाल दलवालोंकी बाधाओंका सामना वीरतापूर्वक किया करते थे। अन्तमें उस दलके पन्द्रह या बीस आद-

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



मियोंको, जो हमारी सभाओंमें उपस्थित रहते थे,चुप होनाही पड़ता था, और जो लोग दो या तीन वार हमारी सभाओंमें इस प्रकार लांछित हो जाते थे,वे फिर कभी हमारी सभाओंमें आ, गोलमाल मचानेका नाम भी नहीं लेते थे।

यह सबलोग जानते थे कि विद्रोह हमारी जातिकी संचालक मध्य-श्रेणीके विनाशकारी उपायोंके लिये किस तरह उपयोगी और लाभदायक था। यद्यपि ऐसे बहुतेरे लोग थे जोकि अपने बलसे जर्मनजातिकी रक्षा कर सकते थे,किन्तु कोई भी आगे बढ़नेको नहीं तैयार था। किस तरह बहुधा हमारे नवयुवकोंकी आंखें चमक उठती थीं,जब मैं उनके सामने उनके ध्येयको व्याख्या किया करता था और उन्हें विश्वास दिलाता था कि इस पृथ्वीकी योग्यता तबतक प्रमाणित नहीं हो सकती जबतक शक्तिकी उपासना न की जाय, अर्थात सन्धिदेवी तबतक विचलित नहीं हो सकती जबतक कि युद्धदेवता अपना अस्त्र न संभाल लें,और इसप्रकार शक्ति द्वारा ही शान्तियुक्त सन्धिकी सहायता और रक्षा हो सकती है। इसभांति सैनिक सेवाका भाव उनमें और स्थायी रूपमें उपस्थित प्रतीत हुआ—एक कर्त्तव्य वाध्य मृतवत सैनिकके समान नहीं,किन्तु जातिके प्रति अपनानिस्वार्थ कर्त्तव्य समझते हुएहर समय और हर जगह अपनी प्राणाहुति देनेवाले सैनिकके समान।

किस तरह वे नवयुवक हमारी सहायता करनेमें सफल हुए!

बर्रोंके झुण्डके समान वे हमारी सभाओंके उपद्रवकारियों पर संख्यामें कम होते हुए भी टूट पड़ते थे, जो हो उन्हें अपने जानकी बिल्कुल परवाह न थी, उनका विचार हर तरहसे हमारे आन्दोलनके विचारोंको स्पष्ट कर हमें सहायता प्रदान करना था।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



१९२० ई० के ग्रीष्मकाल तक शान्ति-व्यवस्थापक यह विभाग एक निश्चित रूप प्राप्त कर चुका था, और १९२१ ई० के शरद्काल तक इसके कई विभिन्न गिरोह बन गये, जो पुनः आगे चल छोटी छोटी श्रेणियोंमें विभक्त कर दिये गये।

ऐसा होना आवश्यक था,क्योंकि सभा करनेका हमारा कार्यक्रम उत्तरोत्तर व्यापक होता जा रहा था।

सभाओंमें शान्ति-व्यवस्था रखनेके लिये हमारे इस संगठनका उद्देश्य एक कठिन प्रश्नको हलकरना था। उस समयतक हमारे आन्दोलनका कोई सी अपना झंडा और स्मृति-चिन्ह न था। इन चिन्हों का अभाव हानिकारक ही न था, किन्तु भविष्यके दृष्टिकोणमें असह्य था, क्योंकि दलके सदस्योंको अपनी सदस्यताका बिल्कुल ध्यान न था, और भविष्यके लिये आन्तरराष्ट्रवादियोंके विरुद्ध मोर्चा लेनेके लिये आन्दोलनका कोई भी चिन्ह न होना असह्य था।

अपनी युवावस्थामें भावनाके दृष्टिकोणसे इस प्रकारके चिन्हका आध्यामिक महत्व मुझे कई समय प्रतीत हुआ। युद्धके पश्चात,बर्लिनमें रायल पैलेसके सामने होनेवाली एक मार्क्सवादी जन-सभामें मुझे उपस्थित रहनेका अवसर मिला था। उस सभाकी बाहरी शक्ति लाल झंडों,लाल फूलों और लाल इश्तिहारोंसे जानी जा सकती थी,जिसमें लगभग १२०,०००आदमी उपस्थित थे,मैंने उसी समय अनुभव किया और समझा कि रास्तेमें चलते-फिरते आदमीपर इसप्रकारके आकर्षण भरे एक विशेष रंगसें रंगे कपड़े वा कागजका कितना प्रभाव पड़ता है।

मध्यश्रेणी एक दलकी है सियतसे कोई भी सांसारिक सिद्धान्तको नहीं उपस्थित करती, और इसलिये उसका कोई झंडा भी नहीं है।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



वह दल देशभक्तोंसे भरा हुआ था और वह रीचके रंगमें रंग गया।

हमारे प्राचीन साम्राज्यका काला-सफेद-लाल हमारी परिचित मध्यश्रेणी द्वारा उसके झंडेके रूपमें अपनाया गया।

यह प्रत्यक्ष है कि किसी ऐसे दलका चिन्ह, जो कि मार्क्सवादके साथ अपमानजनक सहयोग कर पराजित होसकता था,उस चिन्हकी भांति कार्य्य करनेमें सर्वथा अयोग्य था जिसका उद्देश्य मार्क्सवाद का विनाश करना था। जो हो एक अच्छा जर्मन उन प्राचीन रंगोंके प्रति प्रेम और श्रद्धा अवश्य रक्खेगा, उसे उसके गौरवका उस समय ध्यान आता है जब कि उसे याद आती है कि किस तरह अपनी युवावस्थामें उसने और अन्य देशवासियोंने उस झण्डेके नीचे रह अपना पवित्र खून पानीकी तरह बहाया है, किन्तु उस समय उसके दुःखकी सीमा नहीं रह जाती जब कि उसे जान पड़ता है कि भविष्य-संग्राममें यह झण्डा उसके पथ-प्रदर्शनमें सर्वथा अयोग्य प्रमाणित होगा।

यही कारण था कि हम नेशनल सोशलिष्टोंने यह विचार किया कि यह पुराना चिन्ह हमारे लिये उपयोगी नहीं होगा,क्योंकि हमारा उद्देश्य सीमित नहीं, व्यापक था, हमारी कदापि यह इच्छा नहीं थी कि प्राचीन साम्राज्यके नष्ट मुर्देको फिरसे उखाड़ा जाय,किन्तु हमारा विचार एक नये आदर्शवादी राष्ट्रकी सृष्टि करना था।

आज जो आन्दोलन इस उद्देश्यके लिये मार्क्सवादसे मोर्चा ले रहा है उसे नये राष्ट्रके चिन्हको अपने झंडेके रूपमें स्वीकार करना होगा।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



मेरा व्यक्तिगत विचार प्राचीन रंगोंको रखनेका था। असंख्य परीक्षाओंके पश्चात मैंने एक नया स्वरूप स्थिर किया—एक झंडा जिसकी जमीन लाल हो तथा उसके चारों तरफ सफेद रङ्गका घेराहो और उसके बीचमें एक स्वस्तिक काले रङ्गका कांटा बना रहे। बहुत देरकी जांच-पड़तालके बाद मैंने झंडेके आकार तथा सफेद घेरेके बीच अनुपात और स्वस्तिक कांटेके ढङ्ग एवं घनेपनको स्थिर किया, और यह तबसे ऐसा ही चला आता है।

व्यवस्था रखनेके लिये युवकोंके लिये बाजूबन्द चिन्होंको भी वैसा ही बनाया गया—लाल, चारों तरफ सफेद घेरा और बीचमें स्वस्तिक काले रङ्गका कांटा।

यह नया झंडा सर्वप्रथम १९२० ई० के ग्रीष्मकालमें सर्वसाधारण के सामने आया।

दो वर्षके पश्चात, हमारे हजारों आदमी तूफानी सेनाके एक अंग के समान माने जाते थे, और यह आवश्यक प्रतीत हुआ कि इस लड़ाके संगठनकी विजयके लिये एक माध्यम स्थिर किया जाय।

उस समय मार्क्सवादी दलोंको छोड़, म्युनिकमें कोई भी ऐसा राष्ट्रीयतावादी दल न था जो हमारी भांति सार्वजनिक प्रदर्शन कर सकता। म्युचेनर किन्डकेलरमें एक समय ५०००आदमियोंका विराट प्रादर्शन हुआ; हमारी सभाओंमें अपार भीड़ होती थी। विशेषकर सर्कस क्रोनकी अपार भीड़को हम नहीं भूल सकते।

जनवरी १९२१ ई० के अन्तमें जर्मनीकी चिन्ताका एक और कारण उपस्थित हुआ। लंडन-ऐलानके रूपमें पेरिसकी संधि होने

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



वाली थी, जिसके द्वारा जर्मनीको युद्ध-हानिके बदलेमें १०० मीली-यर्डस सुनहले मार्क्स ( एक प्रकारका सिक्का ) देने पड़े।

दिनपर दिन बीतते जाते थे और किसी भी बड़े दलने इस भयानक घटनापर ध्यान नहीं दिया, और कार्यकर्त्ताओंका संगठन भी इसके प्रतिवादमें सार्वजनिक प्रदर्शन करनेकी तिथिको स्थिर नहीं कर सका।

१ ली फरवरी, मंगलवारको मैंने अन्तिम निर्णय मांगा। मुझे बुधवारतक रुकनेके लिये कहा गया। उस दिन मैंने स्पष्ट रूपसे पूछा कि यदि सभा होगी तो कब और कहां होगी। अभी भी उत्तर असन्तोषजनक और अनिश्चित था; उसमें कहा गया था कि इसी सप्ताह के अन्दर एक दिन कार्यकर्त्ताओंका प्रदर्शन होगा।

इस समय मेरा धैर्य जाता रहा और मैंने अपने उत्तरदायित्वपर एक प्रतिवाद-सभा बुलानेका निश्चय किया। बुधवारकी दोपहरको मैंने पोस्टरोंको लिख डाला और ३ फरवरीके लिये सर्कस क्रोन भाड़े पर ले लिया।

उन दिनों मेरा यह भीषण साहस था। यह निश्चित न था कि हमलोग सभा-भवनको भर सकेंगे, और साथ ही सभाके भंग होनेका खतरा था। एक चीज निश्चित थी—एक असफलता हमें आगामी कालके लिये फेंक देती।

हमारे पास विज्ञापन करनेके लिये एक ही दिन था। दुर्भाग्यवश वृहस्पतिवारको प्रातःकाल ही वर्षा होगई, और हमारे मनमें इस बातका भय समा गया कि इस मौसिममें एक सभामें जानेकी अपेक्षा



Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



लोग घरमें रहना अधिक पसन्द करेंगे,विशेषतः ऐसे समयमें जबकि हिंसा और हत्याकी भावना जागृत हो रही थी।

बृहस्पतिवारको मैंने दो लारियां भाड़ेपर लीं तथा उन्हें जहां तक सम्भव हो सका लाल कपड़े और पोस्टरोंसे ढकवा दिया गया और उनपर दो झण्डे लगवा दिये गये;प्रत्येकमें दलके पन्द्रह या बीस सदस्य बैठे थे;उन्हें आज संध्याको होनेवाली सभाके प्रचारार्थ पर्चों वा इश्तिहारोंको बांटनेके लिये सड़कोंपर तेज रफ्तारसे घूमनेका आदेश दिया गया। यह पहला ही समय था, जबकि मार्क्सवादियोंके अलावा किसी और दलके अनुयायियोंका झण्डा लौरियों पर घुमाया गया।

जब मैंने सभा-भवनमें प्रवेश किया,मेरी प्रसन्नताका वारापार न था, जैसाकि इसके पूर्व हौफ्र हौसफेस्टसलकी सभामें मुझे प्रतीत हुआ था; किन्तु ऐसा तबतक न था जबतक कि मैंने उस भीड़को शक्तिपूर्वक चीरते हुए, मंचपर उपस्थित हो, सफलताके आनन्दको नहीं समझा। मेरे आनेके पूर्व ही सभा-भवन हजारों आदमियोंसे ठसाठस भरा हुआ था।

मेरा प्रथम विषय "भविष्य अथवा नाश" था। मैंने भाषण देना प्रारम्भ किया और मैं लगभग अढ़ाई घंटेतक बोला। डेढ़ घंटेके बाद ही मुझे अनुभव हो गया कि मुझे सभामें सफलता प्राप्त होरही है।

मध्यश्रेणीके समाचार पत्रोंने इस सभाको राष्ट्रीयतावादियोंका एक जमघट बताया;अपने स्वाभाविक व्यवहारानुसार उन्होंनेइसके आयोजकोंके विषयमें कुछ भी नहीं लिखा।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



१६२१ ई० के इस प्रस्थानके पश्चात म्युनिकमें हमारी सभाओं की और अधिक प्रसिद्धि होगई। मैने एक सप्ताहमें एकके वजाय प्रति सप्ताह दो सभाओंका आयोजन किया;वास्तवमें, मध्यग्रीष्मकाल और शरद्कालमें कभी-कभी तीन सभायें भी हो जाया करती थीं। अब सर्वदा ही हमलोग सर्कस क्रोनमें इकट्ठा होते थे, और हमारे संतोषके लिये सभी सभायें सफल हुआ करती थीं।

इसका परिणाम आन्दोलनके सदस्योंकी संख्या-वृद्धि हुई।

स्वभावतः हमारे विरोधी इन सफलताओंके सामने शान्त नहीं होरहे थे। इसलिये उन्होंने हमारी सभाओंकी अग्रगतिको रोकनेका एक अन्तिम विप्लवी प्रयत्न किया। कुछ दिनोंके बाद उनका दुष्प्रयत्न सामने आया। हौफ्रे हौसफेस्टसलकी एक सभाको,जिसमें मै भाषण देनेवाला था, भंग करनेका विचार किया गया। नवम्बर ४,१६२१ई० को संध्या छः और सातके बीच मुझे यह सूचना मिली कि सभा भंग की जायेगी।

एक दुर्भाग्यपूर्ण अवसरके कारण,हमलोग इसके बारेमें शीघ्र ही कुछ न समझ सके। उस दिन हमलोगोंने अपने पुराने कार्य्यालय स्टरनेकरगैसिको छोड़ दिया था, हालांकि हम पुरानेके बाहर होचुके थ किन्तु अभी भी हमलोग नयेमें नहीं थे,क्योंकि अभी भी पुरानेमें काम जारी था। इसका परिणाम यह हुआ कि सभामें व्यवस्था रखने वालोंका अभाव होगया;और कुछ नहीं,किन्तु ४६ आदमियोंका निर्बल गुट्ट हमारे पास सभामें मौजूद था, एवं वहां टेलीफोन वगैरहका भी कोई ऐसा प्रबन्ध न था जिससे एक घंटेके बीचमें काफी आदमियोंको

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



सभामें एक बहुत बड़ी भीड़ वीरतापूर्वक अपनेको बचाती हुई एक कोनेमें खड़ी थी। एकाएक पिस्तौलके दो कारतूस प्रवेश-द्वारकी ओरसे छोड़े गये,और वहां एक प्रकारका भीषण गोलमाल मच गया। मेरा हृदय युद्धस्मृतियोंकी इस पुनरावृतिसे आनन्द विभोर हो उठा। यह बताना सर्वथा असम्भव था कि किसने पिस्तौल छोड़ी, किन्तु मैं यह स्पष्ट रूपसे देख सका कि हमारे नवयुवकोंके प्रत्याक्रमणसे विरोधियोंका अन्तिम गिरोह सभा-भवनसे निकल भागा।

करीब पचीस मिनटमें हमलोगोंने परिस्थितिको काबूमें करलिया। हरमैन ऐसरने, जो कि उस सभाका सभापति था, घोषणा की कि "सभा जारी रहेगी, वक्ताको बोलने दिया जाय"इस प्रकार मैं भाषण देने लगा।

सभा समाप्त ही हुई थी कि अपने हाथोंको हिलातेहुए एक पुलिस लेफ्टिनेन्ट गरजता हुआ आया और बोला—सभा बन्द हो गई है, मुझे इस पर हंसी आई, वास्तवमें यह सरकारी रुआब था।

हमलोगोंने उस संन्ध्याको बहुत कुछ सीखा, और हमारे विरोधियोंको भी वह सबक नहीं भूला जो हमने उन्हें दिया था।

१९२३ ई० तक म्युचेनर पोस्टने श्रमिकवर्गके विषयमें कुछ लिखनेका साहस भी नहीं किया।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

# आठवां अध्याय।

## शक्तिशाली ही विजयी होता है।

नागरिकोंको उस समय खुशी होती है और पुनः विश्वास हो जाता है जब वे यह सुनते हैं कि विभिन्न मजदूर दल एक ट्रेड यूनियनमें सम्मिलित होरहे हैं, और उस तत्वको प्राप्तकर चुके हैं जो उनमें परस्पर एकता स्थापित करता है तथा उसे छोड़ते हैं जो उन्हें विभिन्न दलोंमें विभाजित करता है। प्रत्येक आदमीको यह विश्वास होगया कि यूनियन एक प्रकारकी शक्ति प्राप्ति है,अर्थात छोटे छोटे दल इस रूपमें परिवर्तित हो शक्तिशाली बन गये। और अभी भी यह अधिकांश अंशोंमें गलत है।

कोई आदमी किसी सत्य बातकी घोषणा करता है, निश्चित समस्याके सुलझावके लिये अपील करता है, एक उद्देश्यको निर्धारित करता है, और अपनी इच्छाओंके अनुभवको उद्देश्य रूपमें रख एक आन्दोलन प्रारम्भ करता है। -

इस दशामें यह किस प्रकार माना जा सकता है कि एक दल अथवा एक यूनियनकी स्थापनाके उद्देश्यका कार्यक्रम स्थायी दोषोंको दूर करना है अथवा भविष्यमें चीजोंकी एक निश्चित दशाको प्राप्त करना है।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



एक समय इसप्रकारके आन्दोलनमें जीवन आगया है और इसलिये यह अपनी पूर्वताके अधिकारका दावा कर सकता है। इसका प्राकृतिक रास्ता यह होगा कि जो लोग इस आन्दोलनके उद्देश्यसे सहानुभूति रखते हैं वे इसका समर्थन करेंगे और इस प्रकार इसकी शक्ति बढ़ायेंगे, जिससे संयुक्त इच्छाकी पूर्ति करनेमें उन्हें सफलता प्राप्त हो।

ऐसा क्यों नहीं है और किस प्रकार सब बातें होती हैं इसके दो कारण हैं। पहला कारण दुःखान्त विषयकी भांति वर्णित होसकता है, दूसरा दयनीय है,और उसकी नींव मानव निर्बलतापर निर्भर है।

( १ ) साधारतः संसारमें कोई भी मानव कार्य्य लाखों मनुष्योंके हृदयमें उपस्थित सार्वदेशिक इच्छाकी पूर्तिके लिये होता है।

किसी भी कालके महान प्रश्नोंका लाभदायक स्वाभाविक गुण उनको हल करनेमें लगे हुए हजारों मनुष्योंकी कर्मठतासे ही जाना जासकता है, और बहुत लोग तो यही कल्पना करते हैं कि विधाता ने उन्हें तथाकथित प्रश्नोंको सुलझानेके लिये ही भेजा है, और इसप्रकार शक्तियोंके इस स्वतन्त्र खेलमें जो अधिक वीर एवं शक्तिशाली होता है, वही अन्तमें समस्याको हल करनेमें कृतकार्य्य हो, विजयी कहलाता है।

इसका दुखान्त पक्ष यह है कि ये आदमी एक ही उद्देश्यके लिये विभिन्न तरीकोंसे संघर्ष करते हैं, प्रत्येक अपने अपने तरीकेपर विश्वास करता है,अपने सोचे हुए पथपर अग्रसर होनेके लिये अपनेको बाध्य समझता है, और दूसरोंको अनुचित पथगामी बताता है।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



मानव वंश इसप्रकारके प्रयत्नोंसे, जिनका परिणाम दुःखजनक होता है, एक प्रकारकी शिक्षा ग्रहण करता है और भविष्यके लिये सतर्क हो जाता है।

इतिहासमें हम देखते हैं कि जो दो पथ जर्मन समस्याको हल कर सकते थे और जिनके प्रतिनिधि तथा विजेता अस्ट्रिया और प्रसिया थे—हैप्सवर्ग और होएनजौलर्न—उन्हें परस्पर कुछ सोच समझकर एकमत हो कार्य्य करना चाहिये था; और बचे हुए दूसरोंको अपनी संयुक्त शक्तिसहित एक या किसी दूसरे दलके साथ सहयोग करना चाहिये था। उस समय विजेता,जो कि सबसे योग्य था,एक संगठन के नीचे सबको एकत्रित कर एक ही पथपर अग्रसर हो सकता था; अस्ट्रियन उपायसे कभी भी जर्मन-साम्राज्यका संचालन नहीं हुआ।

अन्तमें जर्मन-एकतामें दृढ़, वह साम्राज्य, उन पचड़ोंमें पड़ गया जिन्हें लाखों जर्मन भाई-भाईकी पारस्परिक लड़ाईका भीषण चिन्ह समझते थे; क्योंकि जर्मन राजमुकुट कौनिगरैट्जके युद्धक्षेत्रमें विजित हो गया था, किन्तु पेरिसकी आसपासकी लड़ाईयोंमें नहीं, जैसा कि साधारणतः कहा जाता है। जर्मन-साम्राज्यकी नींव संयुक्त उपायोंकी संयुक्त इच्छाओंका परिणाम नहीं थी, किन्तु यह एक राष्ट्रके अधिकार-वादके लिये छिड़े युद्धका फल था, जिसमें प्रसिया विजयी घोषित हुआ था।

इसलिये हमें इस बात पर दुःखी नहीं होना चाहिये,क्योंकि कुछ इने-गिने आदमी ही उस उद्देश्यको प्राप्त करनेके लिये तत्पर हुए थे; और यह इसी प्रकार है कि हमलोग इस बातको समझते हैं कि जो

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



मनुष्य विजयी होता है वही सबसे अधिक बलवान और कर्मतत्पर माना जाता है।

( २ ) दूसरा कारण केवल दुखान्त ही नहीं है; यह दयनीय है। यह शत्रुके कथित सम्मिश्रणसे उत्पन्न होता है, यह चोरी करनेके लिये लोभयुक्त अभिमान एवं तत्परता,जो उपस्थित होती है,आश्चर्य ! उसीका यह परिणाम है।

उस समय जब कि एक आन्दोलन आरम्भ होता है और अपना विशेष कार्यक्रम स्थिर करता है, मनुष्य उस उद्देश्यके लिये लड़नेका दावा करते हुए कार्यक्षेत्रमें आगे आते हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि वे सत्यतापूर्वक आन्दोलनमें भाग लेनेके लिये इच्छुक हैं और इस-प्रकार उसकी पूर्वताके अधिकारको स्वीकार कहते हैं, किन्तु उनका प्रयोजन आन्दोलनके कार्यक्रमको चुरा, उसी आधार पर एक नये दलकी स्थापना करना होता है।

नये गिरोहों वा दलोंका अपनेको नेशनलिष्ट घोषित करते हुए १९१८-१९ ई० में संगठित होना उनके संस्थापकोंके लिये प्राकृतिक उन्नति थी। १९२० ई० में नेशनल सोशलिष्ट जर्मन वर्कर्स पार्टीको विजयी मान लिया गया। यहां कोई भी ऐसी चीज नहीं है जो इस बातको प्रमाणित कर सके कि संस्थापककी अपेक्षा दूसरे लोगोंने, जिन्होंने नये आन्दोलनकी सफलताके लिये अपना जीवन उत्सर्ग कर दिया था, कम त्याग किया है।

विशेषतः नम्बर्गकी जर्मन सोशलिष्ट पार्टीके जुलियस स्ट्रेचरके विषयमें ऐसी बात थी। दो दल एकही उद्देश्यको लेकर अग्रसर हुए

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



थे, किन्तु दोनों ही किसी भी प्रकारका काम करनेके लिये परस्पर स्वतन्त्र थे। जैसे ही स्ट्रेचरको स्पष्टतः और असंदिग्धतापूर्वक नेशनल सोशलिष्ट जर्मन वर्कर्स पार्टीकी उन्नति और शक्ति पर विश्वास हो गया, उसने जर्मन सोशलिष्ट पार्टीके लिये काम करना छोड़ दिया और अपने अनुयायियोंको हमारी पार्टीमें सम्मिलित होनेका आदेश दिया, जो कि प्रतिद्विन्दितामें विजयी हुई थी,और इसप्रकार वह और उसके साथी जनसाधारणके लिये होनेवाली लड़ाईमें भाग लेने लगे। उसका यह निर्णय वास्तवमें आदरणीय है।

हमें यह नहीं भूलना चाहिये था कि संसारमें कोई भी महान कार्य्य मेलजोलसे नहीं होता; किन्तु ऐसा व्यक्तित्व-अभिमानसे कारण ही हुआ करता है। मेलजोलसे प्राप्त की हुई सफलता,स्वभावतः प्रारम्भ से ही भविष्यके लिये असत्यताका बीज बोती है, और वास्तवमें, जो कुछ प्राप्त होता है उसका अपहरण हो जाता है। संसारका परिवर्तित महान विचार जो कि व्यक्तित्वकी शक्तिके बिना समझके बाहरकी बात है—किसी भी दशामें मेलजोलकी नीतिसे संचालित नहीं होसकता।

इसलिये हमारा राष्ट्रीयतावादी राष्ट्र राष्ट्रीय एकताके उपासक उस आन्दोलनकी इच्छा-शक्तिके अनुसार काम करेगा,जिसने बाकी सभी आन्दोलनोंको पराजित कर अपना रुतबा कायम कर लिया है।

—※—

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

# नौवां अध्याय ।

## साम्यवादी कार्यकर्त्ताओंके संगठन पर विचार ।

प्राचीन राष्ट्रकी शक्तिके तीन स्तम्भ थे—राष्ट्रका राजकीय रूप, शासकसंघ, और सेना। १९२८ ई० के विद्रोहने राष्ट्रका रूप बिगाड़ दिया, सेनाको असंगठित कर दिया और शासक संघको दलबन्दीके पचड़ोंमें डाल दिया और शासक संघको दलबन्दीके पचड़ोंमें डाल दिया।

फलस्वरूप राष्ट्र-सत्ताके सभी लाभदायक आधार नष्ट हो गये। राष्ट्र-सत्ता सर्वदा तीन प्रकारके तत्वोंपर निर्भय रहती है, जो कि सत्ताकी नींव पर स्थित हैं।

सत्ता वा अधिकारकी पहली लाभदायक बात जनप्रिय समर्थन है। किन्तु जो सत्ता केवल इसी नींवपर स्थित है, वह पूर्णतया कमजोर, अस्थायी और परमुखापेक्षी है। सत्ताका दूसरा तत्व प्रमाणतः उसकी शक्तिमें है। यदि जनप्रिय समर्थन और शक्ति दोनोंका संयुक्त गठन हो तो ऐक्ययुग उपस्थित हो सकता है, तथा सत्ताकी नींव और पुष्ट होजाती है, इसप्रकार उसे परम्परागत सत्ता कहा जासकता है। यदि एकबार जनप्रिय समर्थन, शक्ति और परम्परागत सत्ताका संयुक्त गठन होजाता है, उस सत्ताको अविचलननीय माना जा सकता है।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



यह एक विचारणीय बात है कि जनताका गुट—जिसे मैं विचली या मध्यश्रेणीके नामसे सम्बोधित करनेका इच्छुक हूं—कभी भी प्रमुखता नहीं प्राप्त करता;हां यह अवश्य है कि जब दो श्रेणियां-धनिक एवं श्रमिक--परस्पर लड़ती हैं,और उनमें जो विजयी होता है उसी को हरसमय हमारी यह श्रेणी आत्मसमर्पण करनेको प्रस्तुत रहती है यदि विजेता उपनिवेश प्राप्त करना चाहें,तो मध्यश्रेणी उनका पदानुसरण करेगी, यदि कोई अनुचित काम भी होजाय, तो मध्यश्रेणी कमसे कम उसे रोकनेके लिये कोई भी प्रयत्न करनेको नहीं प्रस्तुत है; क्योंकि इस श्रेणीका काम कभी भी लड़ना नहीं रहा है।

युद्धके पश्चात जो दृश्य उपस्थित हुआ वह इस प्रकार था:— जातिकी महान मध्यश्रेणीने कर्त्तव्यवाध्य होते हुए अपना खून बहाया; श्रेष्ठ व्यक्तियोंकी श्रेणीने वीरतापूर्वक युद्धक्षेत्रमें आत्मोत्सर्गकर दिया; किन्तु सबसे निम्न श्रेणी जिसकी रक्षा पूर्णतया मूर्खताभरे नियमों वा कानूनोंसे होती थी, युद्धमें भाग लेनेके लिये प्रेरित नहीं की गई थी अर्थात् उसे युद्धकी कोई भी परवाह न थी, वह देशके धन्धोंसे पूर्णतया पृथक् थी।

हमारी जातिकी सुरक्षित इसी श्रेणीने उस समय बगावतका झंडा खड़ा कर दिया,और यह ऐसा करनेमें इसीलिये सफल हुई कि सभी श्रेष्ठ व्यक्ति उस समय युद्धमें फंसे हुये थे और इसप्रकार इसका मुकाबिला करनेवाला कोई भी नहीं बचा था।

थोड़े समयके बाद ही वे मार्क्सवादी लुटेरे अपने अधिकारके लिये जनप्रिय समर्थन प्राप्त करनेमें असमर्थ होगये। तौभी हमारी

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



तरुण रिपब्लिकको किसी न किसी तरह उसकी आवश्यकता थी, क्योंकि वे लोग इस बातके इच्छुक नहीं थे कि थोड़े ही समयके बाद अकस्मात् ही हमारी जातिके श्रेष्ठ तत्वोंके पुनर्गठन द्वारा उनका विनाश होजाय।

जिस तत्वने विद्रोही विचारोंको रोका और विद्रोहकालमें ही अपना सिक्का जमाया, कभी भी अपनी रक्षाके लिये सैनिकोंका आह्वान नहीं किया। क्योंकि वह तत्व जो कुछ चाहता था वह एक राष्ट्रका संगठन नहीं था, किन्तु जो कुछ उपस्थित था उसका अंग-भंग कर उसे विनष्ट करना था; इसने उसके स्वभाविक गुणोंको और भी अच्छा बना दिया। उन विद्रोहियोंका आदेश जर्मन रिपब्लिकका गठन करना वा शासन-व्यवस्थाका सुधार करना न था, किन्तु उसे लूटना था।

पुनः कुछ जर्मन कार्यक्षेत्रमें पितृभूमिकी सेवाके लिये उपस्थित दिखाई दिये, उन्होंने फिर एक बार सैनिकोंका ध्यान आकृष्ट किया, और उन्हें अपनी राईफलें और लोहेके अस्त्रोंको पुनः अपने कन्धोंपर उठा पितृभूमिके विनाशकोंका नाश करनेके लिये आदेश दिया गया। वे स्वेच्छासेवकोंके रूपमें एकत्रित हुए, और विद्रोहको दूर करनेके लिये उन्होंने अविराम परिश्रम करना प्रारम्भ किया और इसप्रकार अपनी पितृभूमिकी रक्षाकर उसकी शक्ति-वृद्धिकी ओर ध्यान दिया। उन्हें अपने कार्य्य पर पूर्ण विश्वास था।

विद्रोहके वास्तविक संगठनकर्त्ता और उसके सञ्चालक अन्तर-राष्ट्रीय यहूदियोंने परिस्थितिको उसकी ठीक दशामें समझ लिया

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



था। जर्मन-जातिको बोल्शेविज्मके रक्त-दलदलमें फेंकनेका समय अभी नहीं आया था, जैसा कि रूसमें हो चुका था। प्रश्न यह था कि—इसके लिये सेना साधारणतः क्या करती ? हमलोग युद्धक्षेत्रमें इसका सामना करते ?

चन्द सप्ताहोंमें जर्मनीके उस विद्रोहको दबनेके लिये वाध्य किया गया, क्योंकि ऐसा न होनेसे विद्रोही जर्मन दलोंका दो या तीन हिस्सोंमें विभाजित होना आवश्यक होगया था,और इसप्रकार यहूदियोंकी चालोंका अन्त होना था। फिर एक बात और थी—यदि कोई भी सेनापति उस बातको समझ जाता तो वह उसे रोकनेके लिये अवश्य चेष्टा करता और इस प्रकार हमारे देशमें एक महान सैन्य-सृष्टि-युगका प्रारम्भ होता। यहूदी संचालक इन बातोंसे भय-भीत होगये।

जो हो, विद्रोहका कारण शान्ति और व्यवस्था नहीं,किन्तु लूट-पाट और डकैतीका ही यह परिणाम था। विद्रोहकी उन्नति उपरोक्त कुकृत्योंसे नहीं हुई,और न धूर्त्तताभरे तरीकोंने ही इस कार्य्यका पथ प्रदर्शन किया।

ज्यों ज्यों हमारे राष्ट्रीयतावादी दलको क्रमशः शक्ति प्राप्त होती गई, त्यों त्यों विद्रोहका पतन होता गया।

महायुद्धके पूर्व, जबकि सामाजिक प्रजातन्त्र दल अपनेको मध्य-श्रेणीकी जनतासे परिचित कर रहा था, जो कि राष्ट्रीयताके लिये बोझस्वरूप है, उसके अच्छे अच्छे कार्यकर्त्ता उससे पृथक् हो गये। उन्होंने आगे चल स्वतन्त्र दल और स्पार्टकस दलकी स्थापना की,

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



जो कि बादमें विद्रोही मार्क्सवादकी तूफानी सेना कहलायी। किन्तु जब कि यह सेना तत्कालीन वातावरणसे घृणा करने लगी, विद्रोहने राष्ट्रीयताका झूठा चोगा धारण किया। सामाजिक प्रजातन्त्रवादी आन्दोलनके प्रमुख कार्य्यकर्त्ताओंकी ही यह चाल थी, फलस्वरूप स्वतन्त्र और स्पार्टकसिस्ट अलग होगये। ऐसा बिना किसी संघर्षके नहीं हुआ था। परिवर्त्तनका कारण दो कैम्पोंका एक ही स्थानपर आसपास होना था—शान्ति और व्यवस्थाका दल तथा रक्त-पिपासु दल। क्या यह प्राकृतिक न था कि मध्यश्रेणी अपने कैम्पपर शान्ति और व्यवस्था रखनेवाले दलका झंडा फहराती?

इसका परिणाम यह हुआ कि रिपब्लिकके शत्रुओंने उसकेविरुद्ध लड़ाई बन्द कर दी, और उनलोगोंको अपने वशमें करना प्रारम्भ किया जो कि अब रिपब्लिकके विरुद्ध बगावतका झण्डा खड़ा करने को प्रस्तुत थे। हमारे लिये यहां एक और खतरेसे सर्वदाके लिये निश्चिन्तीता हो गई---प्राचीन राष्ट्रके अनुयायी हमारे नये राष्ट्रका विरोध करना छोड़, हमारा समर्थन करने लगे।

यदि हम सोचें किकिस प्रकार विद्रोह इस योग्य बना कि-प्राचीन राष्ट्रके अपराधोंसे पृथक रहते हुए, जो कि इसके कारण थे—वह सफलता प्राप्त कर सकता, हम इस परिणामपर पहुंचते हैं:—

(१) इसका कारण हमारी कर्त्तव्यसम्बन्धी धारणाओं और कर्त्तव्यपरायणताका पतन था और

(२) उन दलोंकी कमजोरी थी जो कि हमारे राष्ट्रका संचालन करते थे।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



पहलेका कारण हमारी पवित्र राष्ट्रीय शिक्षाका अभाव है। इससे स्वार्थ और नीचताकी भ्रान्त धारणाओंकी उत्पत्ति होती है। चेतनता और कर्त्तव्य-पूर्ति इसका परिणाम नहीं है—किन्तु यह एक राष्ट्रका नैतिक पतन है और इसप्रकार एक जातिके भावनामय एवं शारीरिक जीवनका दर्दनाक अन्त है।

विद्रोह सफल हुआ। क्योंकि हमारी जनता अथवा गवर्मेन्ट इन धारणाओंके विषयमें सभी सच्चे विचार खो वैठी,और इसप्रकार वह निर्बल तथा सिद्धान्तहीन हो गई।

'दूसरी बातको देखते हुए; मध्यश्रेणी-दल, जिसे प्राचीन राष्ट्रके अन्तर्गत एकमात्र राजनीतिक संगठन कहा जा सकता है,इस बातपर विश्वास करता था कि उसका कार्यक्रम मानसिक उपायोंके आधार पर होना आवश्यक है, क्योंकि शारीरिक उपायोंका कार्यक्रम राष्ट्रके अधीन था। किन्तु यह उस समय निष्प्राण होगया जबकि एक राज-नीतिक प्रतिद्वन्द्वीने राष्ट्र-षष्टिकोणकी उपेक्षा की, और निर्भीकता-पूर्वक इस बातकी घोषणा करना आरम्भ किया कि इसका अर्थ यदि कुछ हो सकता था,तो वह शक्ति द्वारा अपने राजनीतिक प्रभा-वको नष्ट करना था।

मध्यश्रेणी दलोंका राजनीतिक कार्यक्रम भूतकालीन विचारों पर स्थित था, क्योंकि नवीन राष्ट्रके विचारोंसे वे सहमत न थे। जो हो उनका; उद्देश्य हर हालतमें सभी सम्भव उपायों द्वारा नवीन दशाओंके अनुसार कुछ सुविधायें प्राप्त करना था। किन्तु उनका एक मात्र अस्त्र पूर्ववत कोरी बकबक करना ही था।



Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



जो सङ्गठन मार्क्सवादका विरोध करनेका बल और साहस रखते थे, वे सर्वप्रथम स्वेच्छासेवकवाहिनी बने, बादमें आत्म-निर्भर संगठनोंके रूपमें, और अन्तमें परम्परागतोंके अनुयायी अथवा लीकके फकीर प्रतीत हुए।

उन दिनों मार्क्सवादकी सफलताका कारण राजनीतिक दृढ़ता और निर्दयी शक्तिकी दुरङ्गी चालें ही थीं। राष्ट्रीय जर्मनीको जिस बातने बरबाद किया वह कुछ नहीं, निर्दयी शक्तिके राजनीतिक आकांक्षायुक्त दृढ़ सहयोगका अभाव था।

चाहे किसी भी तरह की आकांक्षायें राष्ट्रीय दलोंके पास क्यों न थीं, तथापि वे सड़कों पर लड़ाई कर उन्हें नहीं प्राप्त कर सकते थे।

रक्षण दलोंके पास सभी शक्तियां थीं; वे सड़कोंके अच्छे जानकार थे, किन्तु राजनीतिक विचार अथवा उद्देश्योंसे हीन होनेके कारण राष्ट्रीय जर्मनी उनकी शक्तिसे लाभ न उठा सका।

यह यहूदी ही थे जो अपने प्रेसों द्वारा रक्षण संस्थाओंके अराज नीतिक वातावरण को उपस्थित करनेवाली धारणाओंके प्रचारमें आशातीत सफलता प्राप्त कर सके, जिस तरहको राजनीतिमें वे सर्वदा ही मानसिक संघर्ष पर जोर दिया करते थे परम्परागत कथाओंके आधार पर क्रान्तिकारी सेनाके निर्माण करनेका कोई भी अवसर नहीं मिल सकता था। वास्तवमें कहावती अधिकार कभी भी स्थायी नहीं होता। प्राचीन साम्राज्याका पतन, उसके वैभवके स्मृति-चिन्होंके विनाशने परम्परागत वातावरणका अन्त कर दिया, इसका परिणाम राष्ट्र-सत्ताके लिये महान आघातकारी हुआ।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



यहांतक कि राष्ट्र-सत्ताका द्वितीय स्तम्भ—शक्ति—भी उपस्थित नहीं रह गया! विद्रोहके साथ सफलता प्राप्त करनेके विचारोंके कारण, सैन्य-अधिकारी संगठित राष्ट्र-शक्ति अथवा सेनाके रूपमें उलट-पुलट करनेके लिये विवश किये गये; इतना ही नहीं, वे सेनाको विद्रोहकी लड़नेवाली शक्ति बनानेके लिये कृतज्ञ बनाये गये थे।

ऐसे कठिन समयमें राष्ट्रके कर्णधार सेनाका सहयोग किसी भी दशामें नहीं प्राप्त कर सकते थे, क्योंकि उनदिनों सैनिकोंके विचारोंमें एक प्रकारका अनूठा परिवर्तन हो चुका था। इसप्रकार,राष्ट्र-सत्ताकी रक्षाके आधारका अपहरण होगया, और विद्रोहका जनप्रिय समर्थन प्राप्त कर, अपनी नयी सत्ता जमानेका सुअवसर प्राप्त हुआ।

प्रत्येक जातिको तीन श्रेणियोंमें विभाजित किया जा सकता है—सर्वप्रथम एक ओर जातिके श्रेष्ट मनुष्य, जो कि प्रत्येक गुणके विचारसे अच्छे होते हैं, और विशेषतः अपने सत्साहस और आत्म-त्यागकी तत्परताके लिये प्रसिद्ध हैं; दूसरी ओर मानवताके नामपर धब्बा लगाने वाले नीच एवं स्वार्थी मनुष्य हैं। मध्यमें, दो छोरोंके बीच, सुविधावादी तृतीय श्रेणी है, जिसमें भली या बुरी किसी भी तरहकी भावनायें नहीं है।

लड़नेवाली शक्तियोंके बीच नवीन और महान विचारोंका अभाव सर्वदा ही हानिकारक प्रमाणित करता है। पशुतापूर्ण होते हुए भी अस्त्र-व्यवहारका दृढ़ विश्वास इस बातको प्रमाणित करता है कि क्रांतिकारी चीजोंकी व्यवस्था संसारमें अवश्य विजय प्राप्त करेगी, और क्रांतिकारी विचार ही संसारमें मान्य होंगे।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



एक आन्दोलन जो कि ऐसे उच्च उद्देश्यों और आदर्शोंके लिये लड़नेमें असफल होता है किसी भी दशामें अन्ततक नहीं लड़ेगा।

नवीन विचारोंको उपस्थित करने पर ही फ्रांसकी राज्यक्रांतिको महान सफलता मिली थी। यही बात रूसके विद्रोह पर लागू होती है, और फेसिस्टवादने भी पुनरुत्थानके नये विचारोंको जनताके सामने उपस्थित कर उसे अपनी ओर आकर्षित किया और इसप्रकार जातिके लिये एक सुखकर परिणाम सोच निकाला।

जब रीचका गठन हुआ, मार्क्सवादने उस सत्ताका सहयोग प्राप्त करनेके लिये क्रमशः आवश्यक शक्तिका संचय कर लिया, और तार्किक परिणामको विचारते हुए अपने खतरनाक राष्ट्रीयतावादी रक्षम संस्थाओंपर आघात करना आरम्भ किया; उनके कथनानुसार वे सभी संस्थायें व्यर्थ थीं।

हमारी नेशनल सोशलिष्ट जर्मन वर्कर्स पार्टीकी स्थापना एक ऐसे अन्दोलनका चिन्ह थी जिसका उद्देश्य मध्यश्रेणी-दलकी भांति अतीतके विचारोंका प्रचार करना न था; किन्तु वर्तमान निर्जीव राष्ट्रके स्थान पर एक सजीव राष्ट्रीय राष्ट्रकी संस्थापना करना था। अपने नवीन सिद्धान्तके महत्वकी सत्यतापर विश्वास करते हुए, नवीन अन्दोलन विचार करता है कि इस उद्देश्यकी प्राप्तिके लिये कोई भी त्याग बड़ा नहीं है।

विश्व-इतिहासके गम्भीरावलोकनसे पता चलता है कि एक नये सांसारिक सिद्धान्त पर स्थित एक भयोत्पादक कालको नियमित राष्ट्र-सत्ता द्वारा किसी भी तरह नहीं हटाया जा सकता, किन्तु इसके

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



कारण एक भिन्न सांसारिक सिद्धान्तको, जो कि दृढ़ और शक्तिशाली है, स्थान प्राप्त होता है। हो सकता है कि राष्ट्रके सरकारी पदों पर आसीन कुछ लोगोंको यह बात खटके, किन्तु चीजोंकी सत्यता के विषयमें ऐसी कोई भी बात नहीं है।

राष्ट्रपर मार्क्सवादका अधिकार हो गया है। यह देखते हुए बिना कुछ सोचे-समझे ही मार्क्सवादने ९ वीं नवम्बर, १९१८ को राष्ट्रको अपने आगे झुकानेकी चेष्टा की; इसके विपरीत, मध्यश्रेणीके लोगोंने जो कि उस समय मंत्रियोंके पद पर आसीन थे, मार्क्सवादी कार्यकर्त्ताओंके विरुद्ध जानेकी आवश्यकता नहीं समझी.क्योंकि वे दिखाना चाहते थे कि उनकी सहानुभूति मार्क्सवाद और उसके कार्यकर्त्ताओंसे है।

मैं पहले ही बता चुका हूं कि किस प्रकार हमारे तरुण आन्दोलनने व्यवहारिक स्वार्थोंके लिये एक ऐसा गुट्ट बनाना जिसका काम हमारी सभाओंकी रक्षा करना था, क्रमशः इसने शान्ति-व्यवस्थापक सेनाका रूप धारण करना प्रारम्भ किया और थोड़े ही दिनों में यह एक दृढ़ संगठन हो गया।

आरम्भमें इस गुट्टका एकमात्र कर्त्तव्य सभाओंकी रक्षा करना। इसका प्रारम्भिक कार्य्य सीमित कर दिया गया जिससे इसे सभायें करनेमें किसी प्रकारकी अड़चन न हो, क्योंकि हमारे विरोधी सर्वदा ही हमारी सभाओंका विरोध किया करते थे। इसने इस गुट्टके आदमियोंको केवल आक्रमण करना ही सिखाया था, इसलिये नहीं जैसा कि बेवकूफ जर्मन राष्ट्रीय केन्द्रोंमें कहा जाता था कि उनके जीवनका

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



आदर्श मृत जीवनकी रक्षा करना था, किन्तु, इसलिये कि वे समझते थे कि अपने आदर्शोंकी रक्षा आक्रमण-नीतिसे ही हो सकती है; और वास्तवमें विश्व इतिहासके लिये यह कोई नवीन बात नहीं है कि महापुरुषोंने सर्वदा ही आक्रमण-नीतिसे ही सफलता प्राप्त की है। उनका उद्देश्य हिंसा न था; किन्तु उनमी इच्छा थी कि हिंसा पीड़ित व्यक्तियोंकी रक्षा की जाय। वे इस बातको भलीभांति समझते थे कि ऐसे राष्ट्रकी शरण लेना एकदम व्यर्थ है जो जातिकी रक्षा नहीं कर रहा है, किन्तु वे इसे अपना कर्त्तव्य समझते थे कि जाति और राष्ट्रके नाशकोंके विरुद्ध राष्ट्रकी रक्षा की जाय।

यह तूफानी सेना आन्दोलनके अन्य विभागोंमेंसे एक थी, अन्य, विभागोंमें प्रचार, प्रेस, वैज्ञानिक विभाग इत्यादि प्रमुख थे।

तूफानी सेनाके गठनके साथ ही साथ हमारा विचार उच्च शारीरिक शिक्षा की उन्नति करना था औ इसप्रकार राष्ट्रीयतावादी-समाजवादके विचारोंकी रक्षा करना था।

नेशनल सोशलिष्ट जर्मन वर्कर्स पार्टीकी इस तूफानी सेनाको तथाकथित रक्षण संस्थाका रूप देनेका मैं कट्टर विरोधी था; इसका कारण इसप्रकार है:—

वर्तमान रूसके शासकोंकी यह इच्छा नहीं हैकि वे चिरकालतक किसी सन्धिकी रक्षा करते रहें।

हमे इस वातको नहीं भूलना होगा कि वोल्शेविस्टोंका खून पवित्र नहीं है, अर्थात, परिस्थिति द्वारा समर्थित होनेका कारण, उन्होंने एक महान राष्ट्रपर अपना अधिकार जमा लिया है, और

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



उन्होंने उन्मादके कारण अपने लाखों बुद्धिमान देशवासियोंको नाराज कर दिया है, और आज एक अत्याचारी नियम द्वारा ये देशका संचालन कर रहे है। हमें नहीं भूलना होगा कि उनमेंसे बहुतेरे वर्ण-सङ्करी निर्दयता और असत्यपूर्ण चातुरीके उपासक हैं, और इस-बातके इच्छुक हैं कि समस्त संसार उनके अत्याचारी शासनके नीचे शरण ले। हमें नहीं भूलना होगा कि अन्तरराष्ट्रीय यहूदी जो कि रूसके ऊपर अत्याचार ढा रहे हैं, जर्मनीको मित्रकी दृष्टिसे नहीं किन्तु एक पतनोन्मुख दृष्टिसे देखते हैं।

जर्मनी रूसके लिये एक भय प्रतीत होता है। यहूदी रूसके बाद ज़र्मनीमें ही बोल्शेविज्म फैलानेकी चेष्टा कर रहे थे। किसी भी तरुण विचारवाले आन्दोलनको हमारी जातिको पुनः एकबार उन्नति पथपर पहुंचनेकी आवश्यकता थी, और इसप्रकार अन्तर राष्ट्रीय विषसे इसकी रक्षा करनी थी, और इसके रक्त-मिश्रणके प्रवाहको रोकना था, जिससे कि जातिकी शक्तियां पुनः स्वतन्त्रता प्राप्त कर स्वातन्त्र्य विचारोंकी रक्षामें सफल हो सकें। यदि यही हमारा उद्देश्य है,तो यहां उस शक्तिकी महान मूर्खता प्रगट होती है जिसका उद्देश्य भविष्यमें हमारी गतिविधिमें बाधा प्रदान करना है।

मित्रता-नीतिके सम्बन्धमें प्राचीन जर्मन-साम्राज्यने जो एक विशेष पाप किया है वह यह है कि उसने इधर-उधर न भटक कर क्रमशः सभी मित्रराष्ट्रोंसे अपना सम्बन्ध तोड़ लिया,और हर प्रकारसे शान्ति-रक्षा न कर अपनी दुर्बलताका प्रदर्शन किया। एक बात ऐसी भी है जिसके लिये इसे बुरा नहीं कहा जा सकता—इसने रूसके साथ कभी भी अच्छा सम्बन्ध स्थापित करनेकी चेष्टा नहीं की।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



मैं इस बातको निर्भीकता पूर्वक स्वीकार करता हूं कि मैं इस बातको अच्छा समझता था कि यदि जर्मनी अपनी उपनिवेश नीति और जलसेनाको त्याग,रूसके आक्रमणके विरुद्ध अपनी रक्षाके लिये इंगलैंडसे मिल जाता।

मैं पैन-स्लैभिष्ट रूस द्वारा जर्मनीको दी गयी धमकियोंको नहीं भूला हूं, मैं उस क्रमानुगत व्यवहारिक आन्दोलनको नहीं भूला हूं, जिसका एकमात्र उद्देश्य जर्मनीको सताना था, मैं रूसके जनमतके स्वभावको नहीं भूल सकता,जिसने युद्धके पूर्व हमारीजाति और साम्राज्यपर घृणोत्पादक आक्रमण किया था,और न मैं रसियन प्रेसको भूल सकता था, जो हमारी अपेक्षा सर्वदा ही फ्रांसका अधिक पक्ष लिया करता था।

महान शक्तियोंका वर्त्तमान गठन हमलोगोंके लिये विचार करने और अपनी जनताको स्वप्न-देशसे सत्यकी ओर लानेके वास्ते एक अन्तिम चेतावनी है, और प्राचीन रीचके पुनरुत्थानका एक अन्तिम सुअवसर है।

यदि नेशनल सोशलिष्ट आन्दोलन सभी भ्रमजालको दूर भगाता है और अपने नेतापर विश्वास करता है, तब १९१८ ई० की विपत्ति जातिके भविष्यके लिये आशीर्वाद स्वरूप हो सकती है। हमलोग इंगलैण्डके समान अधिकार पा,चुप हो सकते हैं,कुछ नहीं तो जितना रूस या फ्रांसके पास है उसीके समान भूमिसे हमारीतुष्टि हो सकतीहै

इंगलैंड और इटलीके साथ सन्धि करनेका परिणाम रूसकी सन्धिसे सर्वथा ही विपरीत होता। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



इन दोनों देशोंसे बिगाड़ होनेपर भी युद्धका कोई भी भय नहीं है। एक ऐसा राष्ट्र भी था जो कि सन्धिके विरुद्ध एक रुख अख्तियार कर सकता था, वह फ्रांस ही था, किन्तु उसकी परिस्थिति ऐसी न थी कि वह ऐसा करता। नयी ऐंग्लो-जर्मन-इटालियन मित्रता-सन्धि परिस्थितिको काबूमें रख सकती थी, और फ्रांसको अपने चालोंसे बाज आना पड़ता। साथ ही साथ वह नयी सन्धि दोनो ही राष्ट्रोंके लिये लाभदायक होती।

निस्सन्देह इसप्रकारकी सन्धि होनेमें कठिनाइयां उपस्थित होतीं, जैसा कि पूर्ण अध्यायमें मै कह चुका हूं। किन्तु क्या इसे सरल करनेका कोई उपाय था? जहां कि राजा एडवर्डने स्वभावतः परस्पर विरोधी स्वार्थोंके विरुद्ध सफलता प्राप्त की, हम अवश्य सफलता प्राप्त करेंगे, यदि इस प्रकारकी उन्नतिकी आवश्यकताका ज्ञान हमें अपने कार्य्यक्रमको स्थिर और दृढ़ करनेका आदेश देता है।

निस्सन्देह,हमलोग अपने वंशके शत्रुओंकी चालोंका नाश कर देंगे। हम नेशनल सोशलिष्ट इस बातको अवश्य समझ लेगे यदि हम अपने हृदयके आन्तरिक दृढ़ विश्वास की,जो कि लाभदायक है घोषणा करें। हमें जनमतको सहनेके लिये कठोर बनना पड़ेगा,जिसके सृष्टिकर्त्ता जमन-भावोंका नाश करनेवाले यहूदी हैं। आजकल हम नदी की चट्टानके समान हैं, कुछ वर्षोंमें भाग्य हमें बांध बना सकता है, जो कि नदीके तेजसे तेज प्रवाहको रोकनेमें समर्थ होगा,जिससे कि नदी एक नए पथ पर प्रवाहित हो।

—*—

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

# पन्द्रहवां अध्याय ।

## आवश्यक रक्षा ही अधिकार है ।

जब १९१८ ई० की नवम्बरको हमलोगोंने अस्त्र उठाया, उस समय एक ऐसी नीति उपस्थित हुई जिसके कारण मानव सम्भवताका पूर्ण विनाश होना अनिवार्य था।

यह प्रत्यक्ष होगया कि एक युग,जो कि १८०६और१८१३ ई०के बीचमें प्रसियाको उभाड़नेके लिये यथेष्ट था, यद्यपि उसी पराजय हो चुकी थी, एक नई शक्ति और उमंगके साथ बिना किसी उपयोगके ही अग्रसर होनेके लिये वाध्य था, और वास्तवमें, उसका उद्देश्य हमारे राष्ट्रको दुर्बल बनाना था। इसका कारण यह था कि लज्जाजनक सन्धिपर हस्ताक्षर होनेके पश्चात,किसीमें भी इतना साहस या बुद्धि-बल नहीं था कि वह इन अत्याचारी प्रयत्नोंको रोके, जो कि शत्रुओं द्वारा उपस्थित किये जा रहे थे। शत्रु प्रत्येक समय अधिक मांग उपस्थित करनेके लिये चतुर थे।

शस्त्रोंका परित्याग करनेकी आज्ञा, हमें राजनीतिक दृष्टिसे दुर्बल बनाते हुए, हमारी आर्थिक उन्नतिका धीरे-धीरे अपहरण कर, जेनरल डौसके विचारोंका समर्थन करनेवाली भावनाओंको उत्पन्न करनेमें सहायक हो रही थी।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



१९२२-२३ ई० के शीतकालमें यह बात भलीभांति समझ ली गई कि फ्रांस, शान्तिके परिणामके पश्चात भी, अपने मौलिक युद्ध-उद्देश्योंकी प्राप्तिके लिये शस्त्रोंको तैयार करनेमें लगा हुआ है। कोई भी इसपर विश्वास करनेको प्रस्तुत न होगा कि फ्रांसने अपने इतिहासके चार वर्षव्यापी भीषण युद्धके बीचमें अपनी जनताका पवित्र खून बहाया था और केवल इसलिये उस महान क्षतिकी पूर्त्ति के लिये वह प्रयत्न करनेमें तल्लीन था। स्वयं एलस्क लौरेन फ्रांसके युद्ध-नेताओंके विषयमें किसी भी तरहकी व्याख्या करनेमें असमथ हो सकता था, यदि वह फ्रांसके भावी राजनीतिक कार्य्यक्रमका एक भाग न होता। वह कार्य्यक्रम इस प्रकार था – जर्मनीको छोटे-छोटे राष्ट्रोंमें विभाजित किया जाय। यह वही चीज थी जिसके लिये फ्रांस युद्धमें प्रवृत्त हुआ था, और ऐसा करता हुआ वह अपनी जातिको अन्तरराष्ट्रीय यहूदियोंके धनके हाथों बेच रहा था।

निस्सन्देह १९१८ ई० के नवम्बर मासमें जर्मनीका विनाश हो गया। किन्तु, जबकि घरमें विपत्तिके बादल उमड़े आ रहे थे, उस समय भी शत्रु देशोंमें काफी सेना थी। उस समय फ्रांसका ध्यान यह न था कि जर्मनीको विभाजित किया जाय, किन्तु उसका विचार था कि किस तरहसे जर्मन-सेनाको फ्रांस और बेलजियमसे निकाल बाहर किया जाय। इसप्रकार पैरिसस्थित नेताओंका प्रथम कर्त्तव्य जर्मन-सेनाको शस्त्रविहीन और यदि सम्भव हो तो उसे जर्मनी वापिस लौटनेके लिये बाध्य करना था, जबतक कि उसकी पूर्त्ति न होती तबतक वे अपने मौलिक युद्ध उद्देश्यकी ओर यानः

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



नहीं दे सकते थे। इङ्गलैंडकी दृष्टिमें युद्ध उसी समय समाप्त हो चुका था जब कि जर्मनीकी औपनिवेशिक एवं व्यापारिक शक्ति नष्ट हो गई थी,और वह एक मध्यम श्रेणीका राष्ट्र बननेके लिये बाध्य हो चुका था। जर्मन-राष्ट्रका समूल नाश करनेमें उसका कोई भी स्वार्थ न था, वास्तवमें उसका यही विचार था कि भविष्यमें फ्रांसका सामना करने के लिये योरुपमें एक प्रतिद्वन्द्वी राष्ट्रकी आवश्यकता है। इस प्रकार युद्धकी नींवको परिपक्व करनेके पूर्व ही फ्रांसको सन्धिकी प्रतीक्षा करनी पड़ी, और पुनः क्लिमैनसिओकी इस घोषणाने कि उसके लिये सन्धिकी घोषणा युद्धकी क्रमानुगतता है, परिस्थितिको और भी महत्वपूर्ण बना दिया।

१९२२-२३ ई०के शीतकाल तक फ्रांसकी सभी आकांक्षाओंको समझ लिया गया।

दिसम्बर १९२२ ई० में जर्मनी और फ्रांसके बीचकी परिस्थिति पुनः भयोत्पादक प्रतीत हुई। फ्रांस अत्याचारके नवीन प्रयत्नों पर विचार कर रहा था, और अपने कार्य्यके लिए स्वीकृतिकी आवश्यकता समझता था। फ्रांसमें यह आशा की जाती थी कि रूरको अधिकृत कर,वह जर्मनीके मूल रत्नका नाश कर देगा और हमलोगों को एक ऐसी आर्थिक परिस्थितिमें डाल देगा जिसमें हम उसकी अधीनताको स्वीकार करनेके लिये बाध्य किये जायेंगे।

रूरके अधिकृत होनेके पश्चात, भाग्यने पुनः जर्मनीको अग्रसर होनेका एक सुअवसर प्रदान किया, क्योंकि जो कुछ एक समय भीषण दुर्भाग्य दृष्टिगोचर हुआ था, वही एक सूक्ष्म दृष्टिकोणसे

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



जर्मनीकी समस्त यन्त्रणाओंको दूर करनेकी प्रतिज्ञा कर रहा था।

सर्वप्रथम पूर्णतया एवं सत्यतःफ्रांसने इङ्गलैंडको आश्चर्यचकित कर दिया था-केवल उन्हीं ब्रिटिश राजनीतिज्ञोंको नहीं जिन्होंने फ्रेंच एकता-सन्धिके लिये चेष्टा की थी और सतर्क दृष्टियुक्त शान्त विचारोंसे उसका निर्माण एवं सम्मान किया था, किन्तु जातिकी महान श्रेणियोंकी भी यही दशा हुई थी। विशेषतः व्यापारिक संसारने महादेशमें फ्रांसकी उस अप्रतिहत वेगसे बढ़ती हुई शक्तिको अत्यन्त गम्भीरतापूर्वक देखा और समझा। रूरकी कोयलेकी खानोंपर फ्रांसके अधिकारने इङ्गलैंडको उन सभी सफलताओंसे वञ्चित कर दिया जिन्हें उसने युद्धमें प्राप्त किया था,और यह मार्शल फौक और फ्रांस दोनोंका ही प्रताप था कि जिसने विजय प्राप्त की, इसके लिये इङ्गलैंड की सतर्क और कुशल कूटनीतिको श्रेय नहीं दिया जा सकता।

यह सब समझते हुए इटली भी फ्रांसके विरुद्ध हो गया। निस्सन्देह, एक तरहसे युद्धके साथ ही साथ मित्रताका गठबन्धन भी टूट गया,और अब उसका रूप पूर्ण घृणाके विचारोंमें परिवर्तित होगया। वह समय आगया था जबकि एक दिनके मित्र दूसरे दिन ही शत्रु बन सकते थे। इसका कारण यह नहीं था कि जर्मनीमें कोई भी अनवर पाशा नहीं था,किन्तु जर्मनीके पास अभी भी फ्यूनो जैसा राजनीति का एक पण्डित था।

जो हो, १९२३ ई० के शरदकालमें जिसके पूर्व फ्रांसका रुरका अधिकार हमारी सेनाके पुनर्गठन पर प्रभाव नहीं डाल सकता था, जर्मन-जातिमें एक नया जोश भरा जा सकता था, उसकी शक्ति

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



बढ़ायी जा सकती थी,और एक जातिके धोखेबाजोंको उनकी करनी का समुचित दण्ड दिया जा सकता था।

जिस तरह कि १९१८ ई० का रक्तपात १९१४ एवं १५ ई० में मार्क्सवादके विषैले सांपको पैरोंतले कुचलनेकी उपेक्षाका प्रतिफल था उसी तरह १९२३ ई० का शरदकाल मार्क्सवादी धोखेबाजों और जातिके हत्यारोंका नाश करनेमें असफल होनेके परिणामस्वरूप दंड कालका रूप धारण कर रहा था। केवल मध्यश्रेणी ही इस अविश्वसनीय धारणापर पहुंची थी कि मार्क्सवाद पहलेकी अपेक्षा अब और अधिक सम्भव हो सकता था, और १९१८ ई० का पथ उस जातिके अधिकारोंकी रक्षाका साधन प्रतीत हुआ। इस बातकी आशा करना कि वे धोखेबाज जर्मनीके मुक्ति-संग्राम लड़ाके हो सकते थे, अविश्वासनीय मूर्खता थी। वे उस कार्यकी पूर्त्तिका स्वप्न नहीं देख रहे थे। एक मार्क्सवादी उसी तरहसे धोखेबाजी नहीं छोड़ सकता जिस तरह कि एक लकड़बग्घा सड़े हुए मांसको नहीं छोड़ सकता।

१९२३ ई० की परिस्थिति १९१८ ई० के वातावरणसे बहुत कुछ समानता रखती है। सबसे अधिक लाभदायक बात यह थी कि हमारी जातिके शरीरसे मार्क्सवादका विष दूर किया जाय और हमारी बाधा-शक्तिके स्वरूपका इसीके द्वारा निर्धारण हो सकता था। मुझे यह पूर्ण विश्वास हो गया था कि एक सच्ची राष्ट्रीय गवमेंन्टका प्रथम कर्त्तव्य ऐसी शक्तियोंका सञ्चय करना होगा जो कि मार्क्सवाद का विनाश करें, और साथ ही साथ हमारी तथाकथित गवर्मेन्टको

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



उन शक्तियोंको सभी प्रकारकी सुविधायें प्रदान करनी होंगी, यह उसका कर्त्तव्य नहीं होगा कि वह "व्यवस्था और शान्तिकी" दुहाई दे,जब कि विदेशी शत्रु पितृभूमि पर प्राणघातक नीति द्वारा आक्रमण कर रहे हों, और देशमें सर्वत्र ही धोखेबाजी और जुआचोरीका साम्राज्य छाया हुआ हो। नहीं, एक सच्ची राष्ट्रीय गवर्मेन्टको अशांति और अव्यवस्थाकी रक्षा करनी चाहिए थी, यदि परिणामकारी गोल-माल हमारी जातिके शत्रु मार्क्सवादियोंकी नींवको दृढ़ करनेका एक अन्तिम प्रयत्न था।

मै प्रायः ही तथाकथित राष्ट्रीयतावादी दलोंसे इस बातकी प्रार्थना कर चुका हूं कि वे हमारे आन्दोलनको मार्क्सवादसे टक्कर लेनेकी अनुमति प्रदान करें, किन्तु मैंने वहरोंको ही यह शिक्षा दी थी वे, सब यही सोचते थे कि वे अच्छे जानकार हैं, जबतक कि उन्हें समय समय पर विपत्तिका सामना करनेका अवसर नहीं प्राप्त हुआ। यही बात रक्षण सेनाके प्रधान नायकके विषयमें थी। मैं उस समय भली-भांति समझ गया कि जर्मन-मध्यश्रेणीके उद्देश्यका पतन हो गया है और अब वह कर्त्तव्य-क्षेत्रमें अग्रसर न हो सकेगी।

उस समय—मैं इसे निर्भीकतापूर्वक स्वीकार करता हूं—मेरे हृदयमें आल्प्स पर्वतके दक्षिणमें रहनेवाले एक महान पुरुषके प्रति श्रद्धा थी,जिसके जाति-प्रेमने उसे इटलीके घरेलू शत्रुओंसे सौदा करने से इन्कार कर दिया,और जिसने उनके विनाशके लिये प्रत्येक सम्भव उपायसे काम लिया। मुसोलिनीमें संसारके महान पुरुषोंकी भांति जो गुण है वह इटलीको मार्क्सवादसे नापाक रखनेकी दृढ़ इच्छा ही

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



है, और इसप्रकार जातिके शत्रुओंका विनाश करते हुए देशकी रक्षा करना है। उसकी तुलनामें हमारे पाखन्डी राजनीतिज्ञ कितने नीच प्रतीत होते हैं।

हमारी मध्यश्रेणी द्वारा अख्तियार किये हुये रूस और मार्क्स-वादके लिये निर्धारित पथने प्रारम्भमें ही रूसके भाग्यका निर्णय कर दिया था। अपने बीच वैसे शत्रुके रहते हुये भी फ्रांससे लड़ना महान मूर्खता थी।

१९२३ ई० में ही होनहारको समझना बहुत सरल था। इसबात पर विवाद करना कि उस समय फ्रांसके विरुद्ध सैनिक सफलता संभव थी या नहीं हमारी अनाधिकार चेष्टा थी। यदि रूरके विषयमें जर्मन-जातिके प्रयत्नका अर्थ मार्क्सवादका विनाश करना होता, तो निस्स-न्देह हम सफलता प्राप्त कर सकते थे। जर्मनी, अपने जीवन एवं भविष्यके शत्रुसे एक बार भी स्वतन्त्र हो जाता, तो एक ऐसी शक्ति की सृष्टि करता जिसका सामना विश्वकी कोई भी शक्ति नहीं कर पाती। जिस दिनसे जर्मनीमें मार्क्सवादका पतन हुआ है उसी दिन से सत्यका प्रचार बढ़ता ही जा रहा है।

अपने इतिहासमें कभी भी हम अपने शत्रुओं द्वारा नहीं जीते गये हैं, किन्तु हमारी पराजयका कारण-हमारा घरेलू शत्रु और हमारी भ्रष्टता ही रही है।

जो हो, आकांक्षाओंके एक महान अवसर पर,विधाताने जर्मनी को हर क्यूनो जैसा एक पुरुष दिया है,जिसका पथ-प्रदर्शन इसप्रकार है—"फ्रांस रूरपर अधिकार जमा रहा है,क्या जो कुछ वहां था वह है?

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



क्या फ्रांस रूरपर उसके कोयलेके लिये कब्जा जमा रहा है?" क्या जातिकी अपेक्षा हर क्यूनोको जो बात अधिक प्रत्यक्ष रूपमे प्रतीत हो सकती थी वह एक हड़ताल ही थी जोकि फ्रांसको कोयलेसे वंचित कर सकती थी,और इसप्रकार रूरपर पुनःहमारा अधिकार होसकता था, क्योंकि हमारा उद्योग लाभदायक नहीं प्रतीत हो रहा था ? यह उस"बाहरी""राष्ट्रीय""राजनीतिज्ञ"की विचारधारा थी ।

मार्क्सवादी चाहते थे कि हड़ताल हो,क्योंकि इसका पहला संबन्ध कार्यकर्त्ताओंसे ही है। इसलिये किसी कार्यकर्त्ताको अन्य सभी जर्मनोंके साथ एकताके पथपर लाना लाभदायक था। मार्क्सवादी इस विचारसे सहमत होगये;क्योंकि मार्क्सवादी नेता क्यूनोंके धनको चाहते थे और क्यूनो अपने एकता-पथके लिये उन्हें चाहता था।

उस दिन यदि हर क्यूनो, एक क्रीत आम हड़तालको प्रोत्साहित कर उसे अपने ऐक्य-संगठनका आधार बनानेके स्थानपर, प्रत्येक जर्मनसे दो घन्टा अधिक काम करनेकी मांग पेश करता तो उसके ऐक्य-संगठनका कार्यक्रम तीन दिनमें पूरा होसकता था।

यह तथाकथित निष्क्रय विरोध किसी भी तरहसे स्थायी नहीं हो सकता था। और कोई नहीं केवल एक मनुष्य ही जो कि युद्धके विषयमें कुछ भी नहीं जानता था इस बातकी कल्पना कर सकता था कि उस प्रकारके व्यर्थ उपायसे एक कर्मतत्पर सेनाका सञ्चालन हो सकता था।

रूरमें यदि वेस्ट फेलियन्सोंको इस बातका भरोसा होता कि एक सौ या अस्सी विभागवाली एक सेना उनका समर्थन करनेको प्रस्तुत

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



है, तो फ्रेञ्च लोगोंको मुंहकी खानी पड़ती। परन्तु उस समय भाग्य हमारे विपरीत था।

ज्योंही मार्क्सवादी ट्रेड यूनियनोंके सन्दूक क्यूनोके चन्देसे भरे, और यह निश्चत किया गया कि निष्क्रिय विरोधके स्थानपर प्रगतिशील आक्रमण-नीतिको स्वीकार किया जाय, उसी समय लाल लकड़बग्घा राष्ट्रीय भेड़ोंके बाड़ेको छोड़ पुनः उसी स्थानपर चला गया जहां पहले था। बिना किसी शिकायतके, हर क्यूनोने अपनी मनमानी करना आरम्भ किया और जर्मनी एक अनुभवसे धनी हो गया तथा एक महान आशाने उसे दरिद्र बना दिया।

किन्तु जब निकम्मा विनाश प्रारम्भ हुआ, और रुपयोंके त्याग पर उन हजारों जर्मन नवयुवकोंको, जो कि रीचके शासकोंकी बातों पर सहजमें ही विश्वास कर लेते थे, शर्त्तोंके अधीन होनेके लिये विवश किया गया, हमारे अभागे देशके प्रति होनेवाली उस धोखेबाजी के विरुद्ध घृणायुक्त क्रोधकी ज्वाला भभक उठी। लाखों लोगोंके हृदय में इस बातका प्रकाश छागया कि जर्मनीमें प्रचलित प्रणालियोंका क्रान्तिकारी उलटफेर ही मुक्ति-प्राप्तिमें सहायक हो सकता है।

इस पुस्तकमें मैं अपनी १९२४ ई० की शरदकालीन जांचके समयकी अपनी वक्तृताका अन्तिम वाक्य उद्धृत करता हूं:—

"यद्यपि इस राष्ट्रके निर्णायक हमारे कृत्योंकी निन्दा कर सुखी हो सकते हैं, तथापि इतिहास जो कि सत्य और नियमका ईश्वर है, इस प्रकारके न्यायपर दुःखभरी हंस हंसेगा, और इस बातकी घोषणा करेगा कि हम कलङ्कके भागी नहीं हैं और हमने सर्वदा ही अपने

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



कर्त्तव्यका पालन किया है। हमें अपने कार्य्योंपर पूर्ण विश्वास हैं।

मै यहां १९२३ ई० के नवम्बरकी घटनाओंका कोई भी वर्णन नहीं करूंगा; क्योंकि मेरे विचारसे इनसे भविष्यमें कोई भी लाभ नहीं होगा, और उन घावोंकेलिये रोनेकी कोई भी आवश्यकता नहीं है जिनपर झुर्रियां पड़ गई हैं, अथवा उन मनुष्योंके अपराधोंके विषयमें चर्चा छेड़नेकी कोई भी जरूरत नहीं है जो कि जाति और देशसे प्रेम रखते हुए भी दूसरोंके बहकावेमें आ भूल कर बैठे हैं।

—*—



Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

# नेशनल सोशलिष्ट जर्मन वर्कर्स पार्टीका कृषक और कृषिसम्बन्धी घोषणापत्र—

म्युनिक, मार्च ६, १९३०

१— जर्मनी के लिये कृषक श्रेणी और कृषिका महत्व ।

जर्मन जाति अपने भोजनका अधिकांश भाग विदेशी खाद्य पदार्थ आयात द्वारा प्राप्त करती है। विश्वव्यापी महायुद्धके पूर्व हमलोगोंने इन आयातोंके बदलेमें अपने व्यापारिक निर्यातोंके सहित, अपना व्यापार और विदेशोंमें जमा अपना धन देनेका प्रबन्ध किया था। किन्तु युद्धके परिणामने इस सम्भवताका अन्त कर दिया।

आजकल अपने आयात द्वारा प्राप्त भोजनके लिये हमलोग अधिकांशतः विदेशी ऋणोंकी सहायता ले रहे हैं, जिससे जर्मन-जाति के सिरपर अन्तरराष्ट्रीय धनी महाजनोंके कर्ज़का बोझ लदता ही जा रहा है। यदि वातावरण ऐसा ही रहा जैसा कि है, जर्मन-जाति उत्तरोत्तर विनाश पथकी ओर अग्रसर होती जायेगी।

इस गुलामीसे जर्मनीका तभी उद्धार हो सकता है जब कि वह अपने देशमे लाभदायक खाद्य-पदार्थोंको उत्पन्न करे। इसलिये जर्मन कृषि द्वारा अधिक उत्पत्ति पर ही जर्मन-जातिके जीवन और मरण का प्रश्न निर्भर है।

इतना ही नहीं, एक देशकी आबादी,जो कि अर्थतः दृढ़ हो और पूर्णतः उत्पत्तिकारक हो,हमारे उद्योगधन्धेके लिये लाभदायक है, जो कि भविष्यमें हमारे घरेलू बाजारोंकी उन्नतिका साधन बनता जायगा।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



हम देशकी आबादीको स्वास्थ्यके पैतृक धनका वाहक मानते हैं, जो कि जातिकी युवावस्थाका एक उपाय है,और हमारी अस्त्र-शक्ति के लिये एक बहुत बड़ा सहारा है।

एक बुद्धिमान कृषक श्रेणीका निर्माण, जिसकी संख्याकी वृद्धि साधारण जनताकी भांति ही होती रहे,नेशनल सोशलिष्ट मञ्चके लिये एक लाभदायक विषय है, क्योंकि हमारा आन्दोलन आगामी पीढ़ीकी जनताका हितचिन्तक है।

२—वर्त्तमान राष्ट्रकी कृषक श्रेणी और कृषिके प्रति उपेक्षा।

कृषिसम्बन्धी उपजमें जो कि स्वयं ही वृद्धिकारक है बाधायें पड़ रही है, क्योंकि बढ़ता हुआ ऋण कृपकोंको कृपिकी आवश्यक वस्तुओंको खरीदनेसे रोकता है, और पुनः लोगोंके हृदयकी यह धारणा कि कृषिसे कुछ भी लाभ नहीं है उपजकी वृद्धिमें बाधक सिद्ध होतीहै।

श्रमके बदलेमें हमें कृषिमें असफलता क्यों मिलती है इसके निम्न लिखित कारण हैं:—

(१) वर्त्तमान करसम्बन्धी नीति कृपिके ऊपर अकारण बोझ डालती है। यह दलके विचारोंका परिणाम है, और क्योंकि यहूदियों का विश्वव्यापी धनका बाजार—जो कि वास्तवमें जर्मनीके पार्लियामेन्टरी प्रजातन्त्रवाद पर शासन करता है,जर्मन-कृषिको नष्ट करनेकी इच्छा रखता है, क्योंकि जर्मन-जाति,और विशेषतः श्रमिक श्रेणीको इसकी दयापर निर्भर रहना पड़ता है।

(२) विदेशी कृषकोंको प्रतियोगितामें,जिन्हें हमसे अधिक सुविधायें प्राप्त हैं, हम नहीं ठहर सकते, क्योंकि उनपर हमारी भांति

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



किसी भी प्रकारका प्रतिबन्ध नहीं लगा हुआ है। उन्हें नानाप्रकारकी सुविधायें प्राप्त हैं।

(३) मध्यस्थ मनुष्य, जो कि उत्पादक और खरीददारके बीच अपना विश्वास जमाता है,बेतरह लाभ उठानेकी चेष्टा करता है।

(४) अत्याचारी करोंके अतिरिक्त कृषकको बिजलीका कर भी देना पड़ता है और इसके अतिरिक्त उसपर अन्य कई प्रकारके बोझ लादे जाते हैं जिनका सम्बन्ध यहूदियोंसे है।

भूमिपर श्रम करनेवाले कृषक इस तरहके अकथित करोंको बर्दाश्त नहीं कर सकते। कृषकोंको कर्ज लेनेके लिये बाध्य कियाजाताहै और उस कर्जके बदलेमें उन्हें करारा व्याज देना पड़ता है। धीरे-धीरे वे इस अत्याचारके अथाह सागरमें डूबते जाते हैं, और अन्तमें यहूदी महाजन उनका सर्वस्व छीन लेते हैं।

इस प्रकार जर्मन कृषक श्रेणी बेतरह सताई जा रही है।

### ३—रीचमें, जैसा कि हम आशा करते हैं भूमिके अधिकारोंका सम्मान किया जायेगा और जर्मनीके लिये एक कृषिसम्बन्धी नीतिका निर्धारण होगा

देशकी जनताका हित या कृषिकी पुनरावृत्ति तबतक नहीं हो सकती जबतक कि अन्तरराष्ट्रीय धनिक,प्रजातन्त्रवादी पार्लियामेंटरी प्रणालीसे गवर्मेन्टका शासन करते हैं, क्योंकि इनकी एकमात्र इच्छा जर्मनीकी शक्तिका विनाश करना है,जो कि भूमिपर स्थित है।

नवीन और सर्वथा भिन्न जर्मन राष्ट्रमें,जिसे हम चाहते हैं,कृषक और कृषिकी समस्या पर भलीभांति विचार किया जायगा क्योंकि

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



ये ही एक सच्चे राष्ट्रीय जर्मन राष्ट्रके सहायक और समर्थक हैं।

( १ ) जर्मनोकी भूमि, जिसकी रक्षा और प्राप्ति जर्मन-जाति द्वारा हुई है, जर्मन-जातिकी सेवामें लगाई जायेगी, जिससे कि रहन-सहन और जीविकाका सहारा बना रहे।

( २ ) जर्मन-जातिके सदस्य ही भूमिके अधिकारी हो सकते हैं।

( ३ ) जो भूमि नियमतः उनके द्वारा प्राप्त की जायेगी वही पैतृक सम्पत्ति मानी जायेगी। जो हो, भूमिके अधिकारके साथ ही साथ इस बातका ध्यान रखना होगा कि राष्ट्रीय स्वार्थोंकी पूर्त्तिके लियेही उसका उपयोग किया जाय। इस बातका ध्यान रखनेके लिये एक विशेष न्यायालयकी स्थापना की जायेगी, उस न्यायालयमें भूमि-अधिकारी श्रेणीके सभी विभागोंके प्रतिनिधि और साथ ही साथ राष्ट्रका एक प्रतिनिधि रहेगा।

( ४ ) जर्मन-भूमि धनके सट्टेका साधन नहीं बन सकती, और न यह अपने मालिकको श्रम बिना लाभ उठानेका अवसरही देसकती है। इसे वही प्राप्त कर सकता है जो कि इसे स्वयं ही जोतनेको प्रस्तुत हो। इसलिये राष्ट्रको यह अधिकार है कि वह विक्रयके लिये प्रस्तुत किसो भूमिको दूसरोंके पूर्व ही खरीद ले।

महाजनोंके पास भूमिको बन्धक रखनेकी सख्त मनाही है। कृष-कोंको खेती-बारीके लिये आवश्यक ऋण राष्ट्र द्वारा स्वीकृत संस्थाओं अथवा स्वयं राष्ट्र द्वारा ही दिया जायेगा।

( ५ ) भूमिके गुण और सीमाके अनुसार उसके उपयोगके लिये राष्ट्रको लगानके रूपमें कुछ कर देना होगा। इस कर के अतिरिक्त

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



गरीब कृषकों पर और किसी भी तरहका असह्य बोझ नहीं डाला जायगा।

( ६ ) कृषिकेलिये किसीभी प्रकारका कठोर वा दुःखदायी नियम नहीं बनाया जायेगा। अपनी आज़ादी नीतिके दृष्टिकोणसे हमें छोटे और मध्य आकारके खेतोंकी एक बड़ी संख्यामें आवश्यकता है। वृहत्त रूपमें कृषि कार्य्य करना बहुतही लाभदायक है,और यदि छोटे-छोटे व्यापारोंसे इसका सम्बन्ध रहता है तो इससे राष्ट्रको और अधिक लाभ होता है।

( ७ ) उत्तराधिकार सम्बन्धी एक ऐसा नियम बनाया जायेगा जिसके द्वारा सम्पत्ति-विभाजन और उसपर ऋणका संचय रोका जा सके।

( ८ ) निम्नलिखित दशाओंमें राष्ट्रको अधिकार होगा कि वह भूमिको सुविधानुसार अपने कब्जेमें कर ले:—

( अ ) जबकि जातिके किसी सदस्यका उसपर अधिकार न हो;

( आ ) जबकि भूमि-न्यायालयसे इस बातका निर्णय हो जाये कि उसका मालिक, कृषिका दुरुपयोग कर, राष्ट्रीय स्वार्थोंको क्षति पहुंचा रहा है;

( इ ) भूमिपर स्वतन्त्र कृषकोंको नियुक्त करनेके समय, जबकि मालिक स्वयं उसे न जोत रहा हो;

( ई ) जबकि राष्ट्रीय स्वार्थके लिये राष्ट्रको किसी विशेष उद्देश्य के लिये उसकी आवश्यकता पड़े।

अनियमतः प्राप्त भूमि (जमेन नियमानुसार) बिना किसी क्षति-

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



पूर्त्तिके ही जब्त की जा सकती है। गवर्मेन्टको अधिकार होगा कि वह अपना दखल जमा ले।

( ६ ) राष्ट्रका यह कर्त्तव्य है कि वह प्राप्य भूमिको, उच्च आधारों पर स्थित आबादी-नीतिकी योजनानुसार बसानेका प्रयत्न करे। निवासियोंको भूमिपर ऐसी शर्तोंके अनुसार पैतृक अधिकार प्रदान किया जायेगा जिससे वे अपनी जीविकाको सरलतापूर्वक अर्जन कर सकें। उद्योगधन्धे एवं नागरिक योग्यताकी परीक्षाके पश्चातही निवासियोंका चुनाव होगा। कृषकोंके लड़कोंको जिन्हें उत्तराधिकारी होनेका अधिकार नहीं प्राप्त है विशेष सुविधा प्रदान की जायगी।

पूर्वीय सीमाओंको आबाद करना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। ऐसी दशामें केवल खेतोंकी स्थापना ही यथेष्ट न होगी, किन्तु यह आवश्यक होगा कि ऐसे नगरोंकी स्थापना की जाय जहां बाजार हों जिससे कि इस सम्बन्धमे उपयोगकी एक नई शाखाका उद्घाटन किया जासके। छोटे खेतोंको लाभ पहुंचानेका यही एकमात्र तरीका है और इसीसे छोटे-छोटे खेत खोले जा सकते हैं।

जर्मनोकी परराष्ट्र नीतिका यह कर्त्तव्य है कि वह जर्मनीकी बढ़ती हुई आबादीको मद्देनजर रखते हुए उसके पालन-पोषण और रहनेके लिये वृहदाकार भूमि-खण्डोंको प्राप्त करनेका प्रयत्न करे।

४—कृषकश्रेणीकी आर्थिक एव शिक्षासम्बन्धी दृष्टि, दोनोंसे ही उन्नति करनी पड़ेगी।

( १ ) भूमिकी आबादीको करोंकी माफी तथा अन्य आवश्यक प्रयत्नों द्वारा शीघ्र ही वर्त्तमान दरिद्रतासे मुक्त करना होगा। बढ़ते हुए

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



ऋणको व्याज दरमें कमी कर रोकना ही होगा,जोकि गत महायुद्धमें कानूनन लोगोंपर लादा गया था, अर्थात दूसरे शब्दोंमें, यह हमारी गवर्मेन्टके अत्याचारका एक रूप था।

( २ ) हमारे राष्ट्रकी यह नीति होगी कि वह इस बातका ध्यान रक्खे कि कृपि द्वारा कृषक लाभ उठा सकें। चुंगी, निर्यातोंके राष्ट्र नियम एवं राष्ट्रीय शिक्षाकी योजना द्वारा जर्मन कृषिकी रक्षा करनी होगी।

कृषिसम्बन्धी उपजके मूल्यको बाजारके सट्टोंसे स्वतन्त्र रखना होगा और ऐसा प्रबन्ध करना होगा कि मध्यस्थ लोग खरीददारों और उत्पादकोंके बीचमें पड़ किसी प्रकारका लाभ न उठा सकें,और राष्ट्र उस व्यापारको कृपि-संस्थाओंके रूपमें परिवर्त्तित करनेके लिये प्रोत्साहित करेगा।

ऐसी व्यापारिक संस्थाओंका कर्त्तव्य होगा कि वे कृषकोंके वर्त्तमान खर्चोंमें कमी करें और उपजकी वृद्धि करनेमें प्रयत्नशील हों। सुविधाजनक शर्त्तों पर यन्त्रों या औजारों,बीज,खाद,शिक्षा इत्यादिका प्रबन्ध, टिड्डी दलोंके विरुद्ध संग्राम, स्वतन्त्र सलाह, निदानसम्बन्धी अनुसन्धान इत्यादिही कृषिकी उत्पत्तिमें सहायक हो सकते हैं। राष्ट्र ऐसी कर्त्तव्यशील प्रत्येक संस्थाको अपनी सहायता प्रदान करेगा और विशेषतः राष्ट्र कृषकोंके खाद एवं बिजलीके खर्चों में कमी करने पर ध्यान देगा।

सङ्गठनोंको शर्त्तनामों द्वारा कृपि-श्रमिकोंकी एक श्रेणीकी स्थापना भी करनी होगी, जो कि कृषक-समाजके सदस्य माने जायेंगे,

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



और सामाजिक दृष्टिमें इसे उचित समझा जायेगा। इन विषयोंपर ध्यान रखना और इनपर उचित निर्णय देना राष्ट्रका एक कर्त्तव्य होगा। इस बातको सम्भव बना दिया जायगा कि अच्छे श्रमिक भूमिके अधिकारी भी होसकें। खेतीकी दशामें जितनी अधिक उन्नति होगी श्रमिकोंको भी उतना ही उन्नत बनानेकी चेष्टा की जायेगी। जब ऐसा हो जायेगा, तब विदेशी श्रमिकको नियुक्त करनेकी आवश्यकता नहीं पड़ेगी,और भविष्यमें यह प्रणाली सदाके लिये ही उठा द ।

( ३ ) कृषकश्रेणीका राष्ट्रीय महत्व इस बातकी आवश्यकता समझता है कि राष्ट्र कृषिमें कार्यकुशल शिक्षाको उपस्थित करे। प्रारम्भिक शिक्षण संस्थायें, कृषिके लिये उच्च विद्यालय, जो कि युवकोंको कृषिकी शिक्षा प्राप्त करनेकी सुविधा प्रदान करें, कृषिकी दशाको उन्नत बना सकते हैं।

५—व्यापारिक संगठन कृषकश्रेणीकी सभी आवश्यकताओंकी पूर्त्ति नहीं कर सकते, नेशनल सोशलिष्ट जर्मन वर्कर्स पार्टीका राजनीतिक आन्दोलन ही ऐसा करनेमें समर्थ हो सकता है।

गावोंकी आबादी बहुत ही गरीब है, क्योंकि समस्त जर्मन-जाति ही गरीब है। इस बातकी कल्पना करना कि एक श्रेणी ही समस्त जातिके भाग्यकी हिस्सेदार है,हमारी महान भूल है, और नगरवासी एवं ग्राम्यवासियोंमें परस्पर विद्वेष फैलाना हमारा महान अपराध है, क्योंकि दोनोंका दुःख-सुख एक ही है।

वर्त्तमान राजनीतिक प्रणालीके अन्तर्गत आर्थिक सहायता स्थाय

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



उन्नतिको उपस्थित नहीं कर सकती, क्योंकि हमारी राजनीतिक गुलामीका कारण हमारी जनताकी दरिद्रता ही हैं,और यह निश्चित है कि राजनीतिक उपाय ही इसे दूर कर सकते हैं।

प्राचीन राजनीतिक दल, जो कि राष्ट्रीय गुलामीके लिये उत्तरदायी थे और हैं, हमारे स्वतन्त्रता-पथके प्रदर्शक नहीं बन सकते।

हमारे भावीराष्ट्रमें ऐसे अनेकों महत्वपूर्ण आर्थिक कर्त्तव्य है जो कि व्यापारिक संगठनोंकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, अभी भी उस ढङ्गसे ये एक संगठनकारी कार्य्य कर सकते हैं; किन्तु मुक्तिके राजनीतिक संग्रामके लिये, जिसका उद्देश्य एक नयी आर्थिक व्यवस्थाकी नींव डालना है, इन्हें समयानुकूल और योग्य नहीं माना जासकता,क्योंकि इस संग्रामका लक्ष्य किसी एक विशेष धन्धेके लिये लड़ना नहीं है, किन्तु जातिके समस्त हितोंकी रक्षा करना है।

नेशनल सोशलिष्ट जर्मन वर्क्स पार्टीका आन्दोलन ही मुक्तिके इस राजनीतिक संग्राममें सफलता प्राप्त करेगा।

(हस्ताक्षर) एडलफ हिटलर

## हमारी २५ मांगें

नेशनल सोशलिष्ट जर्मन वर्क्स पार्टीने २५वीं फरवरी १९२०ई० को म्युनिकस्थित हौफ़हौसफेस्टसलके सभा-भवनमें एक विराट भीड़के सामने संसारको अपना यह कार्य्यक्रम सुनाया था।

हमारे दलके विधानकी दूसरी धारामें यह बात स्पष्ट कर दी गयी है कि यह घोषित कार्य्यक्रम अपरिवर्त्तनीय है।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



## कार्य्यक्रम

नेताओंकी कोई भी इच्छा नहीं है कि वे एकबारके घोषित उद्देश्योंके स्थानपर नये उद्देश्योंको रक्खें, जिससे केवल जनताके ऊपरी असन्तोषको बढ़ाया जा सके, और इस प्रकार दलके अस्तित्वको दृढ़ बनाया जाय।'

(१) जातियों द्वारा उपभुक्त आत्म-निरूपणके अधिकारके आधार पर एक महान जर्मनीके गठनके लिये हम समस्त जर्मनोंके बीच एकताकी मांग उपस्थित करते हैं।

(२) दूसरी जातियोंके साथ व्यवहार करनेके विषयमें हम जर्मन जनताकी समानताका अधिकार, और वर्सिलीज एवं सेण्ट जर्मेनकी शान्ति सन्धियोंको मटियामेट करना चाहते हैं।

(३) हम अपनी जनताके पालन-पोषण और अपनी बढ़ती हुई आबादीके लिये भूमि और उपनिवेशोंकी परमावश्यकता समझते हैं।

(४) जातिके सदस्य ही राष्ट्रके नागरिक होसकते हैं। जर्मन खूनवाले ही, चाहे वे किसी भी श्रेणीके क्यों न हों,जातिके सदस्य हो सकते है। अतएव कोई भी यहूदी जातिका सदस्य नहीं होसकता।

(५) कोई भी जो कि राष्ट्रका नगरिक नहीं है जर्मनीमें अतिथि के रूपमें ही रह सकता है और उसे विदेशी कानूनोंको मानना ही पड़ेगा।

(६) राष्ट्रकी गवर्मेन्ट और असेम्बलीके लिये मत देनेका अधिकार केवल राष्ट्रके नागरिकोंको ही प्राप्त होसकता है। इसलिये हमलोग यह मांग पेश करते हैं कि सभी सरकारी पदोंपर, चाहे रीचमें, चाहे

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



गांवमें, या छोटी बस्तियोंमें ही क्यों न हो,केवल राष्ट्रके नागरिकोंको ही नियुक्त किया जाय।

हमलोग पार्लियामेंटकी दलबन्दीयुक्त पद-नियुक्तियोंकी भूलभरी प्रणालीका तीव्र विरोध करते हैं,क्योंकि उसमें योग्यता और चरित्रका बिल्कुल ही ध्यान नहीं रक्खा जाता।

(७) हम चाहते हैं कि राष्ट्र अपने नागरिकोंके उद्योग एवं जीविकाकी उन्नति करनेके विचारको अपना प्रथम कर्त्तव्य माने। यदि राष्ट्रकी समस्त जनताका पालन-पोषण करना सम्भव नहीं है, विदेशी राष्ट्रीयतावादियोंको(एक राष्ट्रके अनागरिक) रीचसे निकाल देना होगा।

(८) सभी गैर-जर्मन प्रवासको रोकना पड़ेगा। हम यह चाहते हैं कि सभी अनार्य्य, जिन्होंने २ सरी अगस्त,१९१४ई० से जर्मनीमें प्रवेश किया है,रीचसे बाहर निकलनेके लिये बाध्य किये जांय।

(९) राष्ट्रके सभी नागरिकोंको कर्त्तव्य और अधिकार संबन्धी सभी प्रकारकी समानता प्रदान की जाय।

(१०) प्रत्येक नागरिकका यह कर्त्तव्य होगा कि वह अपने शरीर या अपनी बुद्धिसे काम करे। किसी व्यक्तिकी कार्य्यतत्परता समस्त जातिके स्वार्थों पर आघात न करे, किन्तु जातिके साधारण हितोंका ध्यान रखते हुए जाति द्वारा निर्धारित सीमाके अन्तर्गत ही रहे।

इसलिये हमलोग कहते हैं कि:—

(११) कार्य्य द्वारा अनर्जित अनुचित आयोंका नाश किया जाय।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



( १२ ) युद्धमें आकांक्षित जातिके जीवन एवं सम्पत्तिके अनुपम त्यागके दृष्टिकोणमें,युद्धके कारण व्यक्तिगत धनार्जनता जातिके विरुद्ध एक अपराधके रूपमें मानी जायेगी। इसलिये हमलोग चाहते हैं कि युद्धकालीन अर्जित सभी सम्पत्तियोंको जब्त कर लिया जाय।

( १३ ) हमलोग कम्पनीके ( ट्रस्ट ) रूपमें उपस्थित सभी व्यापारोंका राष्ट्रीकरण चाहते हैं।

( १४ ) हम चाहते हैं कि थोक व्यापारमें अधिक लाभ न उठाया जाय।

( १५ ) हमलोग चाहते हैं कि वृद्धावस्थामें सहायता पहुंचानेके लिये आवश्यक प्रवन्ध किया जाय।

( १६ ) हमलोग एक स्वस्थ मध्यश्रेणीकी सृष्टि और निर्माण, थोक व्यापारके स्थानोंका जातिकरण, और छोटे व्यापारियोंको सस्ते दरमें उनको ठेकेपर देनेका प्रवन्ध करना चाहते हैं, हमारा विचार है यह सुविधा राष्ट्रके छोटेसे छोटे और बड़ेसे बड़े नागरिकको समान रूपमें प्रदान की जाय।

( १७ ) हमलोग अपनी राष्ट्रीय आवश्यकतानुसार भूमिका सुधार चाहते हैं, जातीय स्वार्थोंके लिये भूमिको विना किसी क्षतिपूर्त्तिके ही जब्त कर लेनेके वास्ते कानून बनाना आवश्यक समझते हैं, भूमि ऋणों पर व्याजको हटाना चाहते हैं, और भूमिके नामपर होनेवाले सभी प्रकारके सट्टोंको दूर करना चाहते हैं।

( १८ ) हम उन पर अभियोग लगाना चाहते हैं जिनके कार्य्य सर्वसाधारणके हितके लिये घातक हैं। जातिके विरुद्ध रहनेवाले कमीने

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



अपराधियों, सूदखोरों, अनुचित लाभ उठानेवालों इत्यादिके लिये मृत्युदण्ड ही उचित होगा, चाहे वे किसी भी श्रेणी या वंशके क्यों न हों।

( १९ ) हम चाहते हैं कि रोमन कानून, जो कि संसारकी भौतिक व्यवस्थाको ठीक रखता है,समस्त जर्मनीके लिये एक नियमित प्रणाली द्वारा नियुक्त किया जाय।

( २० ) प्रत्येक योग्य एवं उद्योगशील जर्मनको उच्च शिक्षाकी सम्भवता प्रदान करते हुए और इस प्रकार उन्नति प्राप्त कर, राष्ट्रको हमारी राष्ट्रीय शिक्षा प्रणालीका पुनर्गठन करना होगा। सभी शिक्षण संस्थापनाओंके पाठ्यक्रमको व्यवहारिक जीवनकी आवश्यकताओंके अनुसार ही बनाना होगा। राष्ट्र विचार [ राष्ट्र समाजवाद ] का ज्ञान कराना ही विद्यालयोंका उद्देश्य होगा,और प्रारम्भसे ही छात्रकी बुद्धि में इसे स्थान दिलानेकी चेष्टा करनी होगी। हम चाहते हैं कि गरीब माता-पिताके अनमोल बच्चोंकी उन्नतिके लिये, चाहे वे किसी भी श्रेणीके क्यों न हों, राष्ट्र स्वयं ही ध्यान दे।

( २१ ) बच्चोंके श्रमको दूर कर,नियमबद्ध अनिवार्य जिमनाष्टिक और खेल-कूदकी वृद्धि कर और नवयुवकोंकी शारीरिक उन्नतिमें व्यस्त संस्थाओंसे सहयोग रख, राष्ट्रको माताओं और शिशुओंकी रक्षा करते हुए,स्वास्थ्यके माध्यमको उन्नतिशील बनाना होगा।

( २२ ) हमलोग तनख्वाहपर नियुक्त सेनाका पृथकीकरण और राष्ट्रीय सेनाका गठन चाहते हैं।

[ २३ ] हमलोग जागृत राजनीतिक मिथ्या और प्रेसों द्वारा

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



उसके प्रचारके विरुद्ध नियमानुकूल संग्राम करना चाहते हैं। एक जर्मन नेशनल प्रेसके निर्माणार्थ सुविधाके लिये हमलोग चाहते हैं कि—

[ अ ] समाचार पत्रोंके सभी जर्मन भाषाभाषी सम्पादक और उनके सहकारी जातिके सदस्य हों;

[ आ ] गैर-जर्मन समाचारपत्रोंके लिये राष्ट्रसे विशेष आज्ञा प्राप्त कर लेना आवश्यक होगा। यह आवश्यकता नहीं है कि उनका मुद्रण जर्मन भाषामें ही हो।

[ इ ] गैर-जर्मनोंको समाचारपत्रोंमे आर्थिक सम्पर्क वा अन्य किसी भी तरहका प्रभाव नहीं रखने दिया जायेगा, और यदि इस नियमकी अवज्ञा की जायेगी तो उस समाचारपत्रका प्रकाशन बन्द कर दिया जायेगा और उस गैर-जर्मनको देशसे निर्वासित कर दिया जायेगा जो उससे सम्बन्धित है।

ऐसे कोई भी समाचारपत्र नहीं प्रकाशित होसकेंगे जो राष्ट्रीयता की शुभकामना न करें। हम नियमतः ऐसी सभी प्रवृत्तियोंपर कड़ा नियन्त्रण रखना चाहते हैं जो कि कला एवं साहित्यके अन्तर्गत हमारे जातीय जीवनमें बाधक सिद्ध होती हैं और ऐसी संस्थाओंपर प्रतिबन्ध लगाना चाहते हैं जो उक्तकथित मांगोंके विरुद्ध लड़ती हैं।

[ २४ ] हम राष्ट्रमे सभी धार्मिक श्रेणियोंकी स्वतन्त्रता चाहते हैं, जहांतक कि वे राष्ट्रके लिये खतरनाक और जर्मन-वंशके नैतिक विचारोंके विरुद्ध संग्राम करनेवाली नहीं हों।

जहांतक हमारे दलका सम्बन्ध है, यह पूर्णतः क्रिश्चियन धर्मपर निर्भर है, किन्तु अपने आपको विशेष मतयुक्त किसी श्रेणीके

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in



साथ सम्बन्धित रखनेको बाध्य नहीं है। यह हमारे बीच और हमारे बाहर उपस्थित यहूदी भौतिकवादी प्रवृत्तिसे संघर्ष करता है,और इस बातपर विश्वास करता है कि हमारी जाति—"सर्वसाधारणका स्वार्थ उसके सामने ही है"—इसी सिद्धान्त द्वारा स्थायी स्वास्थ्य प्राप्त कर सकती है।

[ २५ ] जो कुछ भी होरहा है उसका अर्थ यही है कि हम राष्ट्र की एक दृढ़ केन्द्रीय शक्तिका निर्माण करना चाहते हैं। समस्त रीच और उसके संगठन पर राजनीतिक दृष्टिसे केन्द्रित पार्लियामेंटका असंशयात्मक अधिकार चाहते हैं, और संघस्थित विभिन्न राष्ट्रोंमें रीचके साधारण नियमोंको प्रचलित रखनेके लिये श्रेणियों और उद्योगधन्धोंके चेम्बरोंका गठन चाहते हैं।

दलके नेता अग्रसर होनेके लिये कसम खाते है कि—चाहे उनके जीवन-त्यागकी आवश्यकता ही क्यों न पड़ जाय—वे उक्तकथित उद्देश्योंकी पूर्त्तिके लिये तन-मन-धनसे चेष्टा करेंगे।

॥ * समाप्त * ॥

मुद्रक—दयाराम बेरी श्रीकृष्ण प्रेस १, नारायण बबू लेन कलकत्ता।

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in

Download Great Books @ www.hindisahityadarpan.in

यह पुस्तक आपके लिए प्रस्तुत की है - http://preetamch.blogspot.com

की टीम ने | अन्य हिंदी पुस्तकों तथा हिंदी से सम्बंधित सामग्री की लिए विजिट करना न भूलें

http://preetamch.blogspot.com

हिंदी की एकमात्र वेबसाइट जिस पर हर तरह की पुस्तकें हिंदी भाषा में उपलब्ध हैं ऑनलाइन पढ़ने तथा डायरेक्ट डाउनलोड करने के लिए |

साथ ही एक वेबसाइट जो आपको देती है आपकी पसंद की कोई भी पुस्तक को हिंदी में पाने का मौका

http://preetamch.blogspot.com

Read Inspirational Hindi Stories,Self-Development Articles,Best Quotations,Chankaya Neeti,Vidur Neeti, Bhartrihari Neeti Shatak,Inspirational Poems and much more @ www.hindisahityadarpan.in